
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 28
फरीदाबाद, बुधवार, 03 मार्च, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



एक्सरसाइज से ब्रेक भी है फायदेमंद
पेज- 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 50,296 | ▲ 447 |
| निफ्टी | 14,919 | ▲ 157 |
| सोना | 45,155 | ▼ 153 /10 gm |
| चांदी | 67,427 | ▼ 1373/kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 30.08°C
न्यूनतम 16.07°C

## क्विक न्यूज

### महंगाई मुद्दे पर कांग्रेस का उत्तराखंड विस से बहिर्गमन

**गैरसैंण।** विधानसभा में मंगलवार को कांग्रेस ने पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस समेत जरूरी चीजों की बढ़ती कीमतों के कारण हो रही महंगाई के मुद्दे पर राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर दिया। बजट सत्र के दूसरे दिन महंगाई का मुद्दा उठाते हुए राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष इंदिरा हृदयेश ने कहा, पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के साथ अन्य जरूरी वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों के कारण इससे गरीब आदमी का चूल्हा भी जलना मुश्किल हो गया है।

### अमेजन ने तांडव सीरिज को लेकर बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** अमेजन प्राइम वीडियो ने अपने शो तांडव के लिए मंगलवार को बिना शर्त माफी मांग ली और कहा कि दर्शकों द्वारा आपत्तिजनक पाए गए दृश्यों को उसने पहले ही हटा दिया है। सैफ अली खान और मोहम्मद जीशान अय्यूब अभिनीत इस सीरीज के विभिन्न दृश्यों को लेकर खासा विवाद पैदा हो गया था और यह आरोप लगा कि इस शो से धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। इस संबंध में कई प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई हैं।

### 50 लाख लोगों ने को-विन पोर्टल पर पंजीकरण कराया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बताया कि कोविड-19 टीकाकरण के तीसरे चरण के लिए को-विन पोर्टल पर सोमवार सुबह से अब तक 50 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया, जबकि टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में 2.08 लाख से अधिक लोगों को टीके की पहली खुराक दी गई है। देश में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों और 45 से 60 साल उम्र के उन लोगों का टीकाकरण एक मार्च से शुरू हुआ, जो गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हैं।

### आग की घटना की जांच के लिए समिति गठित

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने गुजरात के भरूच जिले में कृषि-रसायन कंपनी यूपीएल के झगडिया संयंत्र में आग की घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई है। समिति को एक महीने के भीतर ई-मेल से रिपोर्ट अधिकरण को सौंपनी है। घटना में दो श्रमिकों की मौत हो गई थी।

### सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह का फेसबुक पेज हैक

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मंगलवार को कहा कि हाल ही में उनका फेसबुक पेज हैक कर लिया गया था, लेकिन कुछ घंटों के भीतर ही उसे ठीक कर लिया गया। तमांग के आधिकारिक फेसबुक पेज से अज्ञात व्यक्तियों ने कुछ पोस्ट लिखे थे।

आज का राशिफल 03 मार्च
>> पढ़े पेज-10

### गुजरात पालिका-पंचायत चुनाव, करारी हार के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

# ईवीएम में गड़बड़ी के चलते हुई हार, दिया इस्तीफा

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुजरात** में स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस हार के लिए ईवीएम में गड़बड़ी को जिम्मेदार ठहराया है। कांग्रेस विधायक दल के नेता परेश धनानी ने भी इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस आलाकमान ने दोनों का इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। मार्च के अंत तक इनकी जगह नए चेहरे दिखाई दे सकते हैं, तब तक प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी हार्दिक पटेल को दिए जाने की चर्चा चलती रही।

गुजरात पालिका-पंचायत चुनाव 2021 में भाजपा को भारी जन समर्थन मिला है। अभी तक आए नतीजों में भाजपा 8474 सीटों में से 5601 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और 312 पर आगे चल रही है। इन चुनावों में सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, जिसके खाते में 1574 सीटें आई हैं और 139 पर आगे चल रही है।



**भाजपा को मिला भारी जन समर्थन**

#### आप की भी एंट्री

सूरत म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन के चुनाव में 27 सीटें जीतकर गुजरात में एंट्री करने वाली आम आदमी पार्टी ने अब जिला पंचायत, तालुका और नगरपालिका में भी एंट्री कर ली है। सौराष्ट्र, सूरत और साबरकांठा में पार्टी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला पंचायत की 6, तहसील पंचायत की 18, नगरपालिका की 22 सीटें यानी कुल 46 सीटें जीत ली हैं। पिछले चुनावों की तुलना में इस बार भाजपा भारी जीत की ओर बढ़ रही है। भाजपा पाटीदारों के गढ़ उत्तर गुजरात और सौराष्ट्र में भी बढ़त बनाए हुए है। वहीं, पिछले चुनावों में जिला पंचायत की 31 में से 22 सीटें जीतने वाली कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी है।

गुजरात के शहरी इलाकों के बाद अब आम आदमी पार्टी ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपनी पैठ बनाने में कामयाब रही है। खासकर पाटीदार बहुल वाले सौराष्ट्र, सूरत और साबरकांठा में। जिला पंचायत की 980 में से 838 सीटों के रुझान आए हैं, जहां 681 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है और 64 पर आगे चल रही है। कांग्रेस ने 149 सीटों पर जीत दर्ज की है और 12 पर आगे चल रही है। वहीं, नगरपालिका और तालुका पंचायत चुनावों में भी भारतीय जनता पार्टी अच्छी बढ़त बनाए हुए है। मेहसाणा, कच्छ समेत 10 जिलों में भाजपा के प्रत्याशी आगे चल रहे हैं।

# सैनिक स्कूल में कोरोना के 54 पॉजिटिव केस मिले

### स्कूल कुंजूपुरा का भवन कंटेन्मेंट जोन घोषित

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**कुंजपुरा** सैनिक स्कूल से कोरोना वायरस के 54 पॉजिटिव केस पाए जाने पर जिलाधीश करनाल निशांत कुमार यादव की ओर से जारी आदेशों के तहत इस भवन को कंटेन्मेंट जोन (नियंत्रण क्षेत्र) और इसके साथ कुंजपुरा ब्लॉक के भौगोलिक क्षेत्र को बफर जोन (मध्यवर्ती क्षेत्र) घोषित कर दिया गया है।

जिलाधीश के आदेशानुसार हालात से निपटने के लिए एक एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत इस क्षेत्र के सभी संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, टेस्ट करने के साथ-साथ उन्हें क्वारेंटाइन, आईसोलेशन और सामाजिक दूरी में रखा जाएगा। इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग प्रबंधों की जिम्मेदारी दी गई है। सिविल सर्जन करनाल को आदेशित किया है कि पर्याप्त कर्मचारियों की एक टीम बनाकर कंटेन्मेंट जोन के तहत बसे समस्त घरों के व्यक्तियों की डोर टू डोर स्क्रीनिंग, थर्मल स्कैनिंग करवाएं। इस कार्य को करने वाले स्टाफ को बचाव उपकरण और दूसरी जरूरी चीजें उपलब्ध करवाई जाएं। सभी हाऊसहोल्ड के गेट और दरवाजे की नॉब अच्छे तरीके से सेनेटाइज की जाए।

### आखिरकार लगी मुहर : युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी

# प्राइवेट नौकरियों में 75 फीसद कोटे को राज्यपाल की मंजूरी


**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**युवाओं** के लिए बड़ी खबर सामने आई है। प्रदेश में अब प्राइवेट सेक्टर में नौकरियों में युवाओं को 75 फीसदी आरक्षण मिलेगा। विधानसभा में बिल पास होने के चार महीने बाद राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य ने मंगलवार को बिल को मंजूरी दे दी। अब कानून बन गया है और आगामी भर्तियों में स्थानीय युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। इसकी जानकारी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि विधेयक पिछले साल नवंबर में विधानसभा में पारित किया गया था। उसके बाद इसे गवर्नर के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद गवर्नर ने इसे मंजूरी दे दी। अब प्रदेश में हर कंपनी, सोसाइटी, ट्रस्ट में युवाओं को नौकरियों में तीन चौथाई आरक्षण का पूरा लाभ मिलेगा।

राज्य में कई बड़ी और लघु उद्योग इकाइयां कार्यरत हैं। कार, ट्रैक्टर, बाइक, साइकिल, रेफ्रीजरेटर, वैज्ञानिक उपकरण आदि अनेक प्रकार के उत्पादकों का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य हरियाणा है। विश्व बाजार में बासमती चावल का सबसे बड़ा निर्यातक हरियाणा है। पंचरंगा अचार के अतिरिक्त पानीपत में हथकरघे से बनी वस्तुएं और कालीन विश्व भर में प्रसिद्ध है और इनका निर्यात बड़े स्तर पर किया जाता है। हरियाणा की सबसे बड़ी औद्योगिक नगरी गुरुग्राम है। जहां कई प्राइवेट कंपनियों के हेड ऑफिस हैं। हरियाणा स्टेट एम्प्लॉयमेंट ऑफ लोकल कैंडिडेट बिल 2020 के मुताबिक, प्राइवेट सेक्टर में 50 हजार रुपये से कम पगार वाली नौकरियों में ही यह आरक्षण लागू होगा। जिस जिले में कंपनी स्थापित है, उस जिले के केवल 10 फीसद युवाओं को ही नौकरी में आरक्षण मिलेगा। अन्य 65 फीसद आरक्षण प्रदेश के दूसरे जिलों के युवाओं को दिया जाएगा।

**04**
**महीने बाद बिल को दी मंजूरी, 10 साल तक लागू रहेगा कानून**

**आगामी भर्तियों में युवाओं को मिलेगा लाभ**



#### उपमुख्यमंत्री चौटाला ने विधानसभा में पेश किया था यह बिल

प्रारंभिक तौर पर यह आरक्षण 10 साल के लिए लागू होगा। इसके मुताबिक, प्राइवेट कंपनी, सोसायटी, ट्रस्ट और पार्टनरशिप फर्मों पर यह आरक्षण लागू होगा। यदि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित उम्मीदवार नहीं मिलेंगे, तो स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर नौकरी के योग्य बनाया जाएगा। हरियाणा विधानसभा में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने यह बिल विधानसभा में पेश किया था। यह मुद्दा उनकी पार्टी का चुनावी वादा भी था। इस समय हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा चरण चल रहा है। इस बिल के मुताबिक, राज्य के स्थायी निवासी को ही आरक्षण का लाभ मिलेगा। हरियाणा में जन्मे या बीते 15 सालों से निवास कर रहे युवाओं को स्थायी निवासी माना जाएगा।

**पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का केंद्र की गलत नीतियों पर प्रहार, कहा**

# नोटबंदी के फैसले से देश में चरम पर है बेरोजगारी

**एजेंसी।** तिरुवनंतपुरम

**पूर्व** प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने मंगलवार को केंद्र सरकार पर करारा प्रहार किया। दरअसल, उन्होंने कहा कि साल 2016 में भाजपा नीत सरकार द्वारा बगैर सोच-विचार के लिए गए नोटबंदी के फैसले के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। उन्होंने राज्यों से नियमित रूप से परामर्श नहीं करने को लेकर भी केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना की। उन्होंने मंगलवार को आर्थिक विषयों के 'थिंक टैंक' राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज द्वारा डिजिटल माध्यम से आयोजित एक विकास सम्मेलन का उद्घाटन किया।

सिंह ने कहा कि बढ़ते वित्तीय संकट को छिपाने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा किए गए अस्थायी उपाय के चलते आसन्न ऋण संकट से छोटे और मंझोले (उद्योग) क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं और इस स्थिति की हम अनदेखी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने प्रतीक्षा 2030 में कहा कि बेरोजगारी चरम पर है और अनौपचारिक क्षेत्र खस्ताहाल है। यह संकट 2016 में बगैर सोच-विचार के लिए किए गए नोटबंदी के फैसले के चलते पैदा हुआ है। सम्मेलन का आयोजन एक दृष्टि पत्र पेश करने के लिए किया गया, जो केरल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के विकास पर विचारों का एक प्रारूप है। पूर्व प्रधानमंत्री ने राज्य विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र में 'न्याय' जैसे विचार को शामिल करने को लेकर केरल की कांग्रेस नीत यूडीएफ के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में यह योजना पेश की गई थी, जिसका उद्देश्य गरीबों को प्रत्यक्ष नकद अंतरण (सीधे उनके बैंक खाते में पैसे) उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि कहीं अधिक चिकित्सा संस्थानों के जरिए निशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं जैसे उपाय सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगे, जिससे समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और इसमें वंचित तबकों की जरूरतों पर ध्यान दिया जा सकेगा। सिंह ने कहा, 'यह कांग्रेस की विचारधारा का सार तत्व है और यह खुशी की बात है कि यूडीएफ के सभी दलों के इस पर समान विचार हैं।'



**डिजिटल माध्यम से विकास सम्मेलन का किया उद्घाटन**

**राज्यों से नियमित परामर्श नहीं करने पर केंद्र की आलोचना की**

#### केरल को सही दिशा में ले जाएगी यूडीएफ की राह

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए इस तरह की योजनाएं अर्थव्यवस्था को भी एक झटके में चालू कर देगीं, क्योंकि इनसे मांग पैदा होगी, जिससे अधिक उत्पादन होगा, खासतौर पर छोटे एवं सूक्ष्म उद्योग क्षेत्र में, कृषि क्षेत्र में और असंगठित क्षेत्र में इसके परिणामस्वरूप रोजगार के अधिक अवसर सृजित होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर लंबी आर्थिक सुस्ती के बाद अर्थव्यवस्था तेजी से पटरी पर लौटने लगेगी। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने 1991 में वित्त मंत्री के तौर पर राष्ट्रीय बजट पेश करते हुए विक्टर हुगो को उद्धृत करते हुए कहा था कि 'एक विचार से ज्यादा ताकतवर कोई चीज नहीं है' मुझे यह अभास हो रहा है कि यूडीएफ ने जो आगे की स्पष्ट राह दिखाई है, वह केरल को सही दिशा में ले जाएगी।

# यूएनएचआरसी की बैठक में भारत ने पाक को लताड़ा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के सम्मेलन में पाकिस्तान और इस्लामिक देशों के संगठनों के बयानों को यूएन में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव पवन कुमार बाधे ने सिरे से खारिज किया है।

बाधे ने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अपने दुर्भावनापूर्ण प्रचार के लिए इस मंच का जानबूझकर दुरुपयोग किया। उन्होंने कहा कि उसका मकसद अपने देश में मानव अधिकारों के गंभीर उल्लंघनों से परिषद का ध्यान हटाना है। पवन कुमार बाधे ने आगे कहा कि पाकिस्तानी नेताओं ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि यह आतंकवादियों के उत्पादन का कारखाना बन गया है। पाकिस्तान ने इस बात को नजरअंदाज कर दिया है कि आतंकवाद मानवाधिकारों के हनन का सबसे खराब रूप है और आतंकवाद के समर्थक मानव अधिकारों का सबसे बुरा हनन करते हैं।

**राजस्थान में किसान महापंचायत, राकेश टिकैत बोले**

# एमएसपी नहीं मिले तो दिल्ली ले जाकर बेचो अपना गेहूं

**एजेंसी।** झुंझुनूं

**कृषि** कानून के विरोध में किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को राजस्थान के झुंझुनूं में किसान महापंचायत की। टिकैट ने यहां किसानों से कहा कि राजस्थान का गेहूं सबसे पहले मार्केट में आएगा। सरकार को एमएसपी देनी होगी। अगर आपको एमएसपी नहीं मिले तो अपना गेहूं भरकर दिल्ली पहुंच जाओ। अगर दिल्ली में कोई आपको रोकता है, तो उसे एमएसपी पर गेहूं खरीदना पड़ेगा। क्योंकि, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसान देश में कहीं भी अनाज बेच सकते हैं। ऐसा थोड़ी न कहा है कि दिल्ली में नहीं बेच सकते हैं। दिल्ली की मंडी सबसे बढ़ियां है। सभी अपना अनाज भरकर दिल्ली चलो।



टिकैत ने कहा, दिल्ली में लड़ाई चल रही है। अब लड़ाई यहां भी शुरू करनी पड़ेगी। सीधी बात है जो तीनों कानून लेकर आए हैं। उसे रद्द कर दो। एमएसपी पर कानून बना दो। कल आगरा में किसान गेहूं मंडी में लेकर गया। वहां व्यापारियों ने 1600 रुपये क्विंटल खरीदने की बात कही। उसने कहा, एमएसपी का रेट 1975 रुपये है, इससे कम पर नहीं बेचूंगा। साथ ही मंडी भी नहीं चलने दूंगा। सारे अधिकारी मौके पर पहुंचे और उसका गेंहू 1975 रुपए में बिका। झुंझुनूं तो क्रांतिकारियों का जिला है। कई शहीद हुए, जिन्होंने सामंतवादी व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन चलाया। आपको निकलना पड़ेगा।

# आंसर-की देने के लिए लेते थे 30 हजार रुपये

**दिल्ली कोर्ट भर्ती पेपर लीक मामला**

**आरोपी कैग कर्मचारी सात पेपर करवा चुके, आठवीं बार फंसे**

**जींद।** दिल्ली की जिला अदालत में ग्रुप-डी के पदों की भर्ती के पेपर लीक और सॉल्व मामले में जींद के पकड़े गए कैग कर्मचारी सुरेंद्र और हरदीप दनौदा 8वीं बार सहायक बने थे।

गिरोह का मुख्य सरगना अशोक काकड़ौद उन्हें आंसर-की और मोबाइल देकर परीक्षार्थियों का नंबर देता था और ये उन्हें आंसर की बताते थे। इसकी एवज में प्रति आवेदक के हिसाब से दोनों को 30-30 हजार रुपये अशोक काकड़ौद द्वारा दिए जाने की बात कही थी। यह खुलासा पुलिस द्वारा पेपर लीक व सॉल्व कराने मामले में पकड़े गए उक्त दोनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में किया है। सीआईए ने दोनों आरोपियों को नरवाना अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए तीसरे आरोपी मंदीप को अभी तक अदालत में पेश नहीं किया है। पुलिस उसे अब तक मामले में इंफोरमर बता रही है।

# दूरसंचार स्पेक्ट्रम नीलामी में रिलांयस जियो रही सबसे बड़ी खरीदार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दूरसंचार** स्पेक्ट्रम की दो दिन चली नीलामी मंगलवार को संपन्न हो गई। इस दौरान रिलायंस जियो सबसे बड़ी खरीदार रही। दूरसंचार सचिव ने बताया कि रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम के लिए 57122.65 करोड़ रुपये की बोली लगाई। सचिव ने बताया कि दो दिनों में 77814.80 करोड़ रुपये मूल्य के रेडियो तरंगों की खरीद की गई।

दूरसंचार सचिव ने बताया कि सोमवार को 2250 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू हुई थी। इसका आरक्षित मूल्य करीब चार लाख करोड़ रुपये था। नीलामी के दौरान 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज और 2300 मेगाहर्ट्ज बैंड में बोलियां आईं। लेकिन 700 और 2500 मेगाहर्ट्ज में कोई बोली नहीं मिली।

सचिव ने बताया कि वोडाफोन-आइडिया ने इस नीलामी में 1,993.40 करोड़ रुपये मूल्य के स्पेक्ट्रम खरीदे। कंपनी ने कहा कि जो स्पेक्ट्रम खरीदा है, उससे 4जी कवरेज और क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी। कंपनी ने कहा कि इससे वह अपने ग्राहकों को 'शानदार डिजिटल अनुभव' उपलब्ध करा पाएगी। भारती एयरटेल ने बताया कि उसने 18699 करोड़ रुपये की रेडियो तरंगों का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे भविष्य में 5जी सेवाएं देने में सफलता मिलेगी। कंपनी ने कहा कि अब उसे देशभर में गीगाहर्ट्ज उपक्षेत्र में स्पेक्ट्रम मिल गया है, जिससे कंपनी अब शहरों में घरों के अंदर और भवनों में भी अच्छी कवरेज दे सकेगी।

**700 मेगाहर्ट्ज बैंड के स्पेक्ट्रम का था हिस्सा एक-तिहाई:** कुल स्पेक्ट्रम में से 700 मेगाहर्ट्ज बैंड के स्पेक्ट्रम का हिस्सा एक-तिहाई था। 2016 की नीलामी में यह स्पेक्ट्रम बिल्कुल नहीं बिका था। विश्लेषकों ने कहा कि गीगाहर्ट्ज बैंड से नीचे अन्य स्पेक्ट्रम कम कीमत पर उपलब्ध है। ऐसे में ज्यादातर ऑपरेटर नए स्पेक्ट्रम में निवेश नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें उपकरणों पर अतिरिक्त खर्च करना होगा।

# मोहाली और जीरकपुर के मुकाबले पंचकूला हुआ सस्ता

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### मुख्यमंत्री खट्टर ने ईडीसी को तीन गुणा कम करने का किया ऐलान

**प्रदेश** की राजधानी से सटे पंचकूला को विकसित करने का मॉडल तैयार हो चुका है। विकास में आड़े आ रहा बाहरी विकास और अन्य शुल्क (ईडीसी) की दरों में तीन गुणा कटौती की गई है। यह ऐलान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को हरियाणा निवास में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किया। सरकार का पंजाब के मोहाली और जीरकपुर की तर्ज पर पंचकूला को विकसित करने का फोकस है।

मगर ईडीसी शुल्क ज्यादा होने से औद्योगिक इकाइयों से लेकर अन्य संस्थानों की स्थापना मोहाली और जीरकपुर में हुई, यह खुद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने माना कि ईडीसी के रेट ज्यादा होने के चलते पंचकूला को विकसित करने में समस्या आई। मगर अब ईडीसी के रेटों में तीन गुणा कटौती की गई है। कई श्रेणियों में शुल्क की दर पांच गुणा कम की गई है। खासकर वेयर हाउसिंग के कोल्ड स्टोर, मेरिज पैलेस और अस्पताल शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के मोहाली और जीरकपुर का विकसित होने का सबसे बड़ा कारण एयरपोर्ट व ईडीसी रेट कम होना है। हरियाणा में गुरुग्राम की तर्ज पर ही पंचकूला में ईडीसी शुल्क निर्धारित किया गया था। मगर अब सरकार ने फैसला लिया है कि ईडीसी शुल्कों में कटौती की जाए ताकि गुरुग्राम की तरह पंचकूला का भी विकास हो। रिहायशी कॉलोनी में पंचकूला में ईडीसी रेट 1.24 करोड़ थे, जबकि मोहाली में यह 43 लाख और रेजिडेंसल ग्रुप हाउसिंग में पंचकूला में 3.75 करोड़ और मोहाली में 1.19 करोड़ तथा कॉमर्शिलय कॉलोनी में 5.88 और मोहाली में 1.51 करोड़ थी। अब इन दरों में कटौती गई है ताकि विकास में ईडीसी शुल्क आड़े न आएं।

**पंचकूला में फिल्म सिटी की योजना पर होगा काम:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का मनाना है कि पंचकूला गेटवे ऑफ हिमाचल है। यहां पर टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। सरकार की योजना है कि मोरनी को टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाए। इसके साथ ही फिल्म सिटी बनाने की भी योजना है ताकि हिमाचल की तर्ज पर फिल्मों की शूटिंग हो सके।



| श्रेणी | पुराना ईडीसी | नया ईडीसी |
|---|---|---|
| रिहायशी कॉलोनी | 1.24 करोड़ | 43.72 लाख |
| रेजीडेंसल ग्रुप हाउसिंग | 3.75 करोड़ | 01.17 करोड़ |
| कॉमर्शिलय कॉलोनी | 5.88 करोड़ | 01.52 करोड़ |
| अफोर्डेबल हाउसिंग | 89 लाख | 38 लाख |
| दीनदयाल जनआवास | 93 लाख | 32 लाख |
| कोल्ड स्टोरेज | 2.96 करोड़ | 14.30 लाख |
| इंडस्ट्री | 2.94 करोड | 14 लाख |
| शिक्षण संस्थान | 77 लाख | 08 लाख |
| मेरिज पैलेस | 03.16 करोड़ | 25 लाख |
| पेट्रोल पंप | 03 करोड़ | 42 लाख |
| अस्पताल | 77 लाख | 17 लाख |

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, बुधवार, 03 मार्च, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

## देश के प्रति कर्तव्य समझकर करें कोविड गाइडलाइंस का पालन : वृंदा शर्मा

*इम्युनिटी के भ्रम में कोरोना वायरस को हल्के में न लें। इस वायरस के बारे में अच्छी तरह जानने वाले डॉक्टर भी वैक्सीन लगवाने के बावजूद कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं, लेकिन अब अनेक लोग सरकार द्वारा बनाए गए बचाव के नियमों के प्रति लापरवाही बरतने लगे। ऐसे में यदि फिर से स्थिति बिगड़ गई तो देश में हालात खराब हो सकते हैं। इसलिए देश के प्रति अपना कर्तव्य समझते हुए सभी को मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता का पालन करना होगा। यह कहना स्ट्रीट डॉग और जरूरतमंद बच्चों के लिए उल्लेखनीय कार्य कर रही वृंदा शर्मा का। वृंदा मासूम एवं बेजुबान जानवरों की मदद को हमेशा तैयार रहती हैं। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और वृंदा शर्मा की बातचीत के अंश :-*



**जीवन परिचय**

| | |
|---|---|
| नाम | : वृंदा शर्मा |
| जन्मदिन | : छह दिसंबर 1995 |
| पिता | : धनंजय शर्मा |
| माता | : छवि शर्मा |
| स्कूल | : मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 14 |
| उच्चशिक्षा | : स्नातक (सोशियोलॉजी ऑनर्स), पीजी (साइकोलॉजी) |
| रुचि | : जीव जंतुओं की सेवा |

● **सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** करीब दो साल पहले मैंने एक कॉरपोरेट कंपनी ज्वॉइंन की थी। मैं इस कंपनी के मार्केटिंग डिपार्टमेंट में टीम लीड के पद पर हूं। यह कंपनी गरीब और जरूरतमंदों की भलाई की योजनाएं तैयार करने का काम करती है।

● **सवाल : जरूरतमंद बच्चों की आप कैसे मदद करती हैं।**

**जवाब :** मैं स्कूल टाइम से ही जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क पढ़ाती हूं। मैं विभिन्न एनजीओ के माध्यम से लॉकडाउन के पहले तक इन बच्चों को पढ़ाती रही हूं।

● **सवाल : बेजुबान जानवरों की सेवा करने की प्रेरणा आपको कैसे मिली।**

**जवाब :** मेरे माता-पिता ने मुझे शुरू से जीव जंतु से प्यार और जरूरतमंदों की हरसम्भव मदद करने की प्रेरणा दी है। मेरे माता-पिता ने अमीर गरीब, जाति धर्म, इंसान व जीव जंतुओं में अंतर करना नहीं सिखाया है। वे कहते हैं दुनिया में सभी को समान रूप से जीने का अधिकार है।

● **सवाल : आपने स्ट्रीट डॉग की सेवा करनी कब से शुरू की।**

**जवाब :** मैंने करीब पांच साल की उम्र से स्ट्रीट डॉग की सेवा करनी शुरू की थी। उस समय माता-पिता की मदद से मैंने एक पिल्ले को घर में लाकर केयर की थी। जिसके बाद में नियमित रूप से स्ट्रीट डॉग के लिए काम करने लगी।

● **सवाल : वर्तमान में आप स्ट्रीट डॉग के लिए क्या काम कर रही हैं।**

**जवाब :** मैं प्रतिदिन करीब 120 कुत्तों का खाना और 50 गायों के लिए चारे की व्यवस्था करती हूं। नवजात पिल्लों की देखभाल के लिए मैंने एक सेंटर भी बनाया है। यहां ज्यादातर उन पिल्लों को रखा जाता है, जिनकी मां मर जाती है। 15 दिन इनकी देखभाल के बाद उन्हें लोगों को गोद दे देती हूं।

● **सवाल : क्या फरीदाबाद में लोग स्ट्रीट डॉग को गोद लेते हैं।**

**जवाब :** फरीदाबाद में आज तक किसी ने भी स्ट्रीट डॉग को गोद लेने में रुचि नहीं दिखाई। जबकि गुरुग्राम, दिल्ली और नोएडा में रहने वाले लोग हमारे सेंटर में स्ट्रीट डॉग को गोद लेने के लिए आते रहते हैं।

● **सवाल : घायल अथवा बीमार स्ट्रीट डॉग का आप कैसे इलाज कराती हैं।**

**जवाब :** घायल अथवा बीमार स्ट्रीट डॉग की सूचना मिलने पर मैं उन्हें अपनी कार अथवा कैब की मदद से अस्पताल ले जाती हूं। जरूरत पड़ने पर उन्हें दिल्ली, गुरुग्राम अथवा मांगर भी ले जाती हूं। उपचार के बाद उन्हें देखभाल के लिए डॉग शैल्टर में रखवाती हूं।

● **सवाल : स्ट्रीट डॉग से जुड़ी कोई बड़ी घटना याद है।**

**जवाब :** सेक्टर 21 सी में 40 फुट गहरे बोरवेल में कुछ पिल्ले गिर गए थे। जिन्हें फायर ब्रिगेड ने सात घंटे खुदाई करके बचाया था। इसी तरह एक गर्भवती फिमेल डॉग को बच्चे देने से रोकने के लिए कुछ लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। जिससे बच्चों की गर्भ में मौत हो गई। पता चलने पर मैंने उसने सर्जरी करा कर मृत बच्चों को निकलवाया, लेकिन डॉग भी बच नहीं पाई।

● **सवाल : लॉकडाउन में आपने जानवरों की कैसे मदद की।**

**जवाब :** प्रतिदिन 350 डॉग और 200 गायों को भोजन उपलब्ध कराने के साथ 200 डॉग की वैक्सिनेशन और 100 डॉग की नसबंदी कराई थी।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 16.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- हार्डवेयर चौक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में कलश यात्रा : सुबह 10 बजे
- बाल भवन में हिफाजत कार्यक्रम का आयोजन : 11 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच, वैक्सीनेशन और ओपीडी: सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में किसानों व पीटीआई टीचरों का धरना: 10 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन: 9 बजे

**निवेश गुरु**

**बैंक** के फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) के मुकाबले अधिक रिटर्न कमाने की चाहत रखने वाले निवेशक आईआईएफएल फाइनेंस के नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के बारे में सोच सकते हैं। इसमें एफडी की तुलना में 4-5 फीसदी ज्यादा रिटर्न कमाने का मौका है। फेयरफैक्स और सीडीसी ग्रुप जैसे मजबूत निवेशकों का इसे समर्थन प्राप्त है। इंवेस्टमेंट एडवाइजरों का कहना है कि निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो का बहुत थोड़ा हिस्सा ही इसमें निवेश करना चाहिए. जो निवेशक ज्यादा जोखिम ले सकते हैं, वे इस अनसिक्योर्ड एनसीडी में पैसा लगाने के बारे में विचार कर सकते हैं। आईआईएफएल फाइनेंस को क्रिसिल से एए रेटिंग मिली है।

**यूटीलिटी न्यूज**

### बेरोजगारों का पंजीकरण

**फरीदाबाद।** रोजगार विभाग द्वारा जिला के बेरोजगार युवाओं को पंजीकृत कर के रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कई प्रकार की अनूठी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाता है। उपायुक्त यशपाल ने बताया कि विभाग की सेवाओं में अन्य योग्यता जोड़ना, अन्य संबंधित प्रमाण पत्रों के आवेदन प्राप्त करना नियोक्ता से रिक्तियों की अधिसूचना के लिए आवेदन, पात्र आवेदकों को साक्षात्कार के लिए मुफ्त यात्रा वाउचर उपलब्ध कराना, सक्षम योजना पंजीकरण बेरोजगार भत्ता पंजीकरण और एक्सचेंज ट्रांसफर पंजीकरण सेवा आदि प्रमुख रूप से शामिल है। उन्होंने जिला के सभी संबंधित बेरोजगार युवक-युवतियों का आह्वान किया है कि वे जागरूक रहकर रोजगार कार्यालय से सम्पर्क करके सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार अधिकारी का कार्यालय लघु सचिवालय भवन, सेक्टर-12 में छठी मंजिल पर स्थित है।

**क्विक न्यूज**

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 को गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी सोनू को थाना सेन्ट्रल के अधिकार क्षेत्र से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी कि पहचान सोनू निवासी गांव कच्चा बदरपुर थाना भुपानी फरीदाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खरीद कर लाया था और वह इस गांजा को छोटी-छोटी पुड़ियां बनाकर महंगे दामों में बेचने का काम करता है। आरोपी ने यह काम कम समय में अधिक पैसे कमाने के चक्कर में किया है वह गांजा किसी अनजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गुप्त सूत्रों से सूचना मिली थी जिसपर कार्रवाई करते हुए आरोपी को थाना सेंट्रल के अधिकारी क्षेत्र से गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ग्रीवेंस कमेटी : अवैध कब्जे, बिल्डरों की धोखाधड़ी, जनसमस्या के मुद्दे छाये रहे

## सरकारी जमीनों की डिजिटल मेंपिंग के बाद प्रदेश में हटेंगे अवैध कब्जे : दुष्यंत

### बैठक में आई 16 शिकायतों में से आठ का डिप्टी सीएम ने मौके पर किया समाधान



फोटो : राजेश पुंजानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**केंद्र** सरकार की तरफ से प्रदेश में सरकारी जमीनों का सर्वे कराया जा रहा है। फिर इन जमीनों की डिजिटल मेपिंग की जाएगी। जिसके बाद प्रदेशभर से सरकारी जमीनों को कब्जों से मुक्त कराया जाएगा। जिले की सरकारी जमीनों पर होने वाले अवैध कब्जों की शिकायत मिलने पर यह बात डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कही। दुष्यंत चौटाला मंगलवार को सेक्टर 12 स्थित कंवेंशन हॉल में जिला लोक सम्पर्क एवं परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता करने आए थे। बैठक में विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक राजेश नागर, पुलिस आयुक्त ओपी सिंह, उपायुक्त यशपाल, अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद शिकायत से संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

### 16 में आठ शिकायतों का निपटारा

**जिला** लोक सम्पर्क एवं परिवाद समिति की बैठक में 16 में से आठ शिकायतों का निपटारा किया गया और बाकी आठ शिकायतों को आगामी बैठक के लिए पेंडिंग रखा गया है। पेंडिंग रखी गई शिकायतों के लिए जिला स्तरीय कमेटी बनाकर उन कमेटियों को निर्देश दिए कि वे जिला लोक सम्पर्क एवं परिवार समिति की बैठक को अपनी रिपोर्ट यथाशीघ्र प्रस्तुत पहली शिकायत राकेश कुमार प्रधान सिद्ध पीठ महाकाली मंदिर संस्थान ने रखी। आपसी सहमति से इसका निस्तारण कर दिया। दूसरी शिकायत आवासीय भूखंडों के नाम पर धोखाधड़ी से संबंधित है। जिसके लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में डीटीपी, 2-2 सदस्य कमेटी, आवेदकों के और रिवेन्यू विभाग के अधिकारियों नियुक्त की गई है। यह कमेटी हर 15 दिन में रिपोर्ट पेश करेगी।

### सेक्टर 55 में बिजली सबडिविजन

**सेक्टर 55** निवासी राजकुमार कौशिक की शिकायत में सर्वे कराकर बिजली का प्रपोजल सरकार को भिजवा कर उसे पास कराने के निर्देश बिजली विभाग को दिए गए। अगली शिकायत परवीन टुडे की थी जो कि सर्वोच्च न्यायालय में जमीन की याचिका से मुआवजा देने संबंधित थी, उसे एक महीने में मुआवजा देने के निर्देश उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को दिए। किशन सिंह की शिकायत को एक सप्ताह पूरा करने के निर्देश दिए। सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र नंबरदार की रास्ते में पानी भरने की शिकायत में नाला ठीक करा कर सड़क बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आरके गुप्ता की शिकायत का निपटारा किया गया। अंतिम शिकायत रघुवीर सिंह की राशन वितरण से संबंधित शिकायत पर उप मुख्यमंत्री ने डीएफएससी को निर्देश दिया कि इस तरह के सभी मामलों का निपटारा कर रिकॉर्ड मेंटेन रखें। भविष्य में ऐसी कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।





### अन्य शिकायतों पर भी गंभीरता

**फीएवा** की तरफ से महासचिव गुरमीत सिंह देओल द्वारा भू संपत्तियों के ई-रजिस्ट्रेशन के लिए बनाए गए नए सॉफ्टवेयर में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने, प्रवासी भारतीयों के आधार कार्ड के बिना संपत्तियों के पंजीकरण में टोकन काटने का प्रावधान करने की समस्या बताई। उन्होंने एनआरआई की सम्पत्ति का पंजीकरण पासपोर्ट से लिंक कराने की मांग। वहीं अपने हिस्से की सम्पत्ति परिवार के सदस्यों को छोड़ अन्य के नाम करने पर पूरी सम्पत्ति की स्टॉम्प ड्यूटी लेने की शिकायत की। साथ ही उन्होंने प्रोपर्टी आईडी बनाने में देरी और धांधली करने की शिकायत भी की। इसी तरह कमेटी के सदस्य आनंदकांत भाटिया ने एक सामाजिक एवं धार्मिक संस्था द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर राजस्व वसूलने का आरोप लगाया। इसी तरह कमेटी सदस्य राजकुमार बोहरा ने फरीदाबाद में रह रहे पाकिस्तानी शरणार्थियों को पुलिस द्वारा परेशान करने का आरोप लगाया। सुखबीर मलेरना ने सामाजिक झगड़ों में समझौते के बाद भी एफआईआर रद्द न करने की शिकायत की। नरेन्द्र पाराशर ने शिकायत की कि प्रदेश में जीपीए बंद होने से लोग यूपी से करा रहे हैं। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने इन शिकायतों के उचित निपटान के आदेश दिये।

### मिट्टी खनन की शिकायत का निपटारा

**तीसरी** बलवीर सिंह की शिकायत निपटारा कर दिया गया। चौथी शिकायत प्रताप सिंह नंबरदार गांव इमामुद्दीन पुर द्वारा संबंधित पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित थी, जिसका निपटारा कर दिया। पांचवीं शिकायत आरसी भाटिया ने की थी। इसके लिए सीपी की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की है, जो आगामी मीटिंग में अपनी रिपोर्ट देगी। आपसी मारपीट की शिकायत गांव मलेरना निवासी बलबीर सिंह की थी, जिसमें एसीपी बल्लभगढ़ को अगली मीटिंग में रिपोर्ट करने के आदेश दिए हैं। अगली योगेश धारीवाल की शिकायत का निपटान कर दिया। जीवन नगर निवासी कृष्ण डागर की सड़क निर्माण की शिकायत को अगली बैठक के लिए पेंडिंग रखी है। बीएस नागर की शिकायत को भी अगली मीटिंग के पेंडिंग रखा गया। बड़ौली गांव निवासी अरुण की लाइन टूटने से संबंधित शिकायत में पाइप लगवा कर स्थाई समाधान विधायक राजेश नागर की देखरेख में करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों दिए गए।

# देश के पहले खिलाड़ी ने हासिल की पीएचडी की उपाधि





**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अंतरराष्ट्रीय** बॉक्सर राजीव गोदारा ने बॉक्सिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है, लेकिन अब बॉक्सर राजीव गोदारा ने शिक्षा के क्षेत्र में भी उच्च उपलब्धि प्राप्त की है। बॉक्सर राजीव गोदारा ने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री लेकर डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की है। जिनका फरीदाबाद पहुंचने पर डीएवी स्कूल एनटीपीसी में फूल मालाओं से फरीदाबाद पहुंचने पर स्वागत किया वैसे तो राजीव गोदारा को कौन नहीं जानता, राजीव गोदारा बॉक्सिंग का एक बड़ा नाम है, लेकिन अब अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर राजीव गोदारा को डॉ. राजीव गोदारा से नाम से पुकारा जाएगा।

यह पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने डॉक्टर की उपाधि प्राप्त की है। और यह पहले बॉक्सिंग खिलाड़ी हैं जिन्होंने पीएचडी की है। फिलहाल डॉ. राजीव गोदारा डीएवी स्कूल, एनटीपीसी में एचओडी के पद पर कार्यगत करते हैं और वह डीएवी स्कूल, एनटीपीसी बच्चों को शिक्षा और स्पोर्ट्स दोनों में ही अपनी सहायता प्रदान कर रहे हैं। डीएवी एनटीपीसी की प्रिंसिपल अलका अरोड़ा ने बताया कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि डॉ. राजीव गोदारा अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर होने के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में डॉक्टर की उपलब्धि प्राप्त करके डीएवी एनटीपीसी स्कूल के बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि काफी कम समय में डॉ. गोदारा ने डीएवी स्कूल एनटीपीसी को स्पोर्ट्स में कुछ उपलब्धियां प्राप्त कराई हैं और यहां के बच्चे डॉ. राजीव गोदारा के सहयोग से राष्ट्रीय स्तर पर काफी मेडल प्राप्त किए और दो बच्चे तनीषा लांबा और करण सिंह सेन ने खेलो इंडिया यूथ नेशनल गेम्स में भी भाग लिया। आगे आने वाले समय में डॉ. राजीव गोदारा के सहयोग से शिक्षा और स्पोर्ट्स में देश का नाम रोशन करेंगे।

### चर्चा का विषय बना 40 मार्च

**फरीदाबाद।** सोशल मीडिया पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निकला एक लेटर चर्चा का विषय बन गया है। तेजी से वायरल हो रहे लेटर में 4 मार्च की बजाए 40 मार्च 2021 लिखा हुआ है। अधिकारी की ओर से आदेश दिए गए हैं कि टीजीटी अंग्रेजी से पीजीटी अंग्रेजी, टीजीटी एसएस से पीजीटी राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास तथा अंग्रेजी के पदों पर पदोन्नति मामले निदेशालय से मूल प्राप्त हुए हैं। अन्य अधिकारी अपने-अपने खंड से संबंधित केसों को पूर्ण करके 4 मार्च तक हर अवस्था में कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, लेकिन पत्र में 4 मार्च की बजाए 40 मार्च टाइप हो गया है, जिसकी चर्चा बनी हुई है। हालांकि मौलिक अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार देख रही रितु चौधरी ने इस गलती का सुधार कर दूसरा पत्र जारी करवा दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट को सरकारी पटल पर मिलेगा मुकाम



**फरीदाबाद।** जिले के चौतरफा विकास को सरकारी पटल पर लाने के लिए फरीदाबाद नगर निगम एक मिनी डॉक्यूमेंट्री बना रहा है। जिसमें शहर को दशकों से पहचान दिलाने वाले जगहों को केंद्रित किया है। इस सूची में फरीदाबाद का नया लैंडमार्क और शहर के सबसे आकर्षित डेस्टिनेशन ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट को भी मिनी डाक्यूमेंट्री में शामिल किया है, जो कि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। वैश्विक कांसेप्ट पर बना वर्ल्ड स्ट्रीट यहां आने वाले लोगों को विदेश में घूमने जैसा महसूस कराता हैं। इसके अलावा वर्ल्ड स्ट्रीट में फिल्मों, म्यूजिक वीडियो की शूटिंग भी हो रही है जिसकी वजह से बॉलीवुड की दुनिया में भी शहर को अलग पहचान मिल रही है। नगर निगम के इन प्रयासों से वैश्विक और घरेलू निवेशक फरीदाबाद की ओर आकर्षित होंगे, जिससे शहर में रोजगार के अवसर खुलेंगे और फरीदाबाद को नयी पहचान मिलेगी। आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद द्वारा लिखे गए एक आधिकारिक पत्र में कुछ और चुनिंदा जगहों जैसे ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन, सभी मेट्रो स्टेशन, बड़खल झील, बदरपुर को डॉक्यूमेंट्री में शामिल किया गया है।

### ईईटीएफएमएस ने 75 रन से जीता मैच



**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में ईईटीएफएमएस ने फरीदाबाद वोरियर्श टीम को 75 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि फरीदाबाद वोरियर्श ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। ईईटीएफएमएस ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 194 रन बनाए। सक्षम श्रीवास्तव ने 52 रन, नकुल पॉल ने 33 रन और राहुल सिंह ने 26 रन बनाए। पर्वीन ने तीन विकेट, एमजी गांधी और दीपक खत्री ने दो-दो विकेट और सचिन भाटिया ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए फरीदाबाद वोरियर्श की टीम 15 ओवर में 119 रन पर ऑल आउट हो गई। सचिन भाटिया ने 45 रन, साहिल ने 21 रन, दीपक खत्री और राहुल खत्री ने 12-12 रन बनाए। कपिल सैनी और नकुल पॉल ने 3-3 विकेट, किरसन डागर ने दो और दुष्यंत छपराणा ने एक विकेट लिया। मैन आफ दा मैच नकुल पॉल (ईईटीएफएमएस) और फाइटर ऑफ दा मैच सचिन भाटिया (फरीदाबाद वोरियर्श) को दिया गया।

### एडी स्पोर्ट्स क्लब ने जीता छह विकेट से मैच




**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग मैच में एड़ी स्पोर्ट्स क्लब ने एचआरएस ड्रीम (इलेवन) टीम को छह विकेट से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि एचआरएसड्रीम (इलेवन) ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 134 रन बनाए। रोहित रलहान ने 51 रन, अमित सिधाना ने 46 रन और राहुल शर्मा ने 15 रन बनाए। धर्मेन्द्र फागना ने तीन विकेट, चिचिल ने दो विकेट, सुनील शेखावत और अमन अधाना ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एड़ी स्पोर्ट्स क्लब की टीम ने 17.2 ओवर में चार विकेट पर 135 रन बनाकर मैच जीत लिया। नवाज राथर ने 62 रन, किशन सिंह ने 38 रन और अमन अधाना ने सात रन बनाए। अंकित पांडेय ने दो विकेट और ओपी पांडेय ने एक विकेट लिया। मैन आफ दा मैच नवाज राथर (एड़ी स्पोर्ट्स क्लब) और फाइटर ऑफ दा मैच रोहित रलहान (एचआरएस ड्रीम इलेवन) को दिया गया।

### डीएवी कॉलेज में अभिभावक शिक्षक मीटिंग

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अभिभावक शिक्षक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग का आयोजन डॉ. प्रिया कपूर, संकायाध्यक्षिका, डॉ. अंकुर अग्रवाल विज्ञान विभागाध्यक्षिका के दिशा निदेशानुसार किया गया। अभिभावक शिक्षक मीटिंग का सफल आयोजन ऋशिता मिश्रा और भानू शर्मा द्वारा किया गया। मीटिंग में लगभग 200 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। सभी अध्यापकों ने छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

## हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म




**भगवान एवं अल्लाह नाम- पंचतत्वों के ही प्रतीक हैं :**

**भगवान नाम एवं पंचतत्व संबंध :**

**"भगवान"** नाम में प्रयुक्त अक्षरों का विश्लेषण करें तो हमें पंचतत्वों का अच्छे से आभास हो सकेगा-

**"भगवान"**-

**"भ"**- भूमि यानि पृथ्वी,

**"ग'**- गगन यानि आकाश,

**"व"**- वायु यानि हवा,

**"अ"**- अग्नि अर्थात आग और

**"न"**- नीर यानि जल!

**"अलइलअइ" (अल्लाह) नाम एवं पंच तत्त्व संबंध:**

इसी प्रकार अलइलअइ ("अल्लाह") शब्द में प्रयुक्त अक्षरों का निम प्रकार से विश्लेषण करने पर भी पंचत्तवों की ही जानकारी हासिल होती है:-

**"अ"**- आब यानि पानी,

**"ल"**- लाब- यानि भूमि,

**"इ"**- इला-दिव्य पदार्थ अर्थात वायु,

**"अ'**- आसमान यानि गगन और

**"ह"**- हरंक यानि अग्नि।

**विशेष :** पंचमहाभूतों के समन्वय एवं संचालन से प्राप्त हमारे शरीर में स्थित चेतना को ही प्राण शक्ति कहा जाता है!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट:** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने हेतु ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता हैं!

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि योगेश शर्मा पुत्र ब्रजमोहन निवासी गॉव भनकपुर फरीदाबाद ने मुकदमा न. 140 दिनांक 26-02-2021 धारा भा.द.स. थाना सेक्टर-58 ने यह मुकदमा बाबत अपनी बहन अजली कुमारी पत्नि नितिन धर से बिना बताऐ चले जाने बारे दर्ज कराया है जिसका हुलिया रंग गोरा, गौल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, गर्दन के पीछे नितिन गुदा हुआ। कद 5 फिट 1 इंच उम्र 24 साल जिसने औरंज कलर का सूट सलवार व पैरो मे स्लिपर पहने हुए है मिलने पर नीचे लिखे नम्बरों पर सूचित करें।

**एस.एच.ओ. पीएस सेक्टर- 58 फरीदाबाद - 9582200129**
**आई/ओ पीपी सिकरौना - 9540770002**

**गुमशुदा की तलाश**



आप सभी को सूचित किया जाता है कि चन्दा पुत्री श्री राजेश कुमार पत्नी श्री विक्रम मकान पटेल नगर सेक्टर-4, फरी. जो अपनी बेटी साक्षी को लेकर बगैर बताये दिनांक 26.02.2021 को सुबह समय 11.30 बजे पर घर से चली गई है। जिसका हुलिया **चन्दा:** रंग गोरा, गोरा चेहरा, पतला व फुर्तिला शरीर, कद 5 फिट व उम्र 23 साल, जिसने नीले रंग का सूट, सलवार, चुन्नी पहन रखी हैं व पैर मे गुलाबी चप्पल पहन रखी है **साक्षी** - गोल चेहरा, रंग गोरा, पतला शरीर, कद 2 फिट व उम्र 5 साल, जिसने सफेद टी-शर्ट, नीली जीन्स, गुलाबी, जूते पहने हुए है। एफआईआर न. 156 दिनांक 27.02.2021 यू/एस 346 आईपीसी, पीएस सेक्टर- 7 फरीदाबाद। सूचना मिलने पर निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**एसएचओ पीएस सेक्टर-7, फरीदाबाद - 9582200154**
**आई/सी सेक्टर- 8, फरीदाबाद - 9582200328,**
**आई/ओ सेक्टर- 8, फरीदाबाद - 9468166035, 0129-2241784**

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 03 मार्च, 2021



# ऑनलाइन आवेदकों को सेंटरों पर नहीं मिल रही वैक्सीन

कविता। फरीदाबाद


**शहर** में कोरोना वैक्सीन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे आवेदनकर्ताओं को यहां से वहां भटकना पड़ रहा है। ऐसा ही एक परिवार के साथ हुआ। एक बैंक के चीफ मैनेजर के पद से रिटायर्ड बुजुर्ग ने अपना, पत्नी और डायबिटिज के शिकार बेटे का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन कराया था। लेकिन उनके आवेदन पर अंकित किए स्वास्थ्य केन्द्र में उन्हें वैक्सीन नहीं मिली।

ऐसे में वह एक अन्य सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तो उन्हें वहां से भी वैक्सीन न होने की बात कहकर लौटा दिया। ऐसे में

## अगर आपको नहीं मिली वैक्सीन तो पहुंचें सरकारी अस्पताल

परिवार के सदस्य इधर से उधर भटकते हुए परेशान हो गए। पीड़ितों का दर्द सोशल मीडिया पर आया तो डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामभगत ने उन्हें सिविल अस्पताल में जाकर वैक्सीन लगवाने को कहा।

जानकारी के मुताबिक जिले में एक मार्च से 45 वर्ष से अधिक के बीमार और 60 वर्ष से ऊपर की उम्र के व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का काम शुरू किया गया है।


सिविल अस्पताल में वैक्सीन लगवाते हुए कर्मचारी

जिसके तहत देशभर में वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने को कहा जा रहा है। जिसमें आवेदनकर्ता को घर के निकट स्थित स्वास्थ्य केंद्र बताए जाते हैं, जहां जाकर वह अपनी वैक्सीन लगवा सकें, लेकिन आवेदनकर्ताओं को ऑनलाइन बताए जाने वाले सेंटरों पर वैक्सीन न होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है।

### स्वास्थ्य केंद्र से लौटाया

**शहर** में रहने वाले 63 वर्षीय संता कौल ने बताया कि उनके रिटायर्ड 70 वर्षीय पति चांद नारायण कौल और डायबिटिज रोगी 45 वर्षीय बेटे अजय कौल का वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें उन्हें यूपीएचसी मेवला महाराजपुर जाकर वैक्सीन लगवाने के लिए कहा गया था। जब वह मेवला महाराजपुर के स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तो वहां से उन्हें वैक्सीन न होने की बात कह कर वापस लौटा दिया। जिस पर वह तिगांव पहुंचे तो वहां से भी उन्हें लौटना पड़ा।

### डॉक्टर बोले, सिविल अस्पताल जाएं

**डिप्टी** सिविल सर्जन डॉ. रामभगत को जब परिवार के सदस्यों के बारे में पता चला तो उन्होंने तीनों को सिविल अस्पताल में जाकर वैक्सीन लगवाने को कह दिया। इससे साफ है कि यदि किसी को वैक्सीन स्वास्थ्य केंद्र में न लगे तो वह बल्लभगढ़ और बीके सिविल अस्पताल में इंजेक्शन लगवाने के लिए जा सकते हैं।

# डिप्टी सीएम के आगमन पर विपक्षी नेताओं को किया नजरबंद

## विधायक नीरज शर्मा जगजीत कौर पन्नू और जगन डागर हुए नजरबंद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला के शहर में आगमन के दौरान पुलिस ने कुछ विपक्षी दलों के नेताओं को दिनभर नजरबंद करके अपने कब्जे में रखा। इनमें कांग्रेसी नेता जगन डागर ने कृषि कानूनों के विरोध में डिप्टी सीएम को काले झंडे दिखाने की तैयारी कर रखी थी।

वहीं उनके समर्थन में कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा डागर के घर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें भी घेर लिया। वहीं दूसरी तरफ इनेला की जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू को सुबह ही पुलिस बल ने उनके घर में नजरबंद कर दिया था। पन्नू और डागर के घर को पुलिस ने छावनी में तब्दील कर दिया था। डिप्टी सीएम के शहर से जाने के बाद ही इनके घरों से पुलिस पहरा हटाया गया।

### विधायक व कांग्रेसी नेता नजरबंद

**उपमुख्यमंत्री** दुष्यंत चौटाला ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग लेने मंगलवार को फरीदाबाद आए हुए थे। किसान बिल को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध स्वरूप कांग्रेसी नेता जगन डागर ने उन्हें काले झंडे दिखने की तैयारी कर रखी थी। जिसको लेकर एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा भी उनके निवास पहुंच गए। इसकी भनक जैसे ही फरीदाबाद प्रशासन को लगी तो जगन डागर के घर को पुलिस ने घेर कर पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। उनके घर न तो किसी को आने दिया जा रहा ना ही उन्हें घर से निकलने दिया जा रहा था। कई घंटे तक पुलिस उनके घर अंदर और बाहर जमी रही। एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि पुलिस का इस्तेमाल कर सरकार लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने और विरोध जताने का अधिकार है। कांग्रेसी नेता जगन डागर की टीम ने घर में ही काले झण्डे लहरा कर नारेबाजी की। जगन डागर ने कहा कि तीनों कृषि कानूनों को जब तक भाजपा सरकार वापस नहीं लेगी तब तक वो ऐसे ही विरोध करते रहेंगे।

### इनेलो नेत्री नजरबंद

**इनेलो** की महिला जिलाध्यक्ष जगजीत कौर पन्नू के जवाहर कॉलोनी स्थित घर में सुबह भी भारी पुलिस बल पहुंच गया था। पन्नू ने बताया कि थाना पुलिस के साथ साथ मौके पर अपराध शाखा की टीम भी मौके पर मौजूद थी। काफी संख्या में पुलिस कर्मचारी घर के अंदर और बाहर तैनात किए गए थे। पन्नू ने बताया कि वे किसानों के समर्थन में पलवल जारी धरने में नियमित रूप से हिस्सा ले रही है। जिसकी वजह डिप्टी सीएम के आने पर उन्हें नजरबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार दमनकारी नीतियां अपना रही है।

# उद्योगों में हरियाणा निवासियों को दें आरक्षण : चौटाला



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने फरीदाबाद के रेडिसन ब्लू होटल में शहर के उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जोर दिया कि में 50,000 तक की सैलरी वाले प्राइवेट जॉब्स में हरियाणा के लोगों के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कर दिया है।

मुलाकात के दौरान फरीदाबाद के कई उद्योगपतियों ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के सामने अपने-अपनी अपनी चिंताए रखी। जहां कुछ ने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर की गुहार लगायी। डिप्टी सीएम ने पहले सबकी बात सुनी फिर कहा कि कि हरियाणा में इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। इस मीटिंग के दौरान उद्योगपतियों के अलावा भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता और राजेश नागर भी मौजूद थे। एफआईए के प्रधान बीआर भाटिया, केसी लखानी, जेपी मल्होत्रा, राजीव चावला, एचके बत्रा, अजय जुनेजा व अन्य उद्योगपति मौजूद रहे। उद्योगपतियों ने कहा कि केंद्र सरकार की तरह, हरियाणा सरकार को भी एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं लागू करनी चाहिए। उद्योगपति ने उन्हें अपनी कई तरह की समस्याओं से अवगत कराया। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने जोर दिया की हरियाणा में 50,000 तक की सैलरी वाले प्राइवेट जॉब्स में हरियाणा के लोगो के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण कर दिया है।

# कोरोना : 19 केंद्रों पर लगी 1480 लोगों को वैक्सीन

## 12 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46508

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निजी व सरकारी अस्पतालों में 45 वर्ष से अधिक के रोगियों और 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को वैक्सीन लगानी शुरू कर दी है। जिसके तहत जिले में 19 निजी व सरकारी केन्द्रों पर दूसरे दिन कुल 1480 को वैक्सीन लगाई गई। वहीं दूसरी ओर जिले में मंगलवार को 12 पॉजिटिव सामने आए।

### वैक्सीन लगाई

**जिले** में दूसरे दिन 6 प्राईवेट और 13 सरकारी अस्पतालों में वैक्सीन लगाई गई। जिसमें कुल 1480 लोगों को वैक्सीन लगी। जिसमें हेल्थ केयर वर्करों में पहली डोज निजी में दो को और सरकारी में 113 को लगी। दूसरी डोज 134 को निजी में और सरकारी में 181 को लगाई गई। प्रथम लाइन वर्करों में 28 को पहली डोज लगी। वहीं 45-60 से ऊपर प्रथम डोज निजी में 6 को और सरकारी में 50 लोगों को दी गई।

**12 पॉजिटिव, 7 ठीक :** मंगलवार को जिले में 12 पॉजिटिव सामने आए। जिसमें सेक्टर-16, सेक्टर-29, सेक्टर-23, सेक्टर-21, सेक्टर-31, बीपीटीपी से 1-1 मरीज है। वहीं सेक्टर-37, सेक्टर-15, येक्टर-12 से 2-2 मरीज शामिल है। वहीं दूसरी तरफ 7 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पहुंच गया है। मंगलवार को जिले में कोरोना के 1505 सैम्पल लिए गए।



### यह है कोविड-19 आंकड़ा

| | |
|---|---|
| अब तक कुल जांच | : 542202 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46508 |
| अब तक नेगेटिव | : 494646 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 1048 |
| ऑक्सीजन पर है | : 2 |
| अब तक मौत | : 417 |
| अब तक ठीक | : 46025 |

## जीआरपी में दो को मिली पदोन्नति

**फरीदाबाद।** जीआरपी की एसपी संगीता कालिया ने फरीदाबाद जीआरपी के दो हवलदारों को थानेदार की प्रमोशन दी है। फरीदाबाद जीआरपी थाने में मिठाई बांटी गई। हवलदार नवल सिंह जीआरपी चौकी बल्लभगढ़ और ओमप्रकाश पलवल चौकी में तैनात हैं। दोनों अपने काम के प्रति कर्तव्यनिष्ठ थे और हमेशा ड्यूटी के लिए तैयार रहते थे। दोनों ने लॉकडाउन के समय में भी बेहतर कार्य किए। एसपी ने दोनों को एएसआई की पदोन्नति दी है। जीआरपी थाना प्रभारी सूरतपाल सिंह व बल्लभगढ़ चौकी इंचार्ज सोहनपाल सिंह ने दोनों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ईमानदारी से ड्यूटी करने के लिए कहा।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएसयूआई** हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में छात्रों ने ऑनलाइन परीक्षाएं न कराने के विरोध में प्रदेश के गैरजिम्मेदार मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर तथा शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर का पुतला मैगपाई चौक पर फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने सरकार पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। इसी मांग को लेकर बीते शुक्रवार को छात्रों ने जिला उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन करके महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा था लेकिन 3-4 बीत जाने के बाद भी छात्रों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं हुई।



एनएसयूआई हरियाणा के प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि प्रदेश की तमाम यूनिवर्सिटियों द्वारा ऑफलाइन माध्यम से परीक्षाएं लेने का तुगलकी फरमान जारी किया गया हैं जिसको लेकर प्रदेशभर के छात्रों में भारी रोष हैं। छात्रों के रोष के बाद कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने तो अपना तुगलकी फरमान वापस ले लिया है और छात्रों को ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम चुनने का फैसला दिया हैं लेकिन कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी को छोड़कर बाकी यूनिवर्सिटियां अभी भी ऑफलाइन माध्यम से परीक्षाएं लेने पर उतारू हैं और तो और महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में तो 3 मार्च से रिअपीयर के तीसरे तथा पांचवें सेमेस्टर के छात्रों की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इस मौके पर छात्रनेता विशाल वशिष्ठ, सतेंदर सिंह, दिनेश कटारिया, भारत तंवर, महेश शर्मा, शिवम शर्मा, राहुल रावत मौजूद थे।

# सौंदर्यीकरण को विद्यालय में लगाए पौधे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और गाइडस ने विश्व चिंतन सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न फूलों के पौधे रोप कर विद्यालय का सौंदर्यीकरण किया।

प्राचार्य, जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड प्रभारी रविन्द्र कुमार मनचंदा ने बताया कि



विश्व चिंतन सप्ताह में आधारभूत सिद्धांतों को यदि कोई भी जीवन में अमल में लाए तो ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा हो सकती है और देश की सेवा हो सकती है। स्वयं के प्रति अत्यधिक जागरुकता आज के चिंतन सप्ताह का मूल विषय है। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा ने कहा कि स्काउट गाइड आंदोलन के तीन आधार-भूत सिद्धांत हैं पहला ईश्वर के प्रति कर्तव्य दूसरा दूसरों के प्रति कर्तव्य तथा तीसरा स्वयं के प्रति कर्तव्य। मंगलवार को स्वयं के प्रति कर्तव्य की दिशा में विद्यालय में सौंदर्यीकरण के लिए विभिन्न रंग बिरंगे पुष्पों के पौधे रोपे गए। ये सभी पौधे पूर्व छात्र पंकज ने उपलब्ध कराए। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचंदा, अध्यापक संजय मिश्रा, अंशुल, रामकृपाल आदि मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना कोतवाली पुलिस टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली की आरोपी विशाल बटनदार चाकू लेकर हवाबाजी करता हुआ नीलम पुल के पास घूम रहा है। जिस सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आरोपी को बटनदार चाकू सहित काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहंचान विशाल निवासी धीरज नगर थाना पल्ला फरीदाबाद के रुप में हुई है। आरोपी ने बताया कि आरोपी नशे का आदी है।

# ध्वनि प्रदूषण से सुनने की क्षमता हो रही कम, प्रतिदिन आ रहे 300 मरीज

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सुनने** की क्षमता में लगातार आ रही कमजोरी से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 3 मार्च को वर्ल्ड हियरिंग डे मनाया जाता है। शहर में मौजूद विभिन्न निजी और सरकारी अस्पतालों में इस समस्या के रोजाना करीब 300 मरीज सामने आते है। चिकित्सकों के अनुसार जो लोग अधिक समय तक तेज आवाज में संगीत सुनते हैं। शोर वाली जगहों पर काम करते हैं, उन्हें सुनने में परेशानी होती है।

ध्वनि प्रदूषण के कारण लोगों में सुनने की क्षमता कम होती जा रही है। कान में तेल डालना व बाहर से नुकीला सामान से कान साफ करना गलत है। ऐसा करने से कानों को नुकसान हो सकता है। इस बारे में क्यूआरजी हेल्थ सिटी अस्पताल के वरिष्ठ ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल ठुकराल ने बताया कि उनके अस्पताल की ओपीडी में खासकर सुनने की

वर्ल्ड हियरिंग डे पर विशेष


डॉ. अनिल ठुकराल।

समस्या से ग्रस्त 5-7 मरीज रोजाना आते हैं। इस प्रकार हर महीने तकरीबन 200 मरीज आ जाते हैं। कुछ बच्चों में जन्म से ही सुनने की समस्या होती है जिसकी वजह से उन्हें अक्सर सुनने व बोलने में दिक्कतें आती हैं। बुजुर्ग लोगों में उम्र के कारण सुनने की समस्या आती है। वहीं फैक्ट्रियों में मशीनों द्वारा होने वाली तेज आवाज के कारण वहां काम करने वाले कर्मचारियों को भी अक्सर सुनने की समस्या हो जाती है क्योंकि इस दौरान कई जगहों पर कर्मचारी अपने कानों के बचाव के लिए किसी प्रकार के सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल नहीं करते हैं। इसके अलावा चोट लगने के कारण कान का पर्दा फट जाने, शुगर की बीमारी के कारण भी सुनने की समस्या हो जाती है।

### समस्या से बचाव के उपाय

**डॉ. अनिल** ने कहा कि सुनने में परेशानी होने पर कानों की जांच अवश्य कराएं। तेज शोर करने वाली फैक्टरियों में काम करने वाले लोगों को समय-समय पर अपने सुनने की क्षमता की जांच कराते रहना चाहिए। 2 साल तक के छोटे बच्चों में कॉकलियर इंप्लांट की मदद से सुनने की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। बुजुर्ग लोगों में सुनने की क्षमता बढ़ाने के लिए डिजिटल हियरिंग एड्ज उपलब्ध हैं जिनकी मदद से काफी साफ सुनाई देता हैं। नवजात शुशुओं में शंका होने पर बेरा टेस्ट से सुनने की क्षमता की जांच कराएं।

## कर्मचारियों के बकाया वेतन पर जताई कड़ी नाराजगी

**फरीदाबाद।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दर्जनों विभागों के कर्मचारियों के 2 से लेकर 6 महीने तक बकाया वेतन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की है।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष लांबा व महासचिव सतीश सेठी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि टूरिज्म निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, जन स्वास्थ्य, मेवात माडल स्कूलों आदि दर्जनों विभागों के हजारों कर्मचारियों को 2 से लेकर 6 महीने तक वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण यह कर्मचारी एवं उनके परिजन भूखमरी के कागार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया कि टूरिज्म निगम के पर्यटन स्थलों पर कोरोना योद्धा कहें जाने वाले मेडिकल व पैरामेडिकल स्टाफ रुका हुआ है। इनके खाने-पीने, रहने आदि के करीब 35 करोड़ के बिलों का भुगतान सरकार ने नहीं किया है।

# किसान लें सरकारी सेवाओं का लाभ : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से किसानों को सुव्यवस्थित वैज्ञानिक एवं उन्नत तरीकों से खेती करने बारे समय-समय पर मदद दी जाती है। उपायुक्त ने जिला के सभी संबंधित किसानों का आवाहन किया है कि वे पूर्णतया जागरूक रहकर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सेवाओं को हासिल करके अपनी फसलों की अच्छी पैदावार लेकर लाभान्वित हो।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में कृषि उपनिदेशक का कार्यालय लघु सचिवालय, सेक्टर-12 की छठी मंजिल पर स्थित है। इसके अलावा उप मंडल एवं खंड कृषि अधिकारी और कृषि विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के संबंधित किसानों को विकास की योजनाओं के संबंध में अवगत कराने के साथ-साथ आवश्यक दिशा निर्देश भी देते हैं। विभाग द्वारा किसानों को दी जाने



वाली सेवाओं में उन्नत किस्म के बीजों का वितरण, रसायनिक उर्वरक एवं खाद वितरण, खरपतवार नाशक एवं कीटनाशक वितरण आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

इन वस्तुओं को संबंधित एवं अधिकृत थोक और खुदरा व्यापारियों को निर्धारित प्रक्रिया अनुसार उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण कार्यक्रम का क्रियान्वयन भी सुचारू रूप से किया जाता है। दलहन सूक्ष्म सिंचाई जल प्रबंधन राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन गेहूं सूक्ष्म सिंचाई गन्ने जैसी वाणिज्यिक फसल का उत्तम बीज वितरण तथा दलहन बीज वितरण सेवा भी विभाग द्वारा बेहतर ढंग से प्रदान की जाती हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का पढ़ाया पाठ



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ द्वारा वेबीनार पाठशाला में सभी प्रतिभागियों को अलग-अलग विषय पर जानकारी दी गई। भारतीय एथलेटिक महासंघ के महासचिव रविंदर चौधरी, अध्यक्ष आदिल जे सुमारीवाला और प्लानिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ. ललित के भनोट द्वारा जिला स्तर पर राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। भारतीय एथलेटिक महासंघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान की जमीनी स्तर पर दूरगामी सोच है कि राज्य के प्रत्येक जिले में ज्यादा से ज्यादा तकनीकी अधिकारी तैयार हों और नये प्रतिभागियों को निखारने का कार्य करें। भारतीय एथलेटिक महासंघ के वेबीनार पाठशाला के को-आर्डिनेटर दीपक सभी प्रतिभागियों को बारीक से बारीक जानकारी पहुंचाने का कार्य शिद्दत से कर रहे हैं। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि भारतीय एथलेटिक महासंघ के मुख्य कोच राधाकृषनन डैवलपिंग एन हेल्थी डाइट पर अपना ज्ञान दे रहे हैं। डॉक्टर अरुण कुमार दत्ता ने एंटी डोपिंग विषय पर अपना ज्ञान साझा किया और स्टेराइड के साइड इफैक्ट पर भी पूरी जानकारी सभी प्रतिभागियों को प्रदान कीं। अनबर्सु सुब्रहमयंम ने प्लानिंग ए सीजन (पीरियोडिसेशन) का ज्ञान वेबीनार पाठशाला द्वारा सभी तकनीकी प्रतिभागियों को दिया। डॉक्टर सतपाल यादव के द्वारा इंटरोडेक्शन आफ बायोमैकेनिक्स पर ज्ञान दिया जा रहा है। कोच डॉ. जयप्रकाश बुकर इंटरोडेक्शन फीजियोलोजी पर अपने विचार साझा कर रहे हैं। कोच नटराजन के द्वारा फंडामेंटल आफ रनिंग पर जानकारी दी जा रही है।

## लापता लड़की को अलीगढ़ से किया बरामद

**फरीदाबाद।** थाना एसजीएम नगर प्रभारी इंस्पेक्टर संजीव की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए घर से नाराज होकर निकली 12 वर्षीय लड़की को बरामद करने में सफलता हासिल की है। 28 फरवरी को लड़की के परिजनों ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 12 वर्षीय बेटी 26 फरवरी से लापता है। उन्होंने लड़की को आसपास के क्षेत्र में ढूंढने की बहुत कोशिश की परंतु लड़की का कोई सुराग उन्हें नहीं लगा। उन्होंने बताया कि लड़की की माता की मृत्यु हो चुकी है और उसके पिता मजदूरी का काम करते हैं। लड़की की दादी ने किसी बात को लेकर लड़की को डांट दिया था जिसकी वजह से वह नाराज होकर कहीं चली गई। लड़की के परिजनों की शिकायत पर थाना एसजीएम नगर में मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस को सूचना मिली की लड़की अपने मामा के घर अलीगढ़ गई हुई है। कार्रवाई करते हुए एएसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में प्रधान सिपाही राज और महिला प्रधान सिपाही कविता ने एक मार्च की शाम लड़की को अलीगढ़ से सकुशल बरामद करके फरीदाबाद लाया गया और कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद लड़की को सकुशल उसके परिजनों के हवाले कर दिया। लड़की के परिजनों ने अपनी बेटी को वापस पाकर पुलिस टीम ने किए सराहनीय कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया। पुलिस आयुक्त ने टीम द्वारा किए सराहनीय कार्य से खुश होकर उन्हें प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

## जल्दी अमीर बनने की चाहत ने पहुंचाया दो को जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी इंस्पेक्टर कर्मबीर की टीम ने अवैध गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर गांजा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए आरोपियों में आरोपी राजू और वीरेंद्र का नाम शामिल है। आरोपियों के कब्जे से मौके पर 5 किलो 162 ग्राम गांजा बरामद किया है जिसे मोटरसाइकिल सहित पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना छांयसा क्षेत्र में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना मिली थी कि दोनों आरोपी मादक पदार्थ बेचने का काम करते हैं जो थोड़ी देर में बल्लभगढ़ की तरफ से गांजा लेकर अटाली गांव की तरफ आने वाले हैं। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अटाली चौक पर नाकाबंदी करके दोनों आरोपियों को मोटरसाइकिल पर गांजा सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जल्दी अमीर बनना चाहते थे और इसी चक्कर में अवैध नशे का धंधा करने लग गए थे। आरोपी किसी अनजान व्यक्ति से अवैध गांजा लेकर आते थे और नोएडा में ले जाकर बेच देते थे। आरोपी राजू उर्फ राजकुमार पुत्र जयप्रकाश उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद के सेक्टर 23 में रह रहा था। आरोपी वीरेंद्र उर्फ भूरा पुत्र रामचंद्र उत्तर प्रदेश के गाजीपुर का रहने वाला है जो फिलहाल सेक्टर 23 की मच्छी मार्केट में रह रहा था। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## सखी सेंटर में हुई घरेलू हिंसा पर गोष्ठी



**फरीदाबाद।** जिला सिविल अस्पताल स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर, फरीदाबाद में जिला कार्यक्रम अधिकारी अनीता शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-सप्ताह के अंतर्गत महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा पर महिला गोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला कार्यक्रम अधिकारी के साथ जिला संरक्षण अधिकारी हेमा कौशिक, सीएमजीजीए रूपाला सक्सेना, एसएचओ महिला थाना, एनआईटी गीता, अधिवक्ता नीना शर्मा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फरीदाबाद आरसी गोला, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी शकुन्तला रखेजा व मीनाक्षी, केंद्र प्रशासिका, वन स्टॉप सेंटर, फरीदाबाद मीनू आदि के आलावा आंगनबाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथि गणों ने आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर को महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा रोकने बाबत उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 के फायदों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य सभी अतिथि गणों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं को दी जाने वाली सभी सुविधायों के बारे में बताया गया।

## कार्यशाला में छात्रों ने सीखे यूटूबर बने के गुर

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग ने तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को यूटूबर एवं वीडियो ब्लॉगर कैसे बने आदि विषयों से संबंधित जानकारी देना था। कार्यशाला के मुख्य वक्ता दिनेश कुमार थे। जिन्होंने यूटूबर एवं वीडियो ब्लॉगर में अंतर स्पष्ट करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें बताई। जिनमें टिप्स एवं ट्रिक्स, कॉपीराइट से कैसे बचा जाए, स्ट्राइक से कैसे अपने यूट्यूब चैनल को बचाए, एडिटिंग के लिए कौन सा सॉफ्टवेयर इस्तेमाल करे आदि की जानकारी प्रदान की। साथ ही जाने माने यूटुबेरस की जिंदगी से भी रूबरू कराया। इस दौरान कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सविता भगत ने बताया की ऐसी कार्यशाला आदि बेहद जरूरी है पत्रकारिता के छात्रों के लिए एवं सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्म पर अपनी पहचान बनाना मीडिया स्टूडेंट्स की एक अहम् जरूरत है। जिससे उनके क्रिएटिव व्यक्तित्व का विकास होता है। यह सारा कार्यक्रम विभागाध्यक्ष रचना कसाना की देख रेख में किया गया। उन्होंने मुख्य अथिति को धन्यवाद देते हुए कार्यशाला का समापन किया।

# आपके द्वार राम सेवक आए हैं...सुनते ही खुलते गए बंद द्वार

## मयूर कुंज की टोली ने मंदिर निर्माण को एकत्रित किए 147500 रुपये

## आसपास के क्षेत्रों में 2500 परिवारों तक पहुंचे राम सेवक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सोहना रोड स्थित मयूर कुंज क्षेत्र में राम मंदिर निर्माण को चंदा एकत्रित करते लोग।

**आपके** द्वार राम सेवक आए हैं। जब यह बात लोगों के कानों तक पहुंची तो लोग घरों से बाहर निकले और राम सेवकों का स्वागत करके उन्हें मान-सम्मान के साथ घर की दहलीज के भीतर बुलाया। श्रद्धानुसार उन्हें राम मंदिर निर्माण में सहयोग राशि देकर आस्था के इस समुद्र में अपनी ओर से आहुति दी। साथ ही श्रीराम के जयकारे भी लगाए गए।

यहां सोहना रोड स्थित मयूर कुंज सोसायटी की टोली ने राम मंदिर निर्माण को निधि समर्पण अभियान के अंतिम पड़ाव में पूरे जोश-जुनून के साथ काम करना शुरू किया। शिक्षक वेद प्रकाश गौड़, अमन विस्तारक, ब्रोन्जेन ब्राइट वर्ल्ड स्कूल कृष्णा कुंज के संस्थापक कर्ण, निर्मल एनक्लेव से राजेश शर्मा, मयुर कुंज से राजू, प्रेम सागर, त्रिलोचन, पवित्रा, ब्रज, जीवानंद, सुजीत आदि इस अभियान में जुटे। पूरी शिद्दत से काम करते हुए उनकी टोली ने मयुर कुंज, मयुर कुंज भाग दो, विमल एनक्लेव, निर्मल एनक्लेव, शनि एनक्लेव, शिव कॉलोनी, भरत नगर, एकता एनक्लेव, मारुति कुंज मुख्य रास्ते की सभी दुकानों, कॉलोनियों के परिवारों को इस अभियान से जोड़ा और निधि एकत्रित की। क्षेत्र के करीब 2500 परिवारों को इस राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक अभियान से जोड़ा। मयूर कुंज टोली के इस अभियान के लिये किये गये कार्यों व समर्पण की मारुति कुंज नयागांव के लोगों ने प्रशंसा की।

शिक्षक वेद प्रकाश गौड़ के मुताबिक उनकी टोली का उद्देश्य भगवान श्रीराम अयोध्या मंदिर के निधि समर्पण कार्यक्रम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना था। इस अभियान में टोली के प्रत्येक सदस्य ने अपना पूरा समय व सहयोग दिया। हर द्वार पर पहुंचकर टोली ने एक ही आवाज लगाई-आपके द्वार राम सेवक आए हैं। यह बात सुनकर हर किसी के दरवाजे राम भक्तों के स्वागत, सत्कार के लिए खुलते चले गए। टीम ने क्षेत्र से 1,47,500 रुपये एकत्रित किए। जिनमें से 1,32,500 रुपये आरएसएस के नगर कार्यवाह किशोर को सौंपे, वहीं बाकी 15 हजार रुपये नगर सह-कार्यवाह जगदीश नागपाल को सौंपे।

# जिले में भूमिगत जल स्तर की स्थिति सुधारने को चलेगा अभियान

## गुरुजल सोसायटी की टीम व नगर योजनाकार विभाग मिलकर चलाएंगे अभियान

**गुरुग्राम।** जिले में भूमिगत जल स्तर की स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से जल्द ही जिला प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। अभियान उपायुक्त एवं गुरुजल सोसायटी के चेयरमैन डा. यश गर्ग के मार्ग दर्शन में गुरुजल सोसायटी की टीम द्वारा जिला नगर योजनाकार विभाग के साथ मिलकर चलाया जाएगा।

उपायुक्त डा. यश गर्ग ने बताया कि जिले में घटता भूमिगत जल स्तर हम सभी के लिए चिंता का विषय है। मानसून आने से पहले जरूरी है कि बारिश के पानी के संचयन तथा जल संरक्षण को लेकर पहले से कार्य योजना तैयार की जाए। उपायुक्त ने गुरूजल सोसायटी की टीम को निर्देश दिए हैं कि इस दिशा में चरणबद्ध तरीके से एक्शन प्लान तैयार करें। वे जिला नगर योजनाकार विभाग के साथ मिलकर जिला में विभिन्न स्थानों पर लगे रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों को चालू हालत में होना सुनिश्चित करने के लिए एक अभियान चलाएं। उपायुक्त के निर्देशों को अमलीजामा पहनाते हुए गुरूजल सोसायटी की टीम ने जिला नगर योजनाकार (प्लानिंग) संजीव कुमार तथा डीटीपी एन्फोर्समेंट आर एस भाठ के साथ बैठक की है। इस बैठक में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों के मानदंड तथा इसे लेकर बनाए गए कानूनी मानदण्डों की पालना पर चर्चा की गई। इसके साथ ही रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों के स्टेट्स तथा इनकी फंक्शनेलिटी चैक करने के लिए इंफोर्समेंट ड्राईव चलाने की रूपरेखा तैयार की गई है। डीटीपी प्लानिंग ने गुरूजल की टीम को सुझाव दिया कि वे जिला में ऐसे क्षेत्रों की पहचान करें जहां पर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसी प्रकार डीटीपी एन्फोर्समेंट ने भी सुझाव दिया है कि जल्द ही रेन वॉटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों की चेकिंग के लिए सघन अभियान चलाया जाए।

# संक्षिप्त समाचार

## सर्वोत्तम माता स्पर्धा में वनीता, मीनू और रेखा विजेता



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम खंड अर्बन-2 का सर्कल व खंड स्तर पर सर्वोत्तम माता पुरस्कार स्पर्धा का आयोजन किया। स्पर्धा में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। ब्लॉक के बाद खंड स्तर पर चुनी गई सर्वोत्तम माताओं को पुरस्कृत भी किया। पहले सर्कल स्तर पर हुई स्पर्धा में कादीपुर सर्कल में वनीता इस्लामपुर प्रथम, मीनू इस्लामपुर द्वितीय और मंजू फाजिलपुर तृतीय स्थान पर रही। खंड स्तरीय सर्वोत्तम माता पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 18 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) सुनैना मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने को प्रेरित किया। चूल्हा-चौका के साथ उन्हें सही खानपान की जानकारी भी दी। सीडीपीओ इंदु बाला ने सभी प्रतियोगी महिलाओं स्कीमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं के उत्थान को अनेक स्कीमें संचालित की हैं। उनका लाभ अवश्य उठाएं। बाल विकास एवं परियोजना विभाग इसमें हर सहायता देने को संकल्पबद्ध है। महिलाओं, बच्चों से संबंधित योजनाओं को लेकर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में वनीता इस्लामपुर प्रथम, मीनू इस्लामपुर द्वितीय और रेखा सुखराली तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को क्रमश: 4000 रुपये, 3000 रुपये और 2000 रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए।

## शादी-समारोह से लौट रहे व्यक्ति से गन प्वॉइंट पर लूट

**पलवल।** रात के समय शादी-समारोह से वापस आ रहे व्यक्ति से बाइक सवार चार युवक गन प्वॉइंट पर हजारों रुपये की नकदी और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच अधिकारी सुरेश कुमार के अनुसार पलवल निवासी अलाउद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई है कि 28 फरवरी शाम को वह दोस्त की बेटी की शादी में मुस्कान गार्डन में गया था। देर रात एक बजे लौटते समय कमेटी चौक के पास बाइक सवार चार युवकों ने रोककर मारपीट शुरू कर दी। दो युवकों ने पिस्टल निकाली और बट्ट से सिर पर हमला कर दिया। चारों युवक 20 हजार रुपये और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## चार वर्षीय बेटी के साथ महिला रहस्यमयी परिस्थिति में लापता

**पलवल।** कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत 32 वर्षीय महिला चार वर्षीय बेटी के साथ रहस्यमयी परिस्थिति में लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर गुमशुदी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच अधिकारी रामजीवन के अनुसार एक पीड़ित व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है की उसकी पत्नी चार वर्षीय बेटी को लेकर 28 फरवरी को बगैर कुछ बताए घर से कहीं चली गई। जिसे काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भूखा न रहे कोई अभियान के तहत जरूरतमंदों को दी खाद्य सामग्री



**होडल।** अखिल भारतीय कोली समाज द्वारा भूखा रहे न कोई अभियान की शुरुआत की गई। आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी जिला अध्यक्ष चरणसिंह तेवतिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन संस्था के प्रवक्ता, पूर्व पार्षद लखन लाल ने किया। मुख्य अतिथि चरण सिंह तेवतिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए चलाया गया यह अभियान एक पुनीत एवं मानवीय कार्य है। समाज के प्रत्येक साधन संपन्न व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की सहायता करनी चाहिए। मानव सेवा ही सभी धर्मों का मूल है और नर सेवा ही नारायण सेवा है। आज संस्था द्वारा 150 जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामग्री के पैकेट बांटे गए हैं। एक पैकेट में लगभग 15 किलो खाद्य सामग्री रखी गई है जिसमें उनके लिए आटा, चावल, तेल, दाल, चना और मसाले आदि शामिल हैं। लाभार्थियों में मुख्य रूप से बुजुर्ग, विधवा और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं शामिल हैं। संस्था के पास जितनी मात्रा में संसाधन उपलब्ध होंगे। उसी अनुपात में संस्था इसी प्रकार के मानवीय एवं पुनीत कार्य करती रहेगी। संस्था के होडल शहर प्रधान जगदीश मुनीम, प्रेम टेलर, प्रेमचंद महावर, शिवहरि ठेकेदार, रमेश चंद चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष और वंदे मातरम् गीत के साथ हुआ।

## दिव्यांग बच्चों को दिया व्यवसायी प्रशिक्षण

**सोहना।** दिव्यांग बच्चों को रोजगारमुखी बनाने के लिए व्यवसायी प्रशिक्षण में अभिभावक व शिक्षकों को जागरूक किया। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल परिसर में दो दिवसीय शिविर में दिव्यांग बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं और अधिकारों के विषय में जानकारी दी गई। मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन 15 शिक्षक और 25 दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने भाग लिया। जिसमें जिलेन्द्र सिंह व मौहम्मद रियाज ने प्रशिक्षण देने का काम किया। आरपीडब्ल्यूडी खंड केंद्र में स्थित अंजू, निधि, नेमीशरण, योगेश कुमार और कृष्ण यादव ने दिव्यांग बच्चों को समझाया। राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र वर्मा ने भी शिक्षक और अभिभावकों को संबोधित किया। दो दिवसीय परामर्श शिविर में आरपीडब्ल्यूडी कानून 2016 के तहत दिव्यांग बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाएं एवं अधिकारों के विषय में विस्तार से बताया। परामर्श के दौरान शिक्षक और अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब दिए। शिविर में टेली फिल्म से भी जागरूक किया गया।

# तरणताल चलाने को फिर से लेनी होगी अनुमति

**गुरुग्राम।** जिन तरणतालों को वर्ष 2021 में 5 साल व 1 साल तक चलाने के लिए जो लाइसेंस जारी किए गए हैं, उन सभी तरणतालों को कोरोना महामारी की गाइडलाइंस के अनुसार फिर से अनुमति लेनी होगी। इसके लिए जिला खेल कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी ने देते हुए कहा कि इसके लिए 20 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोरोना महामारी के दिशा-निर्देशों को लेकर जिला उपायुक्त एवं जिला खेल परिषद के प्रधान के आदेशानुसार तरणताल चलाने को लेकर जारी किए गए दिशा-निर्देशों की पालना जरूरी है। खेल अधिकारी जेजे बैनर्जी के मुताबिक इसके लिए समस्त तरणतालों के संचालकों के आदेश दिए जाते हैं कि वह अपने दस्तावेज नये या रिन्युअल लाइसेंस के लिए जिस तरह से आवेदन करते हैं, उसी तरह से खेल कार्यालय से आवेदन पत्र व गाइडलाइंस लें। अपने तरणताल पर सभी सेफ्टी उपकरण, पानी की टैस्ट रिपोर्ट के दस्तावेज फाइल के साथ 20 मार्च 2021 तक लगाकर आवेदन करें।

# रसोई गैस के बढ़े दाम मजदूर की जेब पर भारी

## महिलाओं को याद आने लगा लकड़ी से जलने वाला चूल्हा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**रसोई** गैस की कीमत बढ़ने से गरीब और मजदूर वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ने लगा है। माध्यम वर्गीय परिवारों को ईंधन से चलने वाला चूल्हा याद आने लगा है।

दो दिन पहले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में आई बढ़ोतरी ने गरीब, मजदूर और मध्यवर्गीय परिवार का बजट हिला दिया है। ऐसे परिवार की महिलाएं अब इंधन से चलने वाले चूल्हे को फिर से जलाने की तैयारी में जुट गई हैं। घरेलू महिलाएं जंगल से लकड़ियां लाने की योजनाए बनाने लगी हैं। ताकि एक माह में खर्च होने वाले रसोई सिलेंडर को दो माह तक चलाया जा सके।

### क्या कहना है लोगों का



सुन्दरी।



प्यारेलाल।



हिमांशी।

**वार्ड-14** के निवासी प्यारेलाल ने बताया कि पिछले दो माह में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी होने से उनके परिवार का बजट बिगाड़ दिया है। लॉकडाउन के बाद से गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के सदस्यों को रोजी-रोटी कमाने के लाले पड़े हुए हैं। दूसरा डीजल-पेट्रोल के बाद रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा होने से गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका लगा है। हिमांशी का कहना है कि लॉकडाउन के बाद मध्यमवर्गीय परिवार के सदस्यों को नौकरिया नहीं मिल रही हैं। दूसरा ऐसे में जीवन उपयोगी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से जेब पर भारी बोझ पड़ता है। रसोई गैस सिलेंडर अब गरीब से गरीब परिवार प्रतिदिन उपयोग नहीं कर सकता। दमदमा निवासी सुन्दरी का कहना है कि रसोई गैसे सिलेंडर अब मजदूर की एक दिन कमाई से भी अधिक कीमत का हो गया। मजदूर को आज के दौर में हर दिन काम नहीं रहा है। इसलिए मजदूर परिवार एक बार फिर लकड़ी से जलने वाले ईंधन वाले चूल्हे पर ही खाना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## सरकारी योजनाओं लाभ का आधार कार्ड व बैंक खाते के बिना नहीं : डॉ. चिनार

**सोहना।** सोहना एसडीएम डॉ. चिनार चहल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड और बैंक खाता होना बहुत जरूरी है। ग्रामीण अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाएं। खंड के गांव रायपुर में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में ग्रामीणों के लिए आधार कार्ड व बैंक खाता खोलने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग से रेखा सोनी, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी आनंद सिंह, सीएम जीजीए से नयोनिका, स्कूल प्रभारी अनीता भंडारी आदि मौजद थीं।

# जिला कोर्ट परिसर में दो अधिवक्ता आपस में भिड़े

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** कोर्ट परिसर में दो अधिवक्ताओं के बीच आपस में मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी यादराम के अनुसार गांव धामाका निवासी अधिवक्ता प्रदीप रावत ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मार्च सुबह दस बजे जब कोट परिसर में पहुंचा तो वहां पर अधिवक्ता वेदप्रकाश व दो अन्य व्यक्ति आ गए और फोटोकापी मशीन की तरफ पीड़ित को घेरकर मारपीट की।

अधिवक्ता वेदप्रकाश ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मार्च शाम चार बजे जब घर जाने के लिए पार्किंग से अपनी बाइक निकाल रहा था तो पहले से ताक लगाए बैठे अधिवक्ता प्रदीप रावत और उसके अन्य साथियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया और जरूरी कागजात सहित पर्स से पांच हजार रुपये छीन लिए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 12 साल कारावास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**यहां** की एक अदालत ने सात साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को 12 साल कारावास की सजा सुनाई है। यह जघन्य अपराध उसे वर्ष 2016 में किया था। इस सजा की यहां अदालत में दिनभर चर्चा रही और लोग ऐसे आरोपियों को और कड़ी सजा देने के पक्षधर भी रहे।

बता दें कि 22 अप्रैल 2016 को जोउद्दीन नामक व्यक्ति पीड़ित बच्ची के घर पर मिस्त्री का काम कर रहा था। मात्र सात साल की बच्ची घर पर कमरे में अकेली सो रही थी। उसका पिता पशुओं को चारा खिलाने गया था। जब वह लौटा तो देखा कि बच्ची की कमरे के भीतर से चिल्लाने की आवाज आ रही थी।

कमरा खुलवाने पर देखा कि जोउद्दीन बच्ची के साथ संदिग्ध हालत में था। पिता की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची का मेडिकल कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चार्ज शीट पेश की। केस में पीड़ित बच्ची की तरफ से फरिश्ते ग्रुप की मुख्य सचिव एडवोकेट अंजू रावत नेगी ने पैरवी की। पीड़ित बच्ची व अन्य गवाहों के विश्वसनीय बयानों और सबूतों के आधार पर 26 फरवरी को दोषी जोउद्दीन को जिला व सत्र न्यायलय में न्यायाधीश भावना जैन ने दोषी करार दिया था।

मंगलवार दो मार्च को दोषी को 12 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा 4 लाख रुपये का मुआवजा पीड़ित बच्ची को देने के आदेश अदालत ने दिए। जुर्माना न भरने पर दोषी को एक साल अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पीड़िता को केस में आने जाने व अन्य खर्च भी फरिश्ते ग्रुप ने वहन किया।

# घर में घुसकर धमकी देने के आरोप में नौ नामजद

**पलवल।** घर में घुसकर परिवार पर लाठी-डंडा, ईंट-पत्थरों से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। गदपुरी थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नौ नामजद व चार-पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी दीपक के अनुसार गांव दूधौला निवासी विकास ने शिकायत दर्ज कराई है कि 28 फरवरी शाम को गांव निवासी रणजीत का बेटा घर की तरफ मुंह करके बाथरूम करने लगा। पीड़ित की मां शीला ने विरोध किया तो गाली देने लगा। कुछ देर बाद दस-पंद्रह आदमी व औरतों ने लाठी-डंडा, ईंट-पत्थर से घर में घुसकर हमला कर दिया। पीड़ित के घर का दरवाजा और घरेलू सामान तोड़ दिया। हमले के दौरान पीड़ित के पिता चंद्रपाल, मां शीला देवी, भाई हरिप्रकाश, अवदेश, भाभी रीना और पत्नी प्रियंका को चोटें आई। पीड़ित के परिवार का शोर सुनकर गांव के अन्य लोगों ने उन्हें बचाया। पीड़ित ने शिकायत में कहा है कि उसके परिवार पर हमला करने वाले गांव निवासी रणजीत, अजीत, कर्मवीर महेंद्र, सचिन, पूरण, सुमन, सपना, विवेक व उनके चार-पांच अन्य साथी थे जो कि जाते समय जान से मारने की धमकी देकर गए।

# मेयर मधु आजाद ने जनता दरबार लगा सुनीं समस्याएं

## आमजन की शिकायतों में कोताही न बरतें अधिकारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मेयर** मधु आजाद की मौजूदगी में वार्ड-15 में मंगलवार को जनता दरबार लगाया गया। इस मौके पर निगम पार्षद सीमा पाहुजा की मौजूदगी में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार व कार्यकारी अभियंता तुषार यादव सहित अन्य अधिकारियों ने जन शिकायतें सुनी।

जन शिकायतों का मौके पर हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान करने की कार्रवाई तुरंत ही शुरू की गई। जिन शिकायतों का समाधान लम्बे समय में किया जाना है, उनके बारे में कार्रवाई शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मेयर मधु आजाद ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी शिकायतों के बारे में जानकारी लेकर उनका समाधान करने के उद्देश्य से जनता दरबार आयोजित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जन शिकायतों का समाधान जल्द से जल्द करवाएं। अगर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कोताही बरतता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने हेतु हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री अनिल विज को अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दों एवं शिकायतों के समाधान में कोताही बिलकुल भी ना की जाए।

उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दी गई शिकायतों में से तुरंत हल हो सकने वाली शिकायतों का समाधान तुरंत ही किया जाएगा तथा जिन शिकायतों के समाधान में लम्बा समय लगना है, उस बारे में प्रक्रिया शुरू करने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार ने कहा कि नगर निगम के आयुक्त विनय प्रताप सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार वार्ड-15 में यह जनता दरबार लगाया गया है। इसमें मुख्य रूप से सड़कों से मिट्टी उठाने, ड्रेनेज एवं सीवरेज सफाई, सड़कों का पैच वर्क करवाने, अतिक्रमण, पेयजल आपूर्ति आदि से संबंधित शिकायतों का समाधान करने बारे अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं।

# 10 करोड़ ग्राहकों ने हीरो मोटोकॉर्प में अपना भरोसा प्रदर्शित किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**हीरो** मोटोकॉर्प ने हाल ही में 10 करोड़ संचयी उत्पादन करने की स्मारकीय उपलब्धि हासिल की, जिससे एक संगठन के रूप में इसका लचीलापन, दृढ़ता एवं धैर्य प्रदर्शित होता है। यह उपलब्धि दुनिया में सबसे तीव्र उपलब्धियों में से एक है और एक भारतीय ऑटोमोटिव कंपनी द्वारा प्राप्त की गई पहली उपलब्धि है। पहले पांच करोड़ का आंकड़ा छूने में कंपनी को 29 साल लगे, जबकि अगले पांच करोड़ तक पहुंचने में सात साल लगे।

कंपनी विभिन्न सेगमेंट्स में अपने ग्राहकों को विजेता उत्पाद प्रस्तुत करती है। देश में बिकने वाली हर दूसरी बाइक हीरो मोटोकॉर्प उत्पाद है; जिससे घरेलू मोटरसाइकिल बाजार में 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा मिलता है। यह लोकप्रियता ग्राहकों के लिए हर सेगमेंट - एंट्री, डीलक्स और प्रीमियम में उत्पाद प्रस्तुति के चलते है। इस बड़ी उपलब्धि के बारे में नवीन चौहान, हेड ऑफ सेल्स एवं आफ्टर-सेल्स, हीरो मोटोकॉर्प ने कहा, यह बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सबसे बड़ा योगदान ग्राहकों ने दिया। हमें दुनिया का नंबर 1 टू-व्हीलर निर्माता बनाने के लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। इससे हमारे उत्पाद एवं हमारे सिद्धांत में ग्राहकों के विश्वास की पुष्टि होती है। हीरो मोटोकॉर्प दुनिया में लगातार 20 सालों तक बाइक एवं स्कूटर्स का सबसे बड़ा निर्माता रहा है। यह ब्रांड अगले 10 सालों में अगला 100 मिलियन का आंकड़ा छूने का लक्ष्य बना रहा है। नवीन चौहान ने कहा, "पिछले दो दशकों में हमने सेल्स में निरंतर वृद्धि दर्ज की है जिससे हम लगातार 20 सालों तक दुनिया का सबसे बड़ा टू-व्हीलर निर्माता बने रहने की प्रतिष्ठा कायम रख सके। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि हम सर्वश्रेष्ठ माइलेज के साथ अभिनव उत्पाद प्रस्तुत कर रहे हैं और अपने विस्तृत वितरण नेटवर्क के साथ देश के हर कोने में अपने ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं। अगले पांच सालों तक हर साल, हम 10 नए उत्पाद लॉन्च करेंगे, जिनमें अपग्रेड और वैरिएंट होंगे।

# पंचकुला में होडल जिले के नौ खिलाड़ियों ने किए मेडल हासिल

**होडल।** पंचकुला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 30वीं हरियाणा मास्टरज एथैलेटिक प्रतियोगिता में पलवल जिले के नौ खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर अपने जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में जिले के पांच खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक, तीन ने कास्य और एक अध्यापक ने रजत पदक हासिल किया है।

प्रतियोगिता में मेडल लाने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी 20 से 24 मार्च तक छत्तीसगढ़ में होने वाली 42वीं अखिल भारतीय मास्टरज प्रतियोगिता के हुआ है। जानकारी देते हुए स्वर्ण पदक विजेता डॉ. शिवकुमार कुमार ने बताया कि पंचकुला में आयोजित एथैलेटिक प्रतियोगिता में उन्होंने आयु 55 से उपर में ऊंचीकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है, एचसी श्याम राज गदोरिया ने सौ व दो सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, पूर्व एएसआई भगत सिंह ने सौ व चार सौ मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक, सुरेश भाटी ने ट्रायल जंप में स्वर्ण पदक, मनाज कुमार ने लंबीकूद में स्वर्ण पदक हासिल किया है। एचसी बृजपाल ने जैवनिक थ्रो में कास्य, एएसआई संजय कुमार ने डिस्कस थ्रो में कास्य और सुरेश भाटी ने ट्रायल जंप में कास्य पदक हासिल किया है।

# भारत में जियो काईओएस के 10 करोड़ से ज्यादा यूजर्स को वीडियो स्टोरीज का अनुभव देने के लिए रिलायंस जियो और फायरवर्क ने मिलाया हाथ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**रिलायंस** जियो ने भारत में अपने 10 करोड़ से ज्यादा काईओएस यूजर्स को वीडियो स्टोरीज का अनुभव देने के लिए फायरवर्क शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म से हाथ मिलाया है। देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी जियो ने दुनियाभर में 'स्टोरीज' फॉर्मेट की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए फायरवर्क की 'स्टोरीज' को काईओएस यूजर्स और जियो डेवलपर्स ग्रोथ पैड पर उपलब्ध कराया है।

अब फायरवर्क सभी जियो काईओएस फोन में उपलब्ध होगा। फायरवर्क को जियो ब्राउजर में भी इंटीग्रेट किया गया है। 2019 में भारत में अपनी लांचिंग के बाद से ही सिलिकॉन वैली की फायरवर्क तेजी से लोकप्रिय हो रही है और भारत में पब्लिशर्स एवं ब्रांड्स के लिए यह प्रेफर्ड पार्टनर के रूप में उभरी है। फायरवर्क का एसएएएस आधारित सिस्टम 'स्टोरीज' फॉर्मेट को आसानी से इंटीग्रेट करने का मौका देता है, जो अभी तक एप पर ही उपलब्ध हो पाता था। फायरवर्क के 'स्टोरीज' की मदद से किसी भी एप या ओपन वेब जैसे किसी भी प्लेटफॉर्म पर आसानी से 'स्टोरीज' फॉर्मेट शॉर्ट वीडियो इंटीग्रेट करना संभव होगा। इस सर्विस की मदद से भारत में पहले से ही कई अग्रणी पब्लिशर्स अपने यूजर्स को बेहतरीन शॉर्ट वीडियो कंटेंट उपलब्ध करा रहे हैं।

फायरवर्क इंडिया के सीईओ सुनील नायर ने कहा, 'जियो ने भारत में अपने काईओएस इकोसिस्टम के जरिये और फिर इन फोन के लिए बेहतरीन एप बनाते हुए कनेक्टेड यूजर्स की नई कैटेगरी तैयार की है। उनका फायरवर्क पब्लिशर्स को अपनाना शॉर्ट वीडियो नेटवर्क प्लेटफॉर्म के क्षेत्र में फायरवर्क की उत्कृष्टता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य कारोबारों एवं पब्लिशर्स को मजबूत करना और शॉर्ट वीडियो स्टोरीज फॉर्मेट के जरिये उनके प्लेटफॉर्म पर कंज्यूमर को आकर्षित करना है। काईओएस ने शॉर्ट वीडियो कैटेगरी में नए ऑडियंस के लिए दरवाजे खोले हैं और इस गठजोड़ से इस अवसर को भुनाने का मौका मिलेगा।'

# सीएचसी पिनगवां भवन उद्घाटन से पहले ही रिपेयरिंग की हालत में पहुंचा

रिजवान कासिम। मेवात

### महीनों में होने वाला कार्य करीब 10 से 12 वर्षों में भी नहीं हो पाया पूरा

**स्वास्थ्य** सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए पिनगवां कस्बे में कई साल पहले अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत द्वारा की मदद से पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) को सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में पदोन्नत किया गया।

भवन को सभी सुविधाओं से लैस और जल्द बनाकर देने के लिए एनबीसीसी को टेंडर दे दिया गया, लेकिन कछुआ गति से काम हुआ और महीनों में होने वाला काम करीब 10-12 साल में भी नहीं हो पाया। इतने लम्बे समय में सरकार भी सूबे में बदल गई, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं में कोई खास सुधार पिनगवां कस्बे में देखने को नहीं मिला। हद तो तब हो गई जब भवन उद्घाटन से पहले ही रिपेयरिंग मांगने लगा। अब इसे घटिया सामग्री से बना भवन कहें या स्वास्थ्य विभाग की देखरेख का अभाव। कुछ भी हो, लेकिन नए भवन के इन दिनों शीशे से लेकर दीवारों में मरम्मत आदि का काम चल रहा है। लोग स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली और भवन निर्माण से खुश नहीं हैं। लोगों का मानना है कि स्वास्थ्य विभाग यहां कर्मचारियों की नियुक्ति कर इस अस्पताल को सुचारु करे तो इलाके के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूरदराज इलाकों में भटकना नहीं पड़ेगा।

पिनगवां कस्बे के साथ-साथ दर्जनों गांवों के लोगों को उस समय अपार खुशी हुई थी, जब कस्बे में करीब 10-12 साल पहले अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पीएचसी को सीएचसी में बनाने का काम शुरू हुआ। सीएचसी के निर्माण पर 2.54 करोड़ से अधिक रुपये खर्च होने थे। एनबीसीसी को निर्माण का काम सौपा गया, लेकिन चंद महीनों बाद काम बंद हो गया। सीएचसी भवन का कार्य 2012 में पूरा होना था, लेकिन अब 2021 में पहुंच चुके हैं।


सीएचसी पिनगवां भवन उदघाटन से पहले ही रिपेयरिंग के हालात।

पिनगवां कस्बा के लोगों का कहना है कि हमें पूर्ण मात्रा में स्वास्थ्य सेवाए नहीं मिल रही। अस्पताल में पानी की कमी है। लेडी डॉक्टर भी नहीं है। बुखार, सिरदर्द, खुजली की टेवलेट की दवा तक ही अस्पताल सिमट कर रह गया है। मरीजों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है।

आपको बता दें कि करीब 20-25 गांवों के लिए एक ही अस्पताल है, जिसमें तीन से चार बैड हैं। गांवों के लोगों ने कहा कि अस्पताल में सुविधा नहीं होने से मरीजों को अल आफिया अस्पताल मांडीखेड़ा, अलवर या फिर दिल्ली के लिए रैफर किया जाता है। मरीज की रास्ते में जान भी चली जाती है। अगर सीएचसी पिनगवां बन जाती है, तो क्षेत्रों के लोगों को काफी फायदा हो सकता है।

यूपीए सरकार में तत्कालीन अल्पसंख्यक मंत्री के रहमान खान ने पिनगवां कस्बे का दौरा कर मौके पर ही एनबीसीसी को फटकार लगाई, परन्तु कोई भी फटकार काम समय पर कंप्लीट नहीं करा पाई। बाद में भाजपा सरकार से काफी उम्मीदें बढ़ीं।

सत्ता बदल गई, लेकिन निजाम नहीं बदला। मनोहर पार्ट - एक में भी काम तो जैसे-तैसे दोबारा शुरू हो गया, लेकिन उद्घाटन से पहले ही भवन जवानी से पहले बुढ़ापे की तरफ चल दिया। अब देखना यह है कि पिनगवां कस्बे के साथ-साथ करीब दो दर्जन गांवों के लोगों को इस भवन से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

### लेबर रूम का कार्य कंप्लीट नहीं हो पाया है



**जब** इस बारे में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. बसंत दुबे से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि लेबर रूम का कार्य कंप्लीट नहीं हो पाया है। मामला जमीन के विवाद को लेकर कोर्ट में चल रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सीएमओ सुरेंद्र यादव अस्पताल का दौरा करेंगे।

# गर्भपात केंद्रों पर डिलीवरी के नाम पर चल रहा कमीशनखोरी का खेल

### तावडू नगर में अवैध रूप से संचालित हैं गर्भपात केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



तावडू नगर के बावला रोड पर संचालित एक गर्भपात केंद्र।

**नगर** में गर्भपात केंद्रों पर अवैध रूप से डिलीवरी के नाम से कमीशन बाजी करने का मामला सामने आया है। गांव छारोड़ा के एक व्यक्ति ने इस संदर्भ में गत जनवरी में सीएम विंडो पर शिकायत डाली थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई न होने के चलते अब दोबारा सीएम विंडो पर शिकायत की गई है।

स्वास्थ्य विभाग सीएम विन्डो की शिकायत पर सख्त एक्शन के मूड में है। सीएचसी तावडू के प्रवर चिकित्साअधिकारी डॉ. देवेंद्र सोलंकी ने बताया कि तावडू में करीब 13 निजी अस्पतालों में जापा केंद्र हैं। जिनमें केवल एक ही केंद्र रजिस्टर्ड है। केंद्र संचालकों पर आशा वर्करों व स्टाफ नर्स से साठगांठ और चोरी छिपे गर्भपात करने के आरोप लगे हैं। उन्होंने बताया कि सीएम विंडो की शिकायत पर तीन सदस्य कमेटी और वह स्वयं इस मामले की जांच में जुटे हुए हैं। 10 दिन के अंदर समस्त जापा केंद्रों की गहनता से जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि जनवरी में यह सीएम विंडो उनके पास आई थी तब उन्होंने अपने स्तर पर गोपनीयता से इस संदर्भ में रिपोर्ट तैयार की जिसमें सामने आया कि सीएचसी तावडू के अधीन आने वाले जापा केंद्रों पर 7-8 आशा वर्करों और 1-2 स्टाफ नर्स की साठगांठ है। वहीं मोहम्मदपुर अहीर पीएचसी की एक स्टाफ नर्स भी जांच के घेरे में हैं। गांव छारोड़ा की एक आशा वर्कर के विरुद्ध इस संदर्भ में लिखित शिकायत भी आई है। शिकायत में आशा वर्करों व स्टाफ नर्स पर आरोप है कि ये सरकारी अस्पताल में डिलीवरी कराने की बजाय गर्भवती महिलाओं को निजी अस्पतालों में भेजती हैं और वहां से कमीशन वसूलती हैं। तावडू में कुछ जापा केंद्रों पर चोरी छिपे गर्भपात की शिकायत भी सीएम विंडो द्वारा उनके पास आई है। उन्होंने कहा कि शिकायत बेहद गंभीर है व इस संदर्भ में टीम गठित कर ली गई है व विभाग सघन चेकिंग शुरू करेगा। जिन जापा केंद्रों पर इस तरह की शिकायत के पुख्ता सबूत मिल गए वहां सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत जापा केंद्र शहर में खुले हुए हैं उन सभी की जल्द तालाबंदी कर उनके संचालकों के विरुद्ध विभाग की ओर से कार्रवाई की जाएगी। आपको बता दें कि नगर के बावला रोड पर तीन, नूंह रोड पर तीन, लखपत चौक पर दो, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक और पटौदी टौदी रोड सहित पर दर्जनों की संख्या में गर्भपात केंद्र संचालित हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़ी संख्या में ऐसे अवैध रूप से चलने वाले गर्भपात केंद्र हैं।

# पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले, कई थानेदार बदले

दीपक कुमार। नूंह

**नूंह** पुलिस कप्तान नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने नूंह पुलिस में बड़े स्तर पर तबादले के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने तबादला लिस्ट जारी कर कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया है। सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए तबादले किये गए हैं। जानकारी के मुताबिक पिनगवां थाना प्रभारी चंद्रभान को अब तावडू थाना प्रभारी लगाया है। पिनगवां थाना के एडिशनल एसएसओ रहे मलखान सिंह को रोजकामेव का थाना प्रभारी लगाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। अधिकारियों को इधर से उधर कर एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया ने साफ संकेत दिए हैं कि वे पुलिस कार्यशैली में आमूल-चूल बदलाव के मूड में है।

मलखान सिंह ने रोजकामेव थाने का कार्यभार संभाल लिया है। रोजकामेव थाना प्रभारी मलखान सिंह ने कहा कि नूंह एसपी नरेंद्र सिंह बिजारनिया के दिशा निर्देश का पालन करते हुए रोजकामेव थाना अंतर्गत जुआ सट्टा, चोरी, टटलूबाजी, अवैध खनन, ओवरलोडिंग किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। साथ ही लंबित पड़े पुराने केसों का निपटान और नए मामलों में जांच करते हुए जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। रोजकामेव थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशानिर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोविड-19 दिशा-निर्देशों जैसे मास्क पहनना, हाथों की सफाई और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें, समय-समय पर नूंह एसपी के आदेश पर जागरुकता अभियान चलाए जाएंगे।


मलखान सिंह ने रोजकामेव थाने का कार्यभार संभाला

# कुश्ती में गांव सोंहद के दो खिलाड़ियों ने मेडल जीते

कैलाश मंगला। होडल

**गुरुग्राम** के दौलताबाद में आयोजित दो दिवसीय हरियाणा स्टेट चैम्पियनशिप कुश्ती प्रतियोगिता में गांव सोंहद के दो खिलाड़ियों ने मेडल हासिल कर अपने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों का 26-27 मार्च को चंडीगढ़ में होने नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप के लिए चयन हो गया है।

खिलाड़ियों के कोच मोहनश्याम पहलवान ने बताया कि दौलताबाद में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में गांव सोंहद निवासी विवेक पहलवान ने 110 किलोग्राम भार में तृतीय स्थान प्राप्त कर बॉन्ज मेडल जीता है। उसी प्रकार 45 किलोग्राम भार में दूसरे खिलाड़ी विवेक पुत्र रामबीर ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल कर अपने गांव के जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ियों का गांव में पहुंचने पर समर्थक पहलवानों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।


कुश्ती में मेडल हासिल करने वाले खिलाड़ी विवेक को मेडल देकर सम्मानित करते।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में मैडल हासिल करने वाले खिलाडियों का आगामी चंडीगढ में होने वाले नेशनल प्रतियोगिता के चलिए चयन किया गया है।

# द्वारका एक्सप्रेस-वे को रफ्तार देने कल आएंगे गडकरी : इंद्रजीत सिंह

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण की धीमी चाल को रफ्तार देने के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 4 मार्च को द्वारका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण करेंगे। केंद्रीय मंत्री इंद्रजीत सिंह के मुताबिक द्वारका एक्सप्रेस-वे ग्राम की जीवन रेखा साबित होगा।

इस एक्सप्रेस-वे के निर्माण की धीमी चाल को लेकर वे गत फरवरी माह में केंद्रीय सड़क, पहिवहन एवं जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी से मिले थे। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि श्री गडकरी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के देरी से चल रहे निर्माण की रिपोर्ट अधिकारियों से तलब की थी जिसके बाद वे स्वयं निर्माण को रफ्तार देने के लिए 4 मार्च निरीक्षण करने पहुंच रहे हैं। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गुरुग्राम के लिए निर्माणाधीन महत्वपूर्ण योजनाओं को कितनी गंभीरता से ले रहे हैं।

# फसल पंजीकरण के लिए अब जरूरी होगा परिवार पहचान पत्र

दीपक कुमार। नूंह

**उपायुक्त** धीरेन्द्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों की रबी सीजन की फसलें पक कर तैयार हो रही हैं। ऐसे में किसानों को फसल बेचने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए सभी किसान अपनी फसलों का ब्योरा मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर दर्ज करा लें। किसान आसानी से अपनी फसलों का ब्योरा अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसान अपनी सुविधा के अनुरूप किसी भी कॉमन सर्विस सेंटर, मार्केट कमेटी के कार्यालय, पटवारियों के माध्यम से फसलों का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्योरा योजना के तहत जुड़े सभी कर्मियों को निर्देश दिये हैं कि वे फसलों का पंजीकरण कराने वाले किसानों को पंजीकरण कराते समय कोई दिक्तत न आने दें उनका पूरा सहयोग करें। रबी की फसलों के पंजीकरण के लिए 16 जनवरी से फसल पंजीकरण का कार्य शुरू हो चुका है। उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने किसानों से आह्वान करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा कि कुछ किसानों ने अब तक अपनी फसलों का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज नहीं कराया है। ऐसे किसानों को भविष्य में फसल बेचने में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण करवाना सरकार द्वारा जरूरी किया गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि फसलों को मंडियों में सहजता से बेचने के लिए परिवार पहचान-पत्र बनवाना भी आवश्यक है। जिन लोगों ने अपने परिवार पहचान-पत्र नही बनवाए है,वे तुरंत बनवाना सुनिश्चित करें।

### रजिस्ट्रेशन के तीन फायदे

1. खाद, बीज, लोन एवं कृषि उपकरणों की सब्सिडी समय पर उपलब्ध होगी।
2. फसल की बिजाई-कटाई का समय और मंडी संबंधित जानकारियां मिलेंगी।
3. प्राकृतिक आपदा के बाद सही समय पर सहायता मिल सकेगी, क्योंकि आपकी फसलों का ब्योरा पहले से ही इस पोर्टल पर दर्ज होगा।

### कहां होगा रजिस्ट्रेशन

**परिवार** पहचान पत्र को मेरी फसल मेरा ब्योरा के लिए भी इसे अनिवार्य किया गया है। किसान अपनी फसलों का रजिस्ट्रेशन fasal.haryana.gov.in पोर्टल पर कर सकते हैं। लॉकडाउन के दौरान इस पोर्टल से किसानों को काफी फायदा पहुंचा था।

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103



### नज़रिया

दिनेश रघुवंशी, कवि

नहीं वो आत्मा से अपनी डरते हैं ज़रा सोचो
यूँ कड़वे बोल भी उनको अखरते हैं ज़रा सोचो
हमारी लोकतांत्रिक इस व्यवस्था का ये जलवा है
पढ़े-लिक्खों पे अनपढ़ राज करते हैं ज़रा सोचो

# तावडू क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप, बीमारी फैलने का खतरा

### परेशान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से की दवा छिड़कने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**क्षेत्र** के ग्रामीण इलाके में मच्छरों का भारी प्रकोप देखने को मिल रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बीमारियों का फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से मच्छरों को मारने के उद्देश्य से दवा छिड़कने की गुहार लगाई है।

ग्रामीण हसन मोहम्मद, मोहम्मद हाशिम, खालिद, सिराजुद्दीन, तस्लीम, हाजी यूनुस आदि ने बताया कि गांव में मच्छरों का आतंक बहुत ज्यादा फैल चुका है। जिससे गांव में मलेरिया और डेंगू जैसी घातक बीमारियों का फैलने का खतरा बना हुआ है। गांव की नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक तावडू के गांव बेरी, सुनारी सुंध, चीला, छारोडा भाजलाका, चीला, बुराका निजामपुर, सुनारी, नूरपुर सीलखो, बावला सहित लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों में मच्छरों का भयंकर प्रकोप है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की तरफ से प्रत्येक साल मच्छर मारने के उद्देश्य से दवा का छिड़काव किया जाता है। इस बार दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। जिससे डेंगू मलेरिया का फैलने का खतरा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से दवा छिड़कने की गुहार लगाई गई है।


गांव मसीत के रास्तों में गंदगी का आलम।

सिराजुद्दीन निवासी मसीत ने बताया कि नूंह रोड से लगते हुए गांव में सबसे ज्यादा मच्छरों का प्रकोप है। उन्होंने बताया कि गांव चिलवाली, सीलखो व मसीत में पहले भी मलेरिया और डेंगू के मामले सामने आते रहे हैं। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन गांव में विभाग मच्छरदानी भी ग्रामीणों को दी गई है। उन्होंने नूंह रोड पर लगते हुए गांवों में मच्छर मारने की दवा छिड़कने के लेकर सीएम विंडो के मार्फत से एप्लीकेशन देकर गुहार लगाई है। ताकि मच्छरों के आतंक से बचा जा सके। इस सम्बंध में तावडू सीएचसी के प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार सोलंकी ने बताया कि मलेरिया और डेंगू जैसा कोई नया मामला सामने नहीं आया है। ऐसे मामलों पर स्वास्थ्य विभाग गंभीर है। उच्च अधिकारियों के आदेश पर ही छिड़काव किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिजली की बचत ही इसका उत्पादन है : धीरेन्द्र

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने बताया कि बिजली की बचत ही इसका उत्पादन है। अत: सभी लोगों को बिजली की बचत करने की आदत डालनी चाहिए और जब जरूरत न हो तब लोगों को अपने घरों, दुकानों एवं कार्यालयों आदि में बिजली के उपकरण जैसे हीटर, बल्ब एवं लाइटें व अन्य उपकरण आदि बंद कर देनी चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि लगातार बिजली उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ रही है व बिजली की मांग भी बढ़ी है। यह ठीक है कि राज्य सरकार ने बिजली उत्पादन को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाए हैं परन्तु बिजली उपभोक्ताओं की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि वे हर मौसम में बिजली के उपकरणों की जब जरूरत हो, उन्हें तभी चलाएं। इससे एक ओर जहां बिजली की बचत की जा सकती है वहीं उपभोक्ताओं के बिजली के बिलों में भी कमी होती है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है।

### पानी की जरूरत न हो तो नलों की टौंटी अवश्य बंद करें

**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे पानी के नलों को जरूरत होने पर ही चलाएं और जब पानी की जरूरत न हो तो नलों की टौंटियों को अवश्य बंद कर दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी की बूंद-बूंद कीमती है और पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है। उपायुक्त ने बताया कि प्राय: देखने में आता है कि बहुत से नल बेकार बहते रहते हैं, जिनसे उनका पानी बहकर सड़कों, गलियों पर आता है और सड़कों और गलियों को नुकसान पहुंचाता है और टूट कर खराब होती है, इससे लोगों को आवागमन में असुविधा भी होती है। उन्होंने यह भी बताया कि बहुत से व्यक्ति टौंटियों पर पाइप लगाकर अपने वाहनों जैसे कारों व स्कूटरों, मोटरसाइकिलों आदि को धोते हैं, इससे भी पानी की काफी बर्बादी होती है। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि कोई भी व्यक्ति नलों पर टुलू पम्प न लगाएं। इससे दूसरे लोगों को पानी के लिए असुविधा होती है।

### खेल कार्यालय बैडमिन्टन हाल में स्थापित

**नूंह।** जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी निर्माला ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका कार्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थापित था जो कि अब एमडीए बिल्डिंग नजदीक दूरभाष केंद्र, बैडमिंटन हाल में स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी से पते पर पत्राचार किया जाएगा।

### तिगरा मोड़ से कोल्डड्रिंक की दुकान से साढ़े तीन लाख चोरी

**फिरोजपुर झिरका।** अलीपुर तिगरा मोड़ से अज्ञात बदमाश सेंध लगा कर कोल्डड्रिंक की दुकान तोड़कर साढ़े तीन लाख रुपये की चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर सोमवार शाम झिरका पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की है। जुहरुद्दीन निवासी तिगरा ने झिरका पुलिस को दी शिकायत में बताया की वह काफी दिनों से अलीपुर तिगरा मोड़ पर पेप्सी कोल्डड्रिंकस की दुकान करता है। रविवार शाम कोल्डड्रिंक की सप्लाई कर दुकान में साढ़े तीन लाख रुपये रख कर घर गए थे। रविवार रात को बदमाश सेंध लगा कर दुकान में रखे साढ़े तीन लाख रुपये चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी उन्हें दूसरे जब लगी जब वह दुकान खोलने दुकान पर पहुंच गए। फिरोजपुर झिरका थाना पुलिस के जांच अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी करने का मुकदमा दर्ज कर बदमाशो की तलाश शुरू कर दी है।

### मास्क और सोशल डिस्टेंस नियमों का पालन करें : उपायुक्त



**नूंह।** उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा ने कहा कि कोविड-19 के केसों को रोकने के लिए मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंस की पालना प्रत्येक नागरिक को करनी चाहिए। इतना ही नहीं स्वास्थ्य और पुलिस विभाग के अधिकारी कोविड-19 के नियमों की सख्ती से पालन कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने लोगों से मास्क पहनने की अपील करते हुए कहा कि हालांकि कोरोना वैक्सीन रोल आउट का अभियान चल रहा है, लेकिन हमें मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते रहना चाहिए ताकि सभी सुरक्षित रहें और इस वायरस के प्रसार को रोकने में कामयाब हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को कोविड-19 के प्रबंधन की तैयारियों में तेजी लाने, टेस्टिंग सुविधा बढ़ाने, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग, क्लिनिकल मैनेजमेंट पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ जन-जागरुकता गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 दिशा-निर्देशों जैसे मास्क पहनना, हाथों की सफाई और सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के बारे में व्यापक प्रचार सामग्री के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाए जाएं। इसके अलावा, उद्योगों में मौके पर जाकर जांच करने और सार्वजनिक स्थानों जैसे बस स्टैंड, स्कूलों, कॉलेजों आदि में कोविड सावधानियों और दिशानिर्देशों को नियमित रूप से लागू करने और इसकी मॉनिटरिंग की जाए। उपायुक्त ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए चलाए जा रहे वैक्सीनेशन कार्यक्रम में सभी को अपनी भागीदारी निभानी चाहिए, विशेषकर अधिकारी और कर्मचारी शेडयूल अनुसार अपनी बारी पर कोरोना वैक्सीन जरूर लगवाएं। वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, इससे किसी प्रकार का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसलिए बेझिझक होकर कोरोना वैक्सीन लगवाएं और कोरोना महामारी को खत्म करने में अपना सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों का डाटा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करवाएं, ताकि सभी कर्मचारियों को कोरोना वैक्सीन लग सके। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, इसलिए इसे लेने में किसी प्रकार की झिझक न करें।

### हिफाजत मोबाइल वैन करेगी बाल अपराधों के प्रति जागरूक

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग तथा हरियाणा पुलिस द्वारा बाल यौन शोषण पर रोक लगाने व बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे मे जागरुक करने के उद्देश्य से हिफाजत नामक अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 25 फरवरी को प्रदेश के पंचकूला से शुरू किया गया था। विशेष वैन सोमवार को गुरुग्राम पहुंची। इस वैन को मंगलवार सुबह यहां राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 से अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पवार तथा पुलिस उपायुक्त दीपक सहारन ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष वाहन गुरुग्राम से नूंह जिला में गया है। गुरुग्राम जिला में यह वैन तीन अलग-अलग स्थानों पर गई, जहां इस अभियान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए कायज्क्रम आयोजित किए गए थे। पहला कार्यक्रम राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-14 में आयोजित किया गया था।

### मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

### पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Rekha Kumari W/o Ravi Shankar Singh R/o 163, Ashoka Enclave Part-I, Sec-34 Faridabad have changed my name to Rekha Singh

I, Dharmender S/o Bhola Parsad R/o H.No-525, MCF-1398, Gali No-51, Sec-23, Sanjay Colony, Faridabad have changed my name to Dharmender Kumar

मैं, नवीन पुत्र श्री बलराज दुहन निवासी मं नं 724, गांव कटवाल, तहसील-गोहाना, सोनीपत ने अपना नाम नवीन से बदलकर नवीन दुहन कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

◆ बेदखली सूचना ◆

मैं, जमशेद अब्बासी पुत्र श्री शबीर अहमद निवासी गली न.1, सुन्दर सावरी शनि मन्दिर के सामने तह. व जिला सोनीपत अपने पुत्र अहसान व पुत्रवधू फरहा नाज जोकि मेरे कहने-सुनने से बाहर है को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# कोरोना से मुकाबला

## प्रधानमंत्री ने लगवाया टीका

**भारत** में कोरोनावायरस के खिलाफ टीकाकरण के दूसरे चरण की शुरुआत हो गई है। इसका प्रारम्भ प्रधानमंत्री और उनके कैबिनेट मंत्रियों के टीकाकरण से हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नेतृत्व प्रदान करने के बाद सोमवार को अनेक प्रख्यात राजनेताओं ने देश में कोविड-रोधी टीका लगवाया। इससे टीकाकरण का दूसरा चरण शुरू हुआ है और पूरे भारत से सफल अभियान की खबरें आई हैं। दूसरे चरण के पहले दिन टीके का पहला इंजेक्शन लगवाने वाले प्रमुख लोगों में उप-राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा केन्द्रीय मंत्रियों में अमित शाह, जितेन्द्र सिंह, एस. जयशंकर व सोम प्रकाश शामिल हैं। इसके साथ ही राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व रांकापा अध्यक्ष शरद पवार ने टीकाकरण कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के अखिल भारतीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कोवैक्सिन का पहला टीका लगवाया। हल्के फुल्के अंदाज़ में सहज लग रहे प्रधानमंत्री मोदी ने टीका लगाने वाली नर्सों से पूछा कि क्या उन्होंने 'किसी खास मोटी सुई' का प्रयोग करने की योजना बनाई है क्योंकि माना जाता है कि राजनेताओं की 'चमड़ी बहुत मोटी होती है।' इस चरण में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व 45 वर्ष से अधिक आयु वाले अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग टीका लगवाने के लिए सक्षम हैं। देश में टीकाकरण के दूसरे चरण में 10 करोड़ लोगों को शामिल किया




जाएगा। अब तक देश में दो प्राथमिकता समूहों-स्वास्थ्यरक्षा व फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं में 1.45 करोड़ लोगों ने पहले चरण में कोवीशील्ड व कोवैक्सिन के टीके लगवाए हैं।

दूसरे चरण का टीकाकरण ऐसे समय हो रहा है जब भारत में कोविड के सक्रिय मामलों पर प्रभावी नियंत्रण है। हालांकि, आठ राज्य-केरल, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर व मध्य प्रदेश चिन्ता का कारण बने हुए हैं क्योंकि यहां पिछले दो सप्ताह से रोज मामले बढ़ने की खबरें आ रही हैं। भारत में कोविड-19 रोगियों की संख्या सोमवार को 11 मिलियन पहुंच गई तथा पिछले 24 घंटे में 15,510 मामले सामने आए। रविवार को कुल 106 लोगों के मरने की खबर आई थी जिससे कुल मौतों की संख्या 1.57 लाख से अधिक हो गई है। वर्तमान समय में सक्रिय मामलों की संख्या 1,68,627 है। यह स्तर जनवरी समाप्त होने के समय था और इससे संकेत मिलता है कि कोविड पर काफी समय नियंत्रण के बाद अब इसका संक्रमण पुनः फैल रहा है। महीनों तक घरों के अंदर बंद रहने तथा सोशल डिस्टेंसिंग व स्वच्छता मानकों का कठोरता से पालन करने के बाद कोरोना रोगियों की संख्या पर नियंत्रण लगा था, पर अचानक वैश्विक महामारी का फिर प्रसार हो रहा है और यह काबू के बाहर जा सकती है। शायद कामकाज पर वापस लौटने की जल्दबाजी या मामले घटने की खबरों ने सुरक्षा का गलत भाव पैदा किया है। इससे बहुत से भारतीय पुनः संकट में फंसे हैं, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। यदि हम अब सावधानी नहीं बरतते हैं तो भारत अपनी विशाल जनसंख्या के कारण फिर वायरस के शिकंजे में फंस जाएगा और उससे बाहर निकलना लगभग असंभव हो सकता है।

# पाक से रिश्तों में सावधानी आवश्यक

**गंभीर संकटों का सामना करने के कारण पाकिस्तान ने भारत के प्रति थोड़ी नरमी दिखाई है। लेकिन उसे थोड़ी राहत मिलते ही समझौता केवल कागज का टुकड़ा रह जाएगा।**



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



**पा**किस्तान को भारतीय दृष्टिकोण से समझने के मामले में भारतीयों को कोई गलती नहीं करनी चाहिए। इसी के साथ ही हमें इस तथ्य का स्वागत भी करना चाहिए कि पाकिस्तान ने हमारे साथ जारी वर्तमान टकराव को समाप्त करने तथा 2003 के युद्धविराम समझौते का पालन करने का फैसला किया है। लेकिन संबंधों में सावधानी बरतना जरूरी है। इसका कारण कुछ भारतीयों व विशेषज्ञ प्रेक्षकों की यह समझ है कि कश्मीर पर सालों से इस्लामाबाद द्वारा जहर उगलने की प्रक्रिया उसके द्वारा 1971 की प्रतिक्रिया है जब वह दो भागों में टूट गया था। वास्तव में पराजय का गुस्सा भूलते ही पाकिस्तानियों को एक प्रकार से राहत मिल जाएगी। पाकिस्तानी बंगालियों को निन्दाजनक ढंग से 'काले बौने लोग' कहते हैं जो उनकी जनसंख्या का बहुसंख्य हिस्सा थे। पाकिस्तानियों को लगेगा कि अब इस बोझ से मुक्ति मिल गई है।

कवि मुहम्मद इकबाल मुस्लिम लीग के प्रमुख नेता भी थे। उन्होंने 1930 में प्रयागराज-तत्कालीन इलाहाबाद, में पार्टी का अध्यक्ष बनने के बाद अलग मुस्लिम देश की पैरवी की थी जिसमें केवल उत्तर-पश्चिमी प्रांत शामिल थे। उन्होंने इसके एक हिस्से के रूप में बंगाल का कोई उल्लेख नहीं किया था। बड़ा पाकिस्तान एम.ए.जिन्ना की सोच का नतीजा था जिन्होंने इसमें 6 प्रांत शामिल करने का सपना देखा था। इनमें से चार पश्चिम में तथा दो पूरब में थे और असम इसमें शामिल था। हालांकि, 1939 के बाद कई साल तक असम के प्रमुख रहे मुस्लिम लीग के उनके साथ मुहम्मद साद अली ने लगभग यहां तक कह दिया था कि आदिवासी हिंदू नहीं, बल्कि पशु पूजक हैं। यह जनसंख्या में हिंदुओं का प्रतिशत कम दिखाने तथा निर्णय का समय आने पर असम को पाकिस्तान में शामिल करने की चाल थी। लेकिन जिन्ना को सिल्हट जिले के अलावा असम का और कुछ नहीं मिला क्योंकि लंदन से भेजे गए वकील सर सिरिल रेडक्लिफ ने बंगाल व पंजाब का विभाजन कर दिया था। जिन्ना को ऐसा देश मिलने से बहुत निराशा हुई थी जिसे वह 'कीड़ा लगा पाकिस्तान' कहते थे।

इस तथ्य पर जोर दिया जाना चाहिए कि जिन्ना किसी पाकिस्तानी का प्रतिनिधित्व नहीं करते थे। वे केवल गुजराती बोलने वाले खोजा व मैमन जैसे बिजनेसमैनों का प्रतिनिधित्व करते थे जो भारतीय बिजनेस समुदायों से प्रतियोगिता से मुक्ति पा कर नए देश में जाकर जल्दी से अमीर बनना चाहते थे। वहां उनको केवल पंजाबी व सिंधी किसानों से मुकाबला करना था। हालांकि, जिन्ना ने उन मुसलमानों के लिए भी शानदार पैरवी की थी जो आधे-अधूरे मन से एक अलग देश चाहते थे। वास्तव में जिन्ना इतिहास में अपना नाम दर्ज कराना चाहते थे। सौभाग्य से वे पाकिस्तान बनने के 13 महीने के भीतर मर गए।

इसके बाद जल्द ही उत्तर प्रदेश और बिहार से गए मुसलमानों के लिए मुहाजिर शब्द प्रचलित हो गया। मुहाजिरों ने जल्द ही स्वयं को न केवल पाकिस्तान में अवांछित पाया, बल्कि नए बने मुस्लिम देश में नस्ली दुश्मनी का निशाना बन गए। पाकिस्तान बनने के चार साल के भीतर उत्तर प्रदेश से गए जिन्ना के सहायक लियाकत अली खान की हत्या हो गई। वर्तमान समय में पाकिस्तान में पश्चिमी पंजाबियों का प्रभुत्व है जो देश की जनसंख्या का दो-तिहाई हैं। वे देश को एकजुट रखने के लिए कश्मीर पर कब्जा चाहते हैं ताकि बाकी सभी चीजों पर उनका प्रभुत्व बना रहे, लेकिन यह वर्तमान समय में विवाद का विषय बन गया है। वे भारत को पाकिस्तान के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा संकट समझते हैं और इस प्रकार देश की संरक्षक के रूप में सेना को अपरिहार्य बनाना उचित ठहराते हैं।

**हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था।**

हालिया युद्धविराम समझौते को देखने से स्पष्ट होता है कि इस्लामाबाद के लिए यह एक अस्थाई कदम है जो देश के सामने आए अनेक संकटों से थोड़ी राहत चाहता है। जैसे ही पाकिस्तानी शासकों को इन संकटों से थोड़ी राहत मिल जाएगी, वर्तमान समझौता उनके लिए केवल कागज का टुकड़ा बन कर रह जाएगा। पाकिस्तान द्वारा दृष्टिकोण में नरमी का एक कारण उसके शासकों की यह समझ है कि चीन भारत, ताइवान या दक्षिण चीन सागर के मामले में ज्यादा आ क्रामकता दिखा रहा है और अमेरिका ने इस पर कठोर प्रतिक्रिया की है, भले ही यह फिलहाल केवल शाब्दिक ही क्यों न हो। बीजिंग ने भी शायद इसी कारण लद्दाख में जाड़ों में टकराव को टाला है। वह यहां वसंत तक प्रतीक्षा कर सकता था।

उस स्थिति में वह रणनीतिक रूप से लाभदायक बिंदुओं पर कब्जे का प्रयास कर सकता था, कुछ अन्य रियायतें पाने की कोशिश कर सकता था तथा खतरा बढ़ा कर कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भारतीय सेनाओं को परेशान कर सकता था। इसी प्रकार इस्लामाबाद नई दिल्ली के प्रति अपना दृष्टिकोण उस समय तक नरम रखना चाहता है, जब तक चीन फिर आ क्रामकता न दिखाने लगे या उसका अमेरिका के साथ किसी प्रकार का समझौता न हो जाए। यदि ऐसा न हो तो भी शायद पाकिस्तानी शासक परिस्थितियां बदलने की प्रतीक्षा कर रहे हैं क्योंकि अल्लाह की मेहरबानी में उनका अटूट विश्वास है। हमें इसकी तुलना एक विचारशील हिंदू के दृष्टिकोण से नहीं करनी चाहिए।

एक और संभावना यह है कि पाकिस्तान के असली शासक जनरल बाजवा भारत के साथ पूर्वी सीमा पर तनाव घटा कर बलूचिस्तान में हिसाब बराबर करना चाहते हैं, जैसे जनरल टिक्का खान ने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में करने का प्रयास किया था। बाजवा को शायद यह सलाह भी मिली होगी कि संसाधनों से समृद्ध बलूच प्रांत पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं से मुक्ति दिलाने में बड़ी सीमा तक सहायक हो सकता है। लेकिन इन संसाधनों का लाभ उठाने के लिए समुचित समय, शांति और संपूर्ण नियंत्रण की जरूरत है। यह संभावना दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन यदि इस्लामाबाद कुछ बड़े कदम नहीं उठाता है तो पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चलाना असंभव हो जाएगा। चीनी कर्जों पर निर्भर रह कर धीरे-धीरे पाकिस्तान बीजिंग का संरक्षित देश बन कर रह जाएगा जिसकी शुरुआत चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे से हो चुकी है।

# दांव पर है कई राजनीतिक दलों की किस्मत

**पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के भविष्य को दीर्घकालीन रूप से आकार देने वाले साबित होंगे।**

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक



**पांच** राज्यों के आगामी विधानसभा चुनाव, जिनमें से तीन दक्षिण में हैं, अधिकांश क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पार्टियों के राजनीतिक भविष्य को बनाने में एक लंबा रास्ता तय करेंगे। चुनाव तीन राष्ट्रीय पार्टियों, कांग्रेस, भाजपा और वाम दलों के लिए और क्षेत्रीय दलों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी में दक्षिण में अपनी एकमात्र पदवी खो दी। पुदुचेरी के उदाहरण का हवाला देकर, कांग्रेस के विरोधी चुनावों से आगे दिखाना चाहते हैं कि पार्टी अपने विधायकों को एक साथ रखने में सक्षम नहीं होगी, भले ही उन्हें वोट दिया गया हो। दक्षिणी राज्य क्षेत्रीय दलों के हाथों में चले गए हैं क्योंकि लोगों ने कांग्रेस में विश्वास खो दिया है जो एक समय में दक्षिण में लगभग सभी राज्यों को नियंत्रित करता था। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र प्रदेश में टीडीपी और तमिलनाडु (तमिलनाडु) में अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन ने भाजपा को दक्षिण में अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की थी। कांग्रेस को केरल में मुस्लिम लीग की तरह द्रमुक, जनता दल (एस) और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के गठबंधन सहयोगियों में सहयोगी मिल गया है।

क्षेत्रीय दलों के पास मजबूत नेता हैं जो अपने व्यक्तित्व के साथ मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। कर्नाटक में जेडी (एस), आंध्र में टीडीपी और वाईएसआरसीपी, तेलंगाना में टीआरएस, टीएन में अन्नाद्रमुक और द्रमुक हैं जो इसके उदाहरण हैं। अन्नाद्रमुक को छोड़कर, ये सभी दल अनिवार्य रूप से गौड़ा, नायडू और राव के पारिवारिक जागीर हैं। द्रमुक, जनता दल-एस, टीआरएस और तेदेपा जैसी कुछ पार्टियां पहले ही दूसरी पीढ़ी को सत्ता हस्तांतरित कर चुकी हैं। इन क्षेत्रीय क्षत्रपों की आभा से मेल खाने के लिए न तो भाजपा और न ही कांग्रेस ने नेताओं को आगे लाने



में सफलता पाई है। वामपंथियों के लिए, इसकी विचारधारा वर्तमान पीढ़ी के लिए कोई प्रासंगिकता नहीं है। भाजपा के मूल एजेंडे में दक्षिण का कोई आकर्षण नहीं है और कांग्रेस अपनी विचारधारा को लेकर अस्पष्ट है। बहरहाल, भाजपा आगामी चुनावों में दक्षिणी राज्यों में अपने पंख फैलाने की कोशिश कर रही है। पुदुचेरी में नवीनतम टॉपिंग गेम से पता चलता है कि कांग्रेस और द्रमुक के बागी दो मंत्रियों सहित भाजपा में शामिल हो गए हैं।

भाजपा केवल दक्षिण में कर्नाटक पर कब्जा कर सकती थी। यह कई कारणों से है, जिसमें मजबूत स्थानीय नेताओं की अनुपस्थिति शामिल है। साथ ही, भाजपा को उत्तर भारतीय पार्टी के रूप में भी माना जाता है और फिर यह भी तथ्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण में अपील अपेक्षाकृत सीमित है और उनका आकर्षण क्षेत्रीय क्षत्रपों को नहीं हरा सकता है। भाजपा प्रत्येक चुनाव, यहां तक कि पंचायत चुनाव को भी उतना ही महत्वपूर्ण मानती है, जितना कि लोकसभा चुनाव। इसलिए, उन्होंने कई राज्यों में अपनी जीत पर मुहर लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें भाजपा के आधार का विस्तार करना, मोदी को कर्ता के रूप में पेश करना और अन्य दलों के नेताओं को लुभाना शामिल है। द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से ही कब्जा कर रखा था जब 1967 में द्रमुक ने कांग्रेस से तमिलनाडु की सत्ता छीन ली थी। तब से, कांग्रेस ने एक द्रविड़ पार्टी या दूसरे के साथ गठबंधन किया है। 2016 में अन्नाद्रमुक प्रमुख जे जयललिता के निधन के बाद बीजेपी ने राज्य पर शासन करने का आरोप लगाया है। द्रमुक और और अन्नाद्रमुक के बीच टीएन विकल्प, और अब द्रमुक की बारी है।

केरल वामपंथी दलों के नियंत्रण वाला एकमात्र राज्य है और यह भी माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच वैकल्पिक है, और इस समय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे की बारी है। आरएसएस ने केरल में बहुत काम किया है और हालांकि भाजपा ने 1998 से अपने वोट शेयर को दोगुना कर दिया है, इसके लिए अभी लंबा रास्ता तय करना है। 2016 में केरल में भाजपा के टिकट पर अपने पहले विधायक चुने जाने के बाद, पार्टी एक साथ गठबंधन करके एक उचित ताकत बनने की कोशिश कर रही है। लेकिन यह अभी भी दो अन्य राष्ट्रीय दलों की पकड़ को तोड़ने से कुछ दूर है और 2019 के लोकसभा चुनावों में खाता खोलने में विफल रहा। दक्षिण को जीतने के लिए, तीन राष्ट्रीय दलों को 15 क्षेत्रीय दलों की ताकत का सामना करना होगा या उनसे जुड़ना होगा। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, असम में एजीपी, एआईएडीएमके और तमिलनाडु में द्रमुक और पुदुचेरी में एनआर कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए ये चुनाव एक करो या मरो की लड़ाई होगी। असम, केरल, पुदुचेरी, और तमिलनाडु में जीत कांग्रेस की किस्मत को बहाल करेगी। माकपा को केरल में अपने मैदान की रक्षा करनी है। भाजपा सभी पांच राज्यों में सुधार के साथ चमक जाएगी।

## आप की बात

### भरोसेमंद टीका

**देश** के प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी जी ने एम्स में कोरोना टीका लगाकर सारे भारत वासियों को भरोसेमंद टीके का संदेश दे दिया। विगत समय टीकाकरण में पूर्वाग्रह से ग्रसित राजनीति में नेताओ मंत्रियों को इन वैज्ञानिकों की सौगात में राजनीति का खेल नजर आता है। अब तो उन नेता लोगो को बे हिचक कोरोना का वैक्सीन लगवाना चाहिए। जो किसी समय कोरोना वैक्सीन को भाजपा , कांग्रेस की वैक्सीन का नाम देकर भरोसा नही करके। नही लगवाने के लिए बयानबाजी कट रहे थे। वैसे हमारे राज नेताओ को अच्छे और देश की सेहत और कोरोना मुक्त अभियान में एकजुटता से आगे आना चाहिए। न कि तर्क कुतर्क करना चाहिए। कोरोना टीका कोई राजनीतिक दल का नही होता बल्कि जनता जनार्दन और आम नागरिकों की सेहत और स्वास्थ्य को सही रखने के लिए हमारे वैज्ञानिकों का योगदान होता है। कम समय मे जनता जनार्दन के बीच कोरोना के खात्मे के अनुकरणीय सफल प्रयास के लिए हमारी सरकार और वैज्ञानिक , और मेडिकल साइंस साधुवाद की पात्र है। और सबसे राहत भरी खबर ये है भारत मे टीके की न्यूतम राशी हर निजी अस्पतालों के लिए हम सभी के लिए संजीवनी। का काम करेगी।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### केरल में भाजपा

**पश्चिम** बंगाल की तरह केरल में भी भाजपा की राजनीतिक पेंठ के लिए छटपटाहट नजर आ रही है। तृणमुल के बिखरते पत्ते भाजपा में जमा होते जा रहे हैं तो केरल में भी भाजपा के हाथ बटेर लगी है। मेट्रो मैन श्रीधरन का भाजपा में शामिल होना सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट के लिए चिंता का विषय हो सकता है। हालांकि इसका वास्तविक लाभ तो चुनाव परिणामों के बाद ही सामने आएगा क्योंकि राजनीति में हर बार प्रयोग सफल हो यह जरूरी नहीं होता। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक कवायद शुरू हो गई है। राजनीतिक पार्टियों नें सत्ता की तलाश में सत्तारूढ़ दलों में सेंधमारी की है तो प्रतिष्ठितों को भी अपनी नैया का खेवनहार बनाया है। पश्चिम बंगाल में ममता से द्रोह जारी है। कई बड़े दिग्गज भाजपा का दामन थाम चुके हैं जो निश्चित तौर पर राजनीति अनुमानों को गड़बड़ा सकते हैं। उधर केरल में भाजपा ने टेक्नोक्रेट श्रीधरन को सारथी बनाकर महासंग्राम जीतने का ख्वाब संजोया है। निश्चित तौर पर श्रीधरन किसी परिचय के मोहताज नहीं है और केरल में भी खासा वर्चस्व न केवल बुद्धिजीवियों में वरन आम जनमानस में भी रखते हैं।

– **अमृतलाल मारू,** दसई, मप्र

### पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखें

**वर्तमान** में पर्यटन स्थलों पर और बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता है। फिल्म निर्माताओं को भी मप्र के पर्यटन स्थलों का सोंदर्य व ऐतिहासिक धरोहरे काफी भा रही है। विशेष कर मांडू ,महेश्वर में कई फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है, इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर ,पंचमढ़ी आदि मप्र के कई क्षेत्रों में फिल्मों की शूटिंग भी की जा कर बड़े परदे पर देखी जा रही है। फिल्म निर्माताओं को लोकेशन हेतु विदेश जाकर दृश्य फिल्माने पर काफी लागत आती थी। मप्र में ही कई सुंदर स्थल उपलब्ध होने से फिल्म लागत निर्माण में फायदा हुआ है। लोगो को भी चाहिए की पर्यटन स्थलों पर गंदगी .कूड़ा-करकट ना फैलाए ,दीवारों पर कुछ ना लिखे, क्योकि सौंदर्य निहारने ,ऐतिहासिक महत्व को जानने,स्थानीय कला को पहचानने के लिए और दो पल सुकून पाने के लिए लोग आते हैं। स्वच्छ पर्यटन सभी जगह बना रहे ऐसा स्वछता का कार्य जागरूकता से करना होगा। ताकि पर्यटकों को एवं फिल्म निर्माताओं को मप्र की पर्यटन स्थलों का आकर्षण दिलों में जगह बना सके।

– **संजय वर्मा,** मनावर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**कुल** मिलाकर दिल्ली में 192 अस्पताल तैयार हो चुके हैं जिनमें 136 निजी और 56 सरकार द्वारा संचालित अस्पताल हैं।

– **सत्येन्द्र जैन**
दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री

**अमेरिका** में कर्मचारी इस पर मतदान कर रहे हैं कि कार्यस्थल पर यूनियन बनाई जाए या नहीं। ये अच्छा विकल्प है जिसे नियोक्ताओं द्वारा किया जाना चाहिए।

–**जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**उत्तर** प्रदेश सरकार ने नोएडा के जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को विकसित किए जाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# मॉक पार्लियामेंट: विपक्ष ने उठाए यौन शोषण, महिला असुरक्षा जैसे मुद्दे

## वुमेन वीक के दूसरे दिन पंचायत भवन में सजी मॉक संसद

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

वुमेन वीक के दूसरे दिन पंचायत भवन में आयोजित मॉक पार्लियामेंट में दिल्ली जैसी संसद का नजारा बना। संसद में जहां विपक्ष ने यौन शोषण व महिला असुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर सरकार के संबंधित विभागों के मंत्रियों ने प्रश्नों का सरकारी तथ्यों व योजनाओं के आधार पर सटीक जवाब दिया। जिस पर विपक्ष के सांसद बेबस नजर आए।

उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य संसद की पूरी कार्यवाही के दौरान मौजूद रहे। उन्होंने संसद की कार्यवाही में पहले पांच स्थानों पर रहने वाली छात्राओं को एक दिन के लिए जिला के उपायुक्त पद से



एसडीएम पद के उच्च प्रशासनिक पदों पर आसीन करने का ऐलान किया। उल्लेखनीय है कि एक से पांच मार्च तक जिला प्रशासन द्वारा वुमन वीक का आयोजन किया जा रहा है। वुमन वीक के दूसरे दिन स्थानीय पंचायत भवन में मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। मॉक पार्लियामेंट में कुमारी मोनिका ने अध्यक्ष की भूमिका निभाई तथा अनू सांगवान ने प्रधानमंत्री की भूमिका निभाई। कुमारी अंकिता व प्रज्ञा राष्ट्रपति के मेहमान के रूप में शामिल हुए। कुमारी प्रीति गृह मंत्री, लवीना मानव संसाधन मंत्री, पूजा पर्यावरण मंत्री, सोनिया महिला एवं बाल विकास विभाग, विधि मंत्री गीतांशु, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रिया और प्रियंका ने कृषि मंत्री

### ये पांच छात्राएं मॉक संसद में आई अब्बल

इस दौरान उपायुक्त आर्य ने कहा कि मॉक पार्लियामेंट जैसे आयोजन छात्राओं में आत्म विश्वास की भावना पैदा करती हैं, जो आगे बढ़ने के लिए सबसे जरूरी है। मुंबई से पहुंची रूबल नागी ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए महिलाओं में आत्मविश्वास होना चाहिए। मॉक पार्लियामेंट में विपक्ष की भूमिका निभाने वाली भारती ने पहला, अनुपमा ने दूसरा, मानव संसाधन मंत्री लवीना ने तीसरा, विपक्ष से ही योगिता ने चौथा और गृह मंत्री प्रीति ने पांचवा स्थान हासिल किया।

की भूमिका निभाई। संसद की कार्रवाई के दौरान मुंबई से आर्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष रूबल नागी भी मौजूद रहीं।

दिल्ली से विभूति, केशव व पदमनाथन विशेष जज के रूप में उपस्थित रहे। ई-लर्निंग चैनल के माध्यम से जिला के 60 स्कूलों में करीब 3 हजार विद्यार्थियों को इससे सीधा जोड़ा गया। सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई जाती है और उसके बाद भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र तथा बरेली से सांसद शपथ लेती हैं। संसदीय कार्यवाही में उत्तराखंड में ग्लेशियर विस्फोट से हुई नागरिकों की मौत पर दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानमंत्री द्वारा अपने नए सदस्यों का परिचय करवाया जाता है। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा संसद की कार्यवाही शुरु करने की इजाजत दी जाती है। संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष की सांसद योगिता ने दिन-प्रतिदिन हो रही बलात्कार जैसी घटनाओं पर संबंधित मंत्री से जवाब मांगा कि सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है।

इस पर संबंधित मंत्री ने जवाब दिया कि दोषियों पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाती है, उनको जेल भेजा जा रहा है। सरकार द्वारा पोक्सो एक्ट भी लागू किया गया है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि पोक्सो एक्ट को भी प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा रहा है। नारी सशक्तिकरण पर सरकारी की ओर से जवाब दिया गया कि सरकार द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान 22 जनवरी 2015 से शुरु किया गया है। वन स्टॉप सेंटर स्थापित किए गए हैं। संसद में महिला आरक्षण विधेयक को बहुमत से पारित किया गया।

# कुंडली बॉर्डर पर आंदोलनरत एक किसान की वाहन दुर्घटना में मौत

## देर रात सड़क पार करते समय कार ने मारी किसान को टक्कर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

किसान आंदोलन में डटे किसान की बीते दिन वाहन दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने किसान को टक्कर मारने वाले कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृत किसान जीत सिंह मोगा पंजाब का रहने वाला था। घायल किसान को सोनीपत में इलाज के लिए लाया गया। डेरा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किसान आंदोलन के चलते लगातार किसानों की मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। कुंडली बॉर्डर पर डटे हुए एक किसान की बहालगढ़ के नजदीक देर रात एक



मृतक किसान जीत सिंह का आधारकार्ड।

वाहन द्वारा टक्कर लगने से मौत हो गई। किसान सत्यवंत सिंह व ओमप्रकाश मलिक ने बताया कि देर शाम किसान जीत सिंह शौचालय के लिए किसी ढाबे पर गया था।

वापस लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने जीत सिंह को टक्कर मार दी। किसानों ने कार चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। किसान जीत सिंह को इलाज के लिए जिला नागरिक हॉस्पिटल सोनीपत में लाया गया, लेकिन देर रात इलाज के दौरान जीत सिंह की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मृतक जीत सिंह पंजाब के मोगा का रहने वाला था। बुजुर्ग किसान राजमिस्त्री का काम करता था और किसान आंदोलन में रुका हुआ था। किसान बीच-बीच में अपने घर आता जाता

**पंजाब का रहने वाला था मृत किसान जीत सिंह लोगों ने कार चालक पकड़ा**

रहता था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी सुनील ने मुताबिक जीत सिंह 21 तारीख को आंदोलन में आया था। देर रात बहालगढ़ के पास एक ढाबे के सामने एक कार चालक द्वारा टक्कर मारने के कारण किसान की मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। कार चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# सरकार को नहीं है आमजन की फिक्र: सचिन अरोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही**

कांग्रेस के युवा नेता सचिन अरोड़ा ने कमर तोड़ती हुई महंगाई को लेकर आक्रामक अंदाज में केंद्र व प्रदेश की सरकारों को निशाना बनाया। कहा कि यूपीए सरकार के समय एक सिलेंडर की कीमत 400 रुपये के करीब थी, उस समय कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ज्यादा थी, लेकिन यूपीए की सरकार ने कीमतों को नियंत्रित रखा था। अब पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश को महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है।

उन्होंने कहा कि यह सरकार डीजल पर उत्पाद शुल्क को आठ गुना और पेट्रोल पर ढाई गुना बढ़ा चुकी है। इस सरकार की कृपा से ही देश ने पेट्रोल की कीमत के मामले में शतक लगा दिया है। नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। सरकार की नीयत इससे स्पष्ट होती है कि इस सरकार को आम आदमी की रत्ती भर फिक्र नहीं है। अरोड़ा ने कहा कि अच्छे दिन लाने का ढिंढोरा पीट कर धोखे से सत्ता पाने वाली ये गूंगी और बहरी राज्य व केंद्र की सरकार को अब इस देश की जनता की आवाज क्यों सुनाई नही दे रही जबकि देश आज चीख-चीख कर इन तानाशाही सरकारों से पूछ रहा है कि महंगाई कम क्यों नहीं हो रही है? अरोड़ा ने सरकारों को चेतावनी देते हुए ये भी कहा कि जनता का मोह आज राज्य व केंद्र सरकारों से भंग हो गया है। यदि इसी तरह से महंगाई बढ़ती रहेगी तो वो दिन दूर नही जब इस देश की जनता इन तानाशाही सरकारों को न केवल जड़ से उखाड़ेगी बल्कि उन्हें पाताल में पहुंचने का काम भी करेगी।

# बिना मास्क वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

उपायुक्त मुकुल कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में सीनियर सिटीजन व 16 तरह की बीमारियों से ग्रस्त 45 से 59 वर्ष आयुवर्ग के लोगों को कोविड 2.0 जीरो के तहत कवर किया जाएगा।

कुरुक्षेत्र जिले में किसी प्रकार कोरोना वैक्सीन लगाने के लक्ष्य को पूरा करना है और किन-किन विभागों के सहयोग की जरुरत होगी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग से मिली फीडबैक के अनुसार आदेश दिए कि कुरुक्षेत्र जिले में कोविन 2.0 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 7 सीएचसी, 1 जिला नागरिक अस्पताल, 1 पोली क्लीनिक और कुरुक्षेत्र में 22 निजी अस्पतालों में भी कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य किया जाएगा, लेकिन इन 22 निजी अस्पतालों में से 8 अस्पतालों का पंजीकरण हुआ है, जिसमें एक शाहबाद और एक पिहोवा का अस्पताल शामिल है।

# आरटीआई बचा रहा है नागरिक अधिकारों को : सुधा रानी

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

आधुनिक युग में आज मंगलवार को जहां आम नागरिक जागरुक हो गया है, वहीं सूचना का अधिकार कानून नागरिकों के अधिकारों को बचाने में एक सेतु का काम कर रहा है। जिससे उन्हें न्याय पाने में काफी सहायता मिल रही है।

ये विचार वैश्य महाविद्यालय की प्राचार्या डाक्टर सुधा चौहान महानिदेशक उच्चतर शिक्षा हरियाणा के तत्वावधान में राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा द्वारा प्रायोजित



वैश्य महाविद्यालय में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सूचना के अधिकार 2005 का महत्व विषय पर अंतर महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सूचना के अधिकार कानून की पूरी जानकारी होनी आवश्यक है। ताकि वो समाज हित में कार्य कर सके। निबंध प्रतियोगिता के संयोजक डाक्टर अनिल तंवर ने कहा कि आम नागरिक के अलावा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को राज्य सूचना आयुक्त हरियाणा द्वारा क्रमश: 2000, 1500 व 1000 रुपये की राशि दी जायेगी। प्रतिस्पर्धा में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# थानेसर तहसील में देर रात लगे पोस्टर बने चर्चा का विषय

पायनियर समाचार सेवा। थानेसर

तहसील में सुबह के समय उस समय हड़कंप मच गया जब तहसील कार्यालय के आसपास नायब तहसीलदार के विरूद्ध कोई व्यक्ति देर रात पोस्टर चिपका गया। उन पोस्टरों में उसने तहसील कार्यालय और नायब तहसीलदार पर गंभीर आरोप जड़ दिए। हालांकि पोस्टर के अंदर पोस्टर लगाने वाले व्यक्ति ने खुद को भाजपा कार्यकर्ता तो बताया पर अपना नाम नहीं दिया।

पोस्टर लगाने के अज्ञात आरोपी ने इस पोस्टर में नायब तहसीलदार और तहसील कर्मचारियों पर रजिस्ट्री के नाम पर मोटी रकम ऐंठने के आरोप लगाए। साथ ही उसने कहा कि इसकी शिकायत कई जगह कर चुका है। जहां पर उसकी सुनवाई नहीं की गई। अब उसने परेशान होकर मुख्यमंत्री के नाम एक खुला पत्र लिखकर पैसे मांगने और उसके गंभीर आरोप नायब तहसीलदार पर लगाए हैं। साथ ही उसने कहा है कि वह लंबे समय से अपनी रजिस्ट्री के लिए तहसील के धक्के खा रहा है।

उसकी बात सुनी नहीं जा रही हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया क्या पोस्टर लगाने वाला व्यक्ति कौन है। नायाब तहसीलदार ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि यह सभी आरोप दुर्भावना के तहत लगाए गए हैं। ये आरोप झूठे हैं। तहसील में किसी भी तरह से किसी व्यक्ति से पैसे की डिमांड नहीं की जाती है। कुरुक्षेत्र की थानेसर तहसील भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर पहले भी खूब चर्चा में रही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। राजकीय माध्यमिक विद्यालय रतगल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम इंडियन रिसर्च एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में हरियाणा राज्य विज्ञान एवं औद्योगिकी परिषद हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि राजपाल पांचाल थे। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापिका सुनीता सैनी व दर्शन बावेजा के साथ-साथ दीपक, सौरभ व सुमित ने छात्रों को विज्ञान गतिविधियां प्रस्तुत करने में सहयोग दिया। सुनीता ने विद्यालय की विज्ञान अध्यापिका प्रीति कपिल के साथ मिलकर कम लागत के वैज्ञानिक प्रयोग विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किए। सुखबीर कौर, पूनम, रेणू, सीमा, ममता, पुष्पा ने भी पूरा सहयोग दिया। अंत में सुखबीर कौर ने अतिथि टीम का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आमंत्रित किया। इंडियन रिसर्च एंड डवलपमेंट एसोसिएशन के द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया।

# किसान आंदोलन बनेगा सरकार के पतन की वजह

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

युवा इनेलो के जिला प्रधान राजू रामगढ़ रोड ने कहा कि किसान आंदोलन के 90 दिन बीत जाने के बाद भी सरकार के किसानों के प्रति नकारात्मक रवैया के कारण किसानों में भारी रोष पनप रहा है। इस आंदोलन से साफ जाहिर हो रहा है



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते युवा इनेलो के जिला प्रधान राजू रामगढ़ रोड

कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है जिस किसी ने भी किसान मजदूर की आवाज दवाने का प्रयास किया है, उसे अर्श से फर्श पर गिरते देर नहीं लगी। उन्होंने कहा कि देश के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य कोई दूसरा नहीं हो सकता कि अन्नदाता अपनी शहादत देने को मजबूर है।

# बच्चे के संपूर्ण विकास में खेल काफी महत्वपूर्ण : कृश अयंगर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत के कई राज्यों में स्कूलों के खुलने के कारण वर्ष-2021 की शुरुआत सकारात्मक देखी जा रही है। स्कूल अभी अनियमित तरीके से खुल रहे हैं। हालांकि, यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि स्कूलों के संचालक खेलकूद और शारीरिक शिक्षा को, खासकर वर्तमान परिदृश्य में, अकेडमिक्स के समान ही प्राथमिकता दे रहे हैं।

खेलकूद और पोषण ऐसे दो तत्व हैं, जो कई शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित लाभों के साथ, बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को बढ़ा सकते हैं। बच्चों में चिंता और अवसाद को कम करने के अलावा, खेलकूद तनाव कम करने में मदद करता है, बेहतर आत्मविश्वास लाता है और उच्च आत्मसम्मान बनाये रखने में मदद करता है। खेलकूद या शारीरिक शिक्षा न केवल बच्चे के स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधक क्षमता और फिटनेस में योगदान करती है, बल्कि उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए भी महत्वपूर्ण काम करती है।

इंस्टीट्यूट ऑफ यूथ स्पोर्ट्स 2009 के अनुसार, अधिकांश बच्चों ने अपने टाइम टेबल में खेलकूद को शामिल करने के बाद स्कूल जाने में दिलचस्पी दिखायी। खेलों से बच्चों में सीखने की 3 सी (क्रिटिकल थिंकिंग, कोलोबोरेशन और क्रिएटिविटी, यानी गंभीरता से विचार करना, सहयोग करना और रचनात्मक प्रदर्शन करना) विकसित करने में भी मदद मिलती है। अकेडमिक्स के साथ खेलकूद को एकीकृत करने का महत्व समझाते हुए, स्पोर्ट्स विलेज स्कूल्स के बिजनेस हेड, कृश अयंगर ने कहाकि यह ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में बच्चे की शिक्षा के अभिन्न अंग के रूप में खेलकूद और शारीरिक गतिविधि को शामिल किया गया है।

प्रेरणा
पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

हर फूल गुलशन में खिलता नहीं है,
हर कतरा दरिया में खिलता नहीं है,
साथ मिल जाए तो कौन सा काम मुश्किल,
मुश्किल तो ये है कि साथ मिलता नहीं है।

# केटीएम ने गुरुग्राम में आयोजित किया पहला एडवेंचर ट्रेल

**एक दिन की एडवेंचर राइड ने केटीएम एक्सपर्ट की अगुआई में तलाशीं रोमांचक राहें**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।

दुनिया के अव्वल नंबर और भारत के सबसे तेजी से बढ़ते प्रीमियम मोटरसाइकल ब्रांड केटीएम ने गुरुग्राम में केटीएम एडवेंचर ट्रेल का आयोजन किया। केटीएम एडवेंचर ट्रेल का मकसद बाइक मालिकों को रोमांचक राहें तलाशने के लिए एक दिन की राइड पर ले जाना और एडवेंचर बाइकिंग से रूबरू कराना है। प्राकृतिक तौर पर बने इन रास्तों को केटीएम के विशेषज्ञों द्वारा सावधानी से चुना और देखा जाता है ताकि राइडिंग का पूरा अनुभव मिले। विभिन्न तरह के रास्तों पर बाइक

### अगले कुछ महीनों में आयोजित होगा शीर्ष शहरों में केटीएम एडवेंचर ट्रेल्स

2012 में भारत में कदम रखने के बाद से ही केटीएम ने 460 स्टोर के जरिये 365 से अधिक शहरों में अपनी पैठ बनाई है। थोड़े वक्त में ही केटीएम के 2.7 लाख से अधिक जोशीले ग्राहक बन गए हैं। जिससे भारत केटीएम के लिए सबसे बड़ा वैश्विक बाजार हो गया है। भविष्य में होने वाले केटीएम एडवेंचर ट्रेल्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए आप केटीएम इंडिया के सोशल मीडिया हैंडलों पर जा सकते हैं।

चलाने की बुनियादी तकनीक सिखाई जा सके। देश के शीर्ष शहरों में केटीएम एडवेंचर ट्रेल का आयोजन होगा। एडवेंचर ट्रेल्स को इस तरह चुना जाता है कि वे शहर के करीब ही हों और राइडरों को ऐसे छुपे रास्ते तलाशने का मौका मिले, जिन्हें उन्होंने पहले कभी नहीं देखा था। इससे राइडरों को अपनी केटीएम एडवेंचर बाइक की क्षमताओं और सड़क पर तथा सड़क से परे उबड़ खाबड़ रास्तों पर चलने की उसकी खासियत समझने का मौका भी मिलता है। केटीएम एडवेंचर ट्रेल्स का आयोजन केवल केटीएम एडवेंचर के मालिकों के लिए किया जाता है और इसमें शामिल होने की इच्छा रखने वालों को पंजीकरण के लिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक अपनी-अपनी डीलरशिप पर पहुंचना होगा। केटीएम एडवेंचर की अगुआई केटीएम एक्सपर्ट ने की थी, जिन्हें ऊबड़खाबड़ राहों पर चलने में महारत हासिल होती है और जो कई तरह की सतहों के विशेषज्ञ होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बीओसी के प्रधान महानिदेशक बने सत्येंद्र प्रकाश

नई दिल्ली। लोक सम्पर्क और संचार ब्यूरो यानी कि बीओसी के प्रधान महानिदेशक का पद भारतीय सूचना सेवा के 1988 बैच के अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश ने संभाल लिया है। बीओसी के प्रधान महानिदेशक का ये पद ब्यूरो सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत आता है। जानकारी के अनुसार पहले सत्येंद्र प्रकाश बीओसी में ही महानिदेशक के पद पर तैनात थे। इस पद पर पहुंचने वाले वे पूर्वोत्तर क्षेत्र के पहले अधिकारी हैं। उनके अधीनस्थों के अनुसार प्रकाश अपने काम में बेहद कुशल और नियमों की जानकारी रखने वाले विशिष्ट अधिकारी माने जाते हैं। उनकी अगुवाई में बीओसी ने हाल में ही नई बुलंदियों को छुआ है। उनके बीओसी के प्रधान महानिदेशक बनने पर पूर्वोत्तर क्षेत्र में उनके परिजनों में हर्ष का माहौल है।

### दिल्ली के टिकरी बॉर्डर पर किसान बनाएंगे झोंपड़ियां

भिवानी। तीन काले कानूनों के वापस लेने के लिए आंदोलन कर रहे किसानों को गर्मी से बचाने के लिए दिल्ली टिकरी बार्डर पर किसानों के लिए झोंपड़ी बनाने के लिए तोशाम ब्लॉक से सरकंडों के पुलों से भरे ट्रैक्टर रवाना हुए। ये जानकारी देते




हुए भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य नीमड़ीवाली ने बताया कि तोशाम ब्लॉक प्रभारी राजेश पंघाल व युवा जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र पंघाल के नेतृत्व में सरकंडों से भरे ट्रैक्टरों को रवाना किया है। उन्होंने बताया कि आंदोलनकारी किसानों को तेज धूप से बचाने के लिए बॉर्ड पर झोपड़ियां बनवाई जाएंगी। किसानों के लिए छांव का प्रबंध करने के लिए अन्य ब्लॉकों से भी आवश्यक वस्तुएं भेजी जाएंगी। आंदोलनकारी किसानों के सामने किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार तीनों काले कानूनों को वापस नहीं ले लेती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

### उपायुक्त आर्य और रूबल ने किया पिंकाथन को रवाना

भिवानी। वुमन वीक के दूसरे दिन भीम खेल परिसर में महिलाओं की पिंकाथन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यरूप से मुंबई से आर्ट फाउंडेशन के माध्यम से महिला शक्ति को बढ़ावा दे रही रूबल नागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उपायुक्त जयबीर सिंह आर्य और रूबल नागी ने पिंकाथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती नागी ने कहा कि वे मिशाल इंडिया के माध्यम से महिलाओं को अपने साथ जोड़ रही हैं। जो एक आत्मविश्वास पैदा करने का काम किया जा रहा है। वे भिवानी की लड़कियों को भी अपने साथ जोड़ेंगी। उनको जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि लड़कियां बहुत कुछ कर सकती हैं, बशर्ते उनको अवसर मिलने चाहिए। पिंकाथन भीम खेल परिसर से हांसी रोड से बासिया भवन होते हुए पंचायत भवन पर संपन्न हुई। भीम खेल परिसर में सर्वपल्ली राधा कृष्णन स्कूल से 2020-2021 में प्रदेश में अव्वल रही छात्रा छवि पंघाल ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शपथ दिलाई। उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र सिंह ने कोविड-19 से बचाव के लिए मास्क पहनने व उचित दूरी बनाए रखने के बारे में जागरूक किया। पीओआईसीडीएस परिनीता गोस्वामी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### आईएएस प्रीति ने संभाला एडीसी का पदभार

कुरुक्षेत्र। अतिरिक्त उपायुक्त प्रीति ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना और आम नागरिक को इन सेवाओं का लाभ देने पर मुख्यत: फोकस रहेगा। इसके लिए सम्बन्धित विभागों को अधिकारियों को मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा। इस मामले में किसी स्तर पर भी लापरवाही सहन



नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। वर्ष 2015 बैच की आईएएस अधिकारी प्रीति ने कुरुक्षेत्र एडीसी का पदभार सम्भाल लिया है। आईएएस अधिकारी प्रीति ने जिला करनाल में अपनी ट्रेनिंग पूरी की और अम्बाला से तबादला होने के बाद कुरुक्षेत्र में बतौर एडीसी के पद पर अपना कार्यभार सम्भाला है। एडीसी प्रीति पदभार सम्भालते ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी नियमित रुप से स्कूलों का निरीक्षण करें और स्कूलों की रिपोर्ट नियमित रुप से प्रशासन को भिजवाना सुनिश्चित करें।

### पर्यटन क्षेत्र में उद्यमिता अपनानी होगी : प्रो. एमएम गोयल

थानेसर। बेरोजगारी के ठोस समाधान के लिए हमें सेवा क्षेत्र में उद्यमिता को अपनाना चाहिए। जिसमें भारतीय युवाओं के लिए प्रचुर अवसर हैं। ये शब्द छठे राज्य वित्त आयोग हरियाणा के सलाहकार प्रोफेसर एमएम गोयल ने कहे। वे



प्रौद्योगिकी शिक्षा और अनुसंधान एकीकृत संस्थान में एमएसएमई-डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट करनाल द्वारा सेवा क्षेत्र में उद्यमिता विषय पर आयोजित एक औद्योगिक प्रेरक अभियान यूथ के प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. सागर गुलाटी निदेशक ने स्वागत भाषण दिया तथा प्रो. एमएम गोयल की उपलब्धियों का प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत किया। प्रो. गोयल ने बताया कि नौकरी तलाशने वाले के बदले नौकरी देने वाला बनने के लिए हमें पर्यटन क्षेत्र में उद्यमिता अपनानी होगी। जो उच्चतम श्रेणी के मल्टीप्लायर के साथ चमत्कार करने में सक्षम है। प्रो. गोयल ने कहा कि अर्थव्यवस्था का प्रवर्तन डिजिटल बुनियादी ढांचे और व्यापारिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पहिये पर निर्भर करता है। प्रो. गोयल ने बताया कि शक्ति बढ़ाने के लिए युवाओं को सिर और दिल की क्षमताओं के साथ नैतिकता, विश्वसनीयता और जवाबदेही के कौशल की आवश्यकता है। मंच का सफल संचालन प्रो. पारुल चुटानी ने किया। इस अवसर पर प्रो. करन, प्रो. नेहा गुलाटी, रवि प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# हरियाणा में नहीं रुकेगी आस्था से जुड़ी सरस्वती की जलधारा

## तीन गांवों के किसान जमीन देने के लिए हुए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के खेल एवं युवा मामले राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह को लेकर सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके लिए यमुनानगर जिले के तीन गांवों के किसानों ने दादूपुर नलवी के तीन किलोमीटर तक की भूमि सरकार को देने का निर्णय लिया है।

खेल एवं युवा मामले राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह से मंगलवार को चंडीगढ़ स्थित निवास पर यमुनानगर जिले के किसानों का प्रतिनिधिमण्डल मिला। संदीप सिंह ने कहा कि हरियाणा में सरस्वती नदी की धारा लगातार सालभर बहे और किसानों को इसका पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री का भी यह विजन है कि सरस्वती नदी का प्रवाह निरंतर चलता रहे। इसके लिए स्यालवा, झाड़ चन्दना व उंचा चंदना सहित तीन गांवों के किसानों ने खुद आगे आकर सरकार को भूमि देने की पहल की है। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत कर किसानों की जायज मांगों पर चर्चा करेंगे। खेल मंत्री ने कहा कि सरस्वती नदी से किसानों की आस्था जुड़ी हुई है। लेकिन दादूपुर नलवी के लगभग तीन किलोमीटर के दायरे में इस नदी का प्रवाह नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का सरकार को भूमि देने के लिए स्वयं आगे आना सरकार के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि दादूपुर नलवी नहर का पानी सरस्वती नदी से जुड़ेगा तो इस क्षेत्र में जलस्तर स्तर भी बढ़ेगा।

किसानों के प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि यमुनानगर के इन तीन गांवों की लगभग 60 एकड़ भूमि पर लिंक नहर न बनने के कारण सरस्वती नदी के प्रवाह में बाधा आ रही थी।

## संक्षिप्त समाचार

### नि: शुल्क दंत जांच शिविर में 90 मरीजों ने करवाई जांच



**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्ज कालेज आयोजित नि:शुल्क दंत जांच शिविर में छात्राओं सहित 90 लोगों ने अपने दांतों की जांच करवाई। आयोजन पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. ज्योति जुनेजा ने बधाई दी। जीवीएम की यूनिवर्सिटी आउटरिच टीम के तत्वावधान में एनएसएस इकाई के विशेष सहयोग से दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर की प्रमुख संयोजक रूचिका विरमानी ने बताया कि शिविर में कालेज की छात्राओं सहित स्टाफ सदस्यों ने भी अपने दांतों की जांच करवाई। साथ ही फाजिलपुर के ग्रामीणों व विद्यार्थियों को भी आमंत्रित किया गया था, जिसमें कुछ लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में संत गुरु चरणदास चैरिटेबल अस्पताल की दंत चिकित्सक डा. सुधा कौशल ने सेवाएं देते हुए छात्राओं व अन्य लोगों के दांतों की जांच करते हुए उचित परामर्श दिया। डा. सुधा कौशल ने कहा कि शिविर में अधिकांश छात्राओं व अन्य लोगों को फ्लोरोसिस की समस्या है, जिससे दांतों में पीलापन छा जाता है। इसका एक प्रमुख कारण पानी भी है। इसलिए हमें शुद्ध जल ग्रहण करना चाहिए। चॉकलेट तथा चाय-कॉफी के सेवन से भी यह समस्या पैदा होती है। जिससे मुंह से दुर्गंध आने लगती है।

### चेयरपर्सन ने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी

**रेवाड़ी।** शहर के बाजारों की समस्याओं को लेकर नगर परिषद की चेयरपर्सन पूनम यादव गंभीर नजर आई। उन्होंने आज मंगलवार को अधिकारियों के साथ बाजारों का दौरा किया तथा गोकुल बाजार में डिवाईडर बनाने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने दुकानदारों से अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी। चेयरपर्सन पूनम यादव आज शहर के बाजारों में पहुंची तथा वहां की स्थिति व समस्याओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान ऑटो मार्केट में चल रहे सीवर के कार्य में तेजी लाने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। गोकुल बाजार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि यहां जल्द ही डिवाइडर लगवाए जाएंगे, ताकि दुकानदारों व ग्राहकों की समस्याओं का समाधान हो सके। उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने ऑटो मार्केट में लगे कूड़े के ढ़ेर को देखकर अधिकारियों को उसके उठान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निर्देश के साथ ही अधिकारियों ने तुरंत कूड़ा उठवाना शुरू कर दिया। हर वार्ड व बाजार में समान रूप से विकास कराया जाएगा। उन्होंने दुकानदारों का आह्वान किया कि वे शहर को अतिक्रमणमुक्त बनाने में नगर परिषद का सहयोग करें। सभी के सहयोग से ही शहर का चहुंमुखी विकास संभव है। उन्होंने कहा कि कई दुकानदार बार-बार आग्रह करने के बावजूद अतिक्रमण को बढ़ावा देने का काम करते हैं। ऐसे दुकानदारों को सहयोग की भावना का परिचय देते हुए अतिक्रमण से बचना चाहिए।

# पचास हजार से कम वेतन वाले पदों पर मिलेगा नए आरक्षण का लाभ

## नया नियम लागू होने के कारण नहीं जाएगी किसी कर्मचारी की नौकरी

### कंपनी को हर तिमाही पर अपडेट करना होगा पोर्टल पर रिकार्ड

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** सरकार द्वारा लागू किए जा रहे प्राइवेट सेक्टर में युवाओं की नौकरी के लिए कानून में कई कड़े नियम भी लागू करने का प्रावधान है। अगर कोई कंपनी/फैक्ट्री, संस्थान, ट्रस्ट अपने कर्मचारियों की जानकारी छुपाएगा तो उस पर जुर्माने का भी प्रावधान किया गया है।

नया नियम लागू होने के बाद प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत किसी भी कर्मचारी को हटाया नहीं जाएगा, लेकिन 50 हजार रुपये से नीचे की तनख्वाह के सभी कर्मचारियों की जानकारी सरकारी वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। जो कि नि: शुल्क होगी। रजिस्ट्रेशन करवाने की जिम्मेदारी संबंधित कंपनी, फर्म अथवा रोजगार प्रदाता की होगी।

किसी फर्म अथवा रोजगार प्रदाता द्वारा अपने कर्मचारियों का पंजीकरण न करवाने, आधी-अधूरी अथवा झूठी जानकारी, फर्जी प्रमाण पत्र देने और नियमों का पालन न करने पर अलग-अलग सेक्शन के तहत जुर्माने लगाने का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक तिमाही बाद रोजगार प्रदाता को संबंधित पोर्टल पर रिपोर्ट भी अपडेट करनी होगी।


### निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण बिल के मुख्य पहलू

- ये राज्य में चल रही कंपनियों, सोसाइटी, ट्रस्ट, फर्म पर लागू होगा, जिनमें 10 से ज्यादा कर्मचारी हैं।
- हरियाणा के डोमिसाइल धारक लोगों को इसका फायदा मिलेगा
- 50 हजार रुपये मासिक सेलरी तक की नौकरियों पर ही ये कानून लागू होगा
- सभी कम्पनियों को तीन महीने में सरकार के पोर्टल पर रजिस्टर कर बताना होगा कि उनके यहां 50 हजार तक की तनख्वाह वाले कितने पद हैं। इन पर हरियाणा से कितने लोग काम कर रहे हैं।
- ये डाटा अपलोड करने तक कम्पनियां नए लोगों को नौकरी पर नहीं रख सकती।
- कंपनी मालिक चाहे तो एक जिले से 10 प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारी रखने पर रोक लगा सकते हैं।
- किसी पद के लिए स्किल्ड कर्मचारी न मिलने पर आरक्षण कानून में छूट दी जा सकती है। इस बारे में निर्णय जिला उपायुक्त या उससे उच्च स्तर के अधिकारी लेंगे
- हर कम्पनी को हर तीन महीने में इस कानून को लागू करने की स्टेटस रिपोर्ट सरकार को देनी होगी।
- एसडीएम या इससे उच्च स्तर के अधिकारी कानून लागू किए जाने की जांच के लिए डाटा ले सकेंगे और कम्पनी परिसर में भी जा सकेंगे।
- कानून का पालन ना करने वाली कम्पनियों पर इस बिल के प्रावधानों के तहत कार्रवाई होगी।
- यह कानून अगले 10 साल तक लागू रहेगा।

# हरियाणा में चुनाव के अनुकूल नहीं माहौल : मनोहर लाल

### किसानों से फसल बर्बाद नहीं करने की अपील

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश के वर्तमान माहौल के अनुसार पंचायती राज चुनाव करवाना उचित नहीं है। माहौल ठीक होते ही पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव करवाए जाएंगे। पंचायतों का कामकाज सुचारू रूप से चलाए जाने के लिए प्रशासक नियुक्त किए जा चुके हैं।

मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि किसानों द्वारा आंदोलन को जारी रखना या समाप्त करना उनकी इच्छा पर निर्भर करता है। मनोहर लाल ने किसानों से भी आह्वान किया कि वह राजनीतिक दलों के मुट्ठी भर नेताओं के दबाव में आकर न तो अपनी फसलों को नुकसान पहुंचाएं और न ही दूध के रेट बढ़ाएं। दूध जल्द ही खराब हो जाने वाली वस्तु है। फसलें नष्ट होने के बाद संबंधित किसान के घर में कोई पैसा नहीं आएगा। यह राजनीतिक लोग तो अपनी बयानबाजी करने के बाद घर चले जाएंगे, लेकिन किसान लुटा-पिटा रह जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों के नाम पर कुछ लोगों ने जो आंदोलन चला रखा है, उससे सभी किसान सहमत नहीं हैं।

अधिकतर लोग अपने घरों को लौट गए हैं। जो डटे हुए हैं, उन पर कई तरह के दबाव हैं। हम उन्हें धैर्य से समझाना चाह रहे हैं। जितना तनाव 26 जनवरी तक था, अब उतना तनाव नहीं है। कांग्रेस ने किसानों को बदनाम करने का कोई रास्ता नहीं छोड़ा। शांतिपूर्ण आंदोलन हर किसी का अधिकार है। यह लोग आंदोलन आगे भी करना चाहें तो करें, लेकिन जनता को परेशानी न हो।

## पार्टी प्रभारी तावड़े के सामने विज ने रोया दुखड़ा

# डीजीपी बने रहेंगे मनोज यादव

### हाईकमान भी गृहमंत्री के स्टैंड से नहीं दिखी सहमत

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**सीआईडी** प्रकरण के बाद डीजीपी की तैनाती को लेकर भी गृहमंत्री अनिल विज बैकफुट पर आ गए हैं। विज द्वारा दी गई दो मार्च की समयावधि समाप्त होने के बाद भी मनोज यादव हरियाणा के डीजीपी बने रहेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को चंडगढ़ में डीजीपी के पद पर बने रहने को लेकर मोहर लगा दी है।

हरियाणा सरकार ने बीती 23 फरवरी को डीजीपी मनोज यादव को आगामी आदेशों तक एक्सटेंशन दी थी। जिसका विरोध करते हुए गृहमंत्री अनिल विज ने मोर्चा खोला हुआ है। गृह सचिव को डीजीपी के लिए तीन अधिकारियों का पैनल बनाकर भेजने के निर्देश देने के साथ ही विज ने कहा था कि दो मार्च के बाद डीजीपी के पद को रिक्त समझा जाए। विज के पत्र के अनुसार दो मार्च के बाद नए डीजीपी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। इस बीच विज ने सोमवार की रात हरियाणा मामलों के प्रभारी विनोद तावड़े से भी मुलाकात की। बताते हैं कि इस बैठक में विज ने प्रदेश प्रभारी के सामने डीजीपी को हटाने का मुद्दा उठाया।

# भ्रूण लिंग जांच का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



स्वास्थ्य विभाग की टीम की गिरफ्त में आरोपी

**स्वास्थ्य** विभाग की टीम ने भ्रूण लिंग जांच करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए थाना सदर पुलिस की मदद से गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है जबकि गिरोह का एक सदस्य टीम को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस ने कार व अल्ट्रासाउंड मशीन को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीएनडीटी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डिप्टी सिविल सर्जन डा. आरके सहाय ने बताया कि करनाल सीएमओ को गुप्त सूचना मिली थी कि कुरुक्षेत्र में कोई व्यक्ति गर्भ में भ्रूण लिंग जांच करता है। स्वास्थ्य विभाग ने अपने डिकोये की पहचान एक दलाल से कराई, जिसके बाद दलाल ने डिकोये को मंगलवार को पिपली चौक पर आने के लिए कहा। इसकी एवज में दलाल ने 35 हजार रुपये की मांग की। करनाल स्वास्थ्य विभाग टीम ने इसकी सूचना कुरुक्षेत्र जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह को दी। डा. सुखबीर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की एक टीम गठित की। टीम दोपहर लगभग 12 बजे डिकोये के साथ पिपली में पहुंच गई। डिकोये पिपली चौक पर दलाल का इंतजार करने लगा और टीम थोड़ी दूरी पर मौजूद रही। यहीं पर दलाल ने 35 हजार रुपये नकद ले लिए। सूबे सिंह डिकोये को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर सेक्टर तीन के एक घर में ले गया। जहां उसका अल्ट्रासाउंड किया। उसे लड़का होने की बात कही। इसके बाद दलाल सूबे सिंह उसे वापस छोड़ने के लिए आया। जहां स्वास्थ्य विभाग व पुलिस ने उसे दबोच लिया। सूबे सिंह ने पैसे का लेन-देन करने के लिए अल्ट्रासाउंड करने वाले मुख्य आरोपित अंबाला निवासी सोनू बजाज को भी निमंत्रण पैलेस के पास बुला लिया। सोनू के साथ एक निजी अस्पताल का एंबुलेंस चालक सुखदेव व जितेंद्र भी थे।

## मामला शराब घोटाले व जहरीली शराब से मौतों का

# एसईटी और एसआईटी की रिपोर्ट जांचेंगे मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में लॉकडाउन के दौरान हुए शराब घोटाले तथा जहरीली शराब से 47 लोगों की मौत के बाद हुई जांच की रिपोर्ट को लेकर उठ रहे सवालों पर विराम लगाते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया है। अब मुख्य सचिव तीनों कमेटियों द्वारा जारी की गई जांच रिपोर्ट का अध्ययन करके अपनी सिफारिश देंगे। जिसे सरकार द्वारा लागू किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंगलवार को मुख्य सचिव के नेतृत्व में हाई पावर कमेटी का गठन करने की जानकारी दी। उन्होंने विजयवर्धन कमेटी को गुप्ता, जाधव और रामचंद्रन कमेटियों की सिफारिशों का अध्ययन तथा उन्हें लागू करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की। पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि सरकार अव्यवस्थाओं को रोकना चाहती है और भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियां न हों इसके लिए पक्का प्रबंध करना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध शराब बनाने और उसकी बिक्री का काम पहले भी होता रहा है। कई लोग पहले भी मरे, लेकिन इस बार 47 लोगों की मौत के बाद व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जांच कराई।

# अनुबंधित शिक्षकों ने काले बिल्ले लगाकर निकाला रोष मार्च

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र




काले बिल्ले लगाकर रोष मार्च निकालते अनुबंधित शिक्षक।

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा अनुबंधित शिक्षकों के साथ गत दिनों किए गए अभद्र व्यवहार और नौकरी से निकालने की धमकी के खिलाफ काले अनुबंधित शिक्षकों ने काले बिल्ले लगाकर लंच टाइम में आक्रोश प्रदर्शन किया। अनुबंधित शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुए कुलपति के कार्यालय तक मार्च निकाला। अनुबंधित शिक्षकों ने अपनी मांगों ज्ञापन देना चाहा लेकिन उनके कार्यालय से कोई भी ज्ञापन लेने नहीं आये।

अनुबंधित शिक्षकों ने कहा कि जब तक कुवि प्रशासन कोई जवाब नहीं देता है तो लंच टाइम प्रदर्शन जारी रहेगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अनुबंधित शिक्षकों ने कहा कि चार दिन बीत जाने के बाद भी प्रदेश सरकार ने इस मामले को लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने जिला कुरुक्षेत्र प्रशासन को भी इस मामले में जल्द से जल्द संज्ञान में लेने की आशा की है ताकि बेटी बचाओं और बेटी पढ़ाओ को नारा लगाने वाला जिला कुरुक्षेत्र प्रशासन का नारा झूठा साबित नहीं हो। अनुबंधित शिक्षकों ने कहा कि उनकी मांग है कि अनुबंधित सहायक प्राध्यापकों का न्यूनतम मानदेय सातवें वेतनमान के आधार पर अविलंब प्रदान करे।

# साहिल टाया बने मिस्टर हरियाणा इंडिया सुपर मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**इंडिया** सुपर मॉडल 2021 प्रतियोगिता 24 से 27 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में आयोजित हुई जिसमें भारतवर्ष से विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया।

धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से साहिल टाया ने बतौर प्रतिभागी कुरुक्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। मिस्टर हरियाणा इंडिया सुपर मॉडल रहे। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में बॉलीवुड के स्टार रन विजय सिंह, बिग बॉस रोड़ी विजेता प्रिंस नरूला, फिल्म स्टार करण कुंद्रा, बिग बॉस फेम युविका चौधरी तथा कई सुपर स्टार शामिल रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों से 57 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साहिल ने प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंचकर कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन किया। साहिल टाया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के आहरण तथा वितरण अधिकारी डॉ अनंत राम के सुपुत्र हैं। आपको बता दें कि साहिल का बचपन से ही मॉडल बनने का सपना था। साहिल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हरियाणा का प्रतिनिधित्व कर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर साहिल का भव्य स्वागत किया गया। उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सभी सरकारी सेवाओं संबंधी रेट लिस्ट लगाएं : एसडीएम

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



तहसील परिसर व लघु सचिवालय सहित कार्यालयों का दौरा करते एसडीएम प्रदीप कुमार।

**एसडीएम** प्रदीप कुमार ने गोहाना तहसील परिसर में सरकारी सेवाओं व दस्तावेजों के लिए निर्धारित फीस संबंधी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि निर्धारित फीस से अधिक वसूली की शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम प्रदीप कुमार ने मंगलवार को तहसील सहित सरल केंद्र और लघु सचिवालय स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आम लोगों से भी सरकारी सेवाओं के संदर्भ में बातचीत करते हुए जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतरीन सेवाएं देने के लिए प्रयासरत रहेंगे। इसके लिए जनसहयोग भी अपेक्षित है। यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी लोगों से किसी भी प्रकार की पेशकश करता हो तो उसकी शिकायत तुरंत उन्हें दी जाए। एसडीएम ने परिसर में अव्यवस्थित रूप से स्थापित खोखों पर भी आपत्ति दर्ज की। उन्होंने कहा कि सभी खोखों को एक ही स्थान पर व्यवस्थित तरीके से स्थापित करवायें। इधर-उधर खोखे नहीं होने चाहिए। उन्होंने फोटोस्टेट मशीन संचालक तथा स्टांप वेंडरों आदि को भी विशेष दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सरल केंद्र का निरीक्षण करते हुए टोकन देने तथा समयबद्धता आदि की भी जांच की। इस मौके पर एएसआर जगदीश मौजूद थे।

## राज्य के सभी जिलों में 1700 बच्चों में बुखार के लक्षण

# अंबाला, कुरुक्षेत्र और करनाल में मिले 70 बच्चे कोरोना पॉजिटिव

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**हरियाणा** सरकार द्वारा स्कूल खोले जाने के बाद जहां 1700 से अधिक बच्चों में बुखार के संकेत मिले हैं वहीं अब तक 70 स्कूली बच्चे कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। जिसके चलते सभी विद्यार्थियों को दस दिन के लिए घर भेज दिया गया है।

इस बीच मंगलवार को मिली रिपोर्ट के मुताबिक अंबाला जिले में तीन स्कूली बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। उधर कुरुक्षेत्र में कन्या गुरुकुल की आठ छात्राओं की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव मिलने से हडकंप मचा हुआ है। छात्रों में संक्रमण के मामले आने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी हुई है। रविवार को 18 विद्यार्थियों के सैम्पल में से तीन की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस बीच मंगलवार की शाम करनाल के सैनिक स्कूल कुंजपुरा में भी सोमवार को तीन बच्चों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद हॉस्टल में रह रहे 390 बच्चों की जांच करवाई गई। जिनमें से 54 बच्चों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आ गई है।

हरियाणा सरकार ने एक मार्च से स्कूलों में पहली व दूसरी की कक्षाएं शुरू की है। इससे पहले अन्य कक्षाओं के लिए स्कूल लगाए जा रहे हैं। स्कूलों में बच्चों की थर्मल स्कैनिंग के बाद ही एंट्री हो रही है। अब तक मिली रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश 1700 स्कूली विद्यार्थियों का तापमान 100 डिग्री पाया गया है। सिरसा में सबसे अधिक 153 बच्चों का टेम्परेचर 99 से अधिक मिला है। वहीं सबसे कम 17 बच्चों का टेम्परेचर पानीपत में 99 से अधिक पाया गया।

सभी स्कूलों के मुखियाओं को निर्देश दिए गए हैं कि टेम्परेचर अधिक मिलने वाले बच्चों को स्कूलों में एंट्री न करने दी जाए। स्कूलों को बार-बार सैनेटाइज भी करवाया जा रहा है। शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों की थर्मल स्कैनिंग रिपोर्ट के लिए मोबाइल एप बनाई हुई है। एप पर पूरे जिले का डॉटा अपलोड होता है।

### इन जिलों के बच्चों में मिले बुखार के लक्षण

| जिला | संख्या | जिला | संख्या |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 034 | कुरुक्षेत्र | 076 |
| भिवानी | 110 | महेंद्रगढ़ | 035 |
| चरखी दादरी | 020 | नूंह | 021 |
| फरीदाबाद | 113 | पलवल | 040 |
| फतेहाबाद | 086 | पंचकूला | 071 |
| गुरुग्राम | 095 | पानीपत | 076 |
| हिसार | 141 | रेवाड़ी | 074 |
| झज्जर | 051 | रोहतक | 049 |
| जींद | 121 | सिरसा | 153 |
| कैथल | 119 | सोनीपत | 093 |
| करनाल | 086 | यमुनानगर | 081 |

# जरूरत हुई तो बढ़ाएंगे कोरोना वैक्सीनेशन केंद्र: मनोहर लाल

### इसी सप्ताह सभी निजी अस्पतालों में लगने शुरू होंगे टीके

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि वर्तमान में प्रदेश के सभी सरकारी तथा 382 निजी अस्पतालों में कोरोना वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है। अगर जरूरत पड़ी तो आने वाले दिनों में वैक्सीनेशन केंद्रों की संख्या में वृद्धि की जाएगी।

मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में सीएम ने कहा कि पिछले करीब एक सप्ताह से हरियाणा में कोरोना केसों में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग, स्थानीय निकाय विभाग तथा पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। मनोहर लाल ने प्रदेश वासियों को मास्क पहनने की अपील करते हुए कहा कि हरियाणा में रोजाना औसतन 15,000 से 18,000 कोविड टेस्ट किए जा रहे हैं। वर्तमान में 1200 के करीब कोरोना के सक्रिय केस हैं। इसकी तुलना में अब तक करीब तीन लाख लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है। सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ 382 निजी क्षेत्र के अस्पतालों को भी कोरोना वैक्सीनेशन के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी से साठगांठ का मामला

# टीआरपी घोटाला: अदालत ने बार्क के पूर्व सीईओ की जमानत मंजूर

एजेंसी। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय ने टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट्स (टीआरपी) घोटाला मामले में आरोपी एवं ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) के पूर्व सीईओ पार्थो दासगुप्ता की जमानत मंगलवार को स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति पीडी नाइक ने दो लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि देने में सक्षम दो जमानती पर दासगुप्ता (55) की जमानत मंजूर कर ली।

अदालत ने कहा, जमानत याचिका मंजूरी दी जाती है। याचिकाकर्ता (दासगुप्ता) को दो लाख रुपये का निजी मुचलका जमा कराने और इतनी ही राशि देने में सक्षम जमानती मुहैया कराने के बाद जमानत पर रिहा किया जाएगा। अदालत ने दासगुप्ता को छह सप्ताह के लिए समान राशि की अस्थाई नकद जमानत राशि जमा कराने की अनुमति दे दी, तब तक उन्हें दो सक्षम जमानती मुहैया कराने होंगे। दासगुप्ता के वकील आबाद पोंडा ने अदालत से कहा कि जमानती तैयार करने और उनके दस्तावेज जमा कराने की प्रक्रिया में समय लगेगा, जिसके बाद अदालत ने यह अनुमति दी। अदालत ने दासगुप्ता को संबंधित पुलिस थाने में अपना पासपोर्ट जमा कराने का आदेश दिया और निर्देश दिया कि वह अदालत की अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएंगे। उसने कहा, याचिकाकर्ता छह महीने तक हर महीने के पहले शनिवार को संबंधित पुलिस थाने में पेश होगा। इसके बाद वह तीन महीने में एक बार थाने जाएगा। अदालत ने दासगुप्ता को आदेश दिया कि जब कभी आवश्यकता पड़ेगी, वह सुनवाई में शामिल होंगे और मामले के सबूतों से कोई छेड़छाड़ करने एवं गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। दासगुप्ता ने इस साल जनवरी में उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। इससे पहले सत्र अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।



**याचिकाकर्ता छह महीने तक हर महीने के पहले शनिवार को संबंधित पुलिस थाने में होगा पेश**

सत्र अदालत ने कहा था कि ऐसा लगता है कि दासगुप्ता ने घोटाले में अहम भूमिका निभाई और वह कथित रूप से मुख्य षड्यंत्रकर्ता हैं। दासगुप्ता को पिछले साल 24 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया था और वह तब से जेल में हैं।

दासगुप्ता पर अपने पद का दुरुपयोग करने और रिपब्लिक टीवी चलाने वाली कंपनी एआरजी आउटलायर मीडिया एवं इस टीवी के प्रधान संपादक अर्णब गोस्वामी से साठगांठ करके टीआरपी में छेड़छाड़ करने का आरोप है। दासगुप्ता को 16 जनवरी को रक्त में शर्करा स्तर बढ़ने और बेहोश होने के बाद तलोजा जेल से मुम्बई के जेजे अस्पताल ले जाया गया था। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। दासगुप्ता को 22 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। दासगुप्ता को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके वकीलों ने उनकी जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई के लिए, उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

आरजीआईडीएस का डिजीटल सम्मेलन: सामाजिक सौहार्द दबाव में

# केरल में समूचे विकास को नई रणनीति की जरुरत : सोनिया

**केरल सभी को सबक देता है कि कैसे सामाजिक सद्भाव व सौहार्द का करें संरक्षण**

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को कहा कि केरल का सामाजिक सद्भाव व सौहार्द दबाव में हैं। उन्होंने लोगों के बीच भाईचारे को बढ़ाने और दक्षिणी राज्य के समूचे विकास के लिए नई विकास रणनीति की वकालत की। राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज (आरजीआईडीएस) द्वारा आयोजित एक डिजिटल शिखर सम्मेलन में अपने संदेश में गांधी ने कहा, केरल देश के अन्य हिस्सों और कहीं तो दुनिया को यह सबक देता है कि कैसे सामाजिक सद्भाव व सौहार्द का संरक्षण और संवर्धन करें।

उन्होंने कहा, यह दबाव व तनाव में है और भविष्य की विकास की रणनीति में भाईचारे के बंधन को मजबूती दी जानी चाहिए। यह न केवल इसके मूल उद्देश्यों में से एक है, बल्कि केरल के अद्भुत विविध समाज की पहचान रहा है। आरजीआईडीएस केरल में कांग्रेस की विचारधारा से संबद्ध एक आर्थिक थिंक-टैंक है।



शिखर सम्मेलन, प्रतीक्षा 2030, अगले दशक में केरल के विकास की व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के लिए भारत और विदेश में आरजीआईडीएस के विस्तृत और व्यापक परामर्श की परिणति है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया था। विकास के बहुचर्चित केरल मॉडल के संदर्भ में गांधी ने कहा कि राज्य आज नई व अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है और इन्हें कोविड-19 महामारी से और बल मिला है। उन्होंने दक्षिणी राज्य में आर्थिक सुधार और सामाजिक सुरक्षा के लिए नई सोच की जरूरत पर बल दिया।

सम्मेलन में पढ़े गए संदेश में उन्होंने कहा, यह आर्थिक वृद्धि के लिए स्पष्ट रूप से नई सोच का समय है जिससे फिर से निवेश हो, उत्पादक रोजगार का सृजन हो, पर्यावरण का संरक्षण हो, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीला रुख हो, प्राकृतिक आपदाओं के खतरों को कम करें, संगठित व असंगठित श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा बढ़े, किसानों व उनके परिवारों की कुशलता बढ़े। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि बीते छह दशकों से भी ज्यादा समय में विकास के केरल मॉडल ने सार्वजनिक स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता, लैंगिक सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय की दिशा में राज्य के लिए कई प्रभावी उपलब्धियां अर्जित की हैं। लेकिन केरल के सामने नई चुनौतियां हैं और मैं कह सकती हूं कि अभूतपूर्व चुनौतियां हैं।

उन्होंने कहा, इन चुनौतियों को कोविड-19 महामारी से और बल मिला जिसका सामना पूरी दुनिया कर रही है और यह खतरा अभी कायम है। शिखर सम्मेलन की सराहना करते हुए गांधी ने कहा कि इस परामर्श के फलस्वरूप दृष्टिपत्र तैयार हुआ जिसे आज जारी किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, वास्तव में यह सिर्फ दृष्टिपत्र नहीं, यह मिशन पत्र भी है जो राज्य के लोगों की अकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विस्तृत खाका पेश करता है। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीथला और निदेशक बी एस शिजू के नेतृत्व वाले आरजीआईडीएस के दल को भी इस पहल के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं सिर्फ इतना ही और कहना चाहूंगी कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य के लोगों का भरोसा और विश्वास जीत कर जल्द ही विजनामिशन दस्तावेज का अक्षरश: क्रियान्वयन शुरू करेगी।

बंगाल में आईएसएफ से गठबंधन पर भाजपा ने कहा

# कांग्रेस पार्टी का ना कोई ईमान, ना विचारधारा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भाजपा** ने पश्चिम बंगाल में मुस्लिम धर्मगुरु अब्बास सिद्दिकी के नेतृत्व वाले इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ गठबंधन को लेकर कांग्रेस पर मंगलवार को निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी दल का न कोई ईमान है और न कोई विचारधारा। भाजपा ने गठबंधन को लेकर कांग्रेस में मचे घमासान पर चुटकी भी ली और कहा कि वह चाहे कितने भी गठबंधन कर ले उसका डूब चुका जहाज अब बचने वाला नहीं है।

भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का ना ही कोई ईमान है और ना ही विचारधारा बल्कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और जाति तथा धर्म के नाम पर लोगों को बांटना ही उसकी विचारधारा है। पात्रा ने कहा कि आज कांग्रेस अपनी प्रसंगिकता को बनाएं रखने के लिए गठबंधन पर निर्भर है और ठीक ऐसी ही एक गठबंधन की प्रक्रिया कांग्रेस पार्टी बंगाल में कर रही है। उन्होंने कहा, जो कांग्रेस अपने को धर्मनिरपेक्ष बताती है, वही कांग्रेस बंगाल में आईएसएफ के साथ गठबंधन करती है। केरल में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन करती है, जमात-ए-इस्लामी के अग्रिम संगठन के साथ गठबंधन करती है। असम में बदरुद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीएफ के साथ गठबंधन करती है। और महाराष्ट्र में शिव सेना के साथ मिली हुई है।

उन्होंने कहा, कोई ईमान नहीं...कोई विचारधारा नहीं। भ्रष्टाचार ही कांग्रेस की विचारधारा है। परिवारवाद को बढ़ावा देना ही कांग्रेस की विचारधारा है। जातिवाद ही कांग्रेस की विचारधारा है। जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटना और धर्म के नाम पर लोगों को बांटना ही कांग्रेस की विचारधारा है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस ने जितने भी गठबंधन किए हैं वो किसी अच्छे प्रदर्शन, अच्छे सुधार और सुशासन के लिए नहीं किए हैं, बल्कि ए गठबंधन केवल इसलिए किए कि किसी प्रकार अपनी परिवार अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि आईएसफ के साथ गठबंधन करने को लेकर कांग्रेस के अंदर ही घमासान मचा हुआ है और विपक्षी पार्टी के नेता ही सवाल उठा रहे हैं कि क्या यही महात्मा गांधी वाली धर्मनिरपेक्षता है।

## दो भाई नहर में डूबे एक का शव बरामद

**बीकानेर (राजस्थान)।** बीकानेर जिले के लूणकरनसर इलाके में मंगलवार सुबह दो भाई कंवर सेन लिफ्ट नहर में डूब गए।

पुलिस के अनुसार बड़े भाई महेश कुमार रैगर का शव बरामद कर लिया गया है जबकि दूसरे भाई जीतू रैगर की तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तहसील के उद्देशियां गांव के ये भाई पूजा के दौरान उपयोग में ली गई सामग्री व फूलों को नहर में विसर्जित करने गए थे, जहां दुर्घटनावश वे नहर में गिर गए।

## स्कूल से अपहृत 276 छात्राओं को छोड़ा गया : नाइजीरियाई गवर्नर

एजेंसी। गुसाऊ (नाइजीरिया)

**नाइजीरिया** के पश्चिमोत्तर जामफारा राज्य में एक बोर्डिंग स्कूल से पिछले सप्ताह जिन 279 छात्राओं का अपहरण किया गया था, उन्हें छोड़ दिया गया है। राज्य के गवर्नर बेल्लो माताबाले ने यह घोषणा की।


बंदूकधारियों ने जानगेबे शहर के गवर्नमेंट गर्ल्स जूनियर सेकेंड्री स्कूल (जीजीएसएस) से लड़कियों का अपहरण कर लिया था। इस पश्चिमी अफ्रीकी देश में पिछले कई वर्षों से इस तरह से अपहरण करने और हमला करने के मामले सामने आते रहे हैं। माताबाले ने मंगलवार तड़के ट्वीट किया, भगवान का शुक्र है। मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि जीजीएसएस जानगेबे से अपहृत की गई छात्राओं को छोड़ दिया गया है। यह हमारे प्रयासों को रोकने के लिए पैदा की गई कई बाधाओं को दूर करके संभव हुआ।

## कानपुर : ट्रक पलटने से बच्चों और महिलाओं समेत छह की मौत

एजेंसी। कानपुर

**कानपुर** देहात जिले के भोगनीपुर थाना क्षेत्र में सोमवार की रात कोयले से लदे ट्रक के पलट जाने से उसमें सवार तीन बच्चों, दो महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार कानपुर देहात जिले के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के मऊ खास गांव के पास कोयला लदे ट्रक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से यह घटना हुई। कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने मंगलवार को बताया कि मजदूर और उनके परिवार के सदस्य भोगनीपुर चौराहे से फिरोजाबाद जाने के लिए ट्रक में सवार हुए थे। इनमें से कुछ ट्रक के पीछे कोयले के ऊपर बैठे थे, जबकि कुछ अन्य को ड्राइवर केबिन के अंदर बैठाया गया था। चौधरी ने कहा कि ट्रक जैसे ही मऊ खास गांव के पास पहुंचा था तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया।



## संक्षिप्त समाचार

**मुंबई के स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट मिलेगी 50 रुपये में**

**मुंबई।** मध्य रेलवे ने कोविड-19 महामारी के मद्देनजर गर्मी के मौसम में प्लेटफॉर्म पर अधिक भीड़ से बचने के लिए मुंबई मेट्रोपोलिटन क्षेत्र (एमएमआर) के कुछ महत्वपूर्ण स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की कीमत बढ़ा दी गई है। एक अधिकारी ने ये जानकारी दी। मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने बताया कि मुंबई में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, दादर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस तथा पास के ठाणे, कल्याण, पनवेल और भिवंडी में अब प्लेटफॉर्म टिकट 10 रुपए के बजाय 50 रुपए में मिलेगा। अधिकारी ने बताया कि नई दर एक मार्च से प्रभाव में आ गई और यह इस साल 15 जून तक प्रभावी रहेगी उन्होंने कहा, गर्मियों में यात्रा के दौरान भीड़भाड़ से बचने के लिए यह कदम उठाने का फैसला किया गया है। फरवरी के दूसरे सप्ताह से मुंबई में कोविड-19 के रोजाना के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। शहर में कोविड-19 के अब तक 3.25 लाख से अधिक मामले आए हैं और संक्रमण से 11,400 से अधिक लोगों की मौत हुई है।

**नोएडा में बहनोई ने किशोर का अपहरण किया**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव में बहनोई ने किशोर का कथित अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उधर, थाना सेक्टर 20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर 15 से बरामद किया है। थाना सेक्टर-49 के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बरौला गांव निवासी श्यामसुंदर मिश्रा ने अपने 14 वर्षीय बेटे को अगवा करने का आरोप लगाते हुए, दामाद अमरजीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं, थाना सेक्टर-20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर-15 से बरामद किया है। नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर नोएडा पुलिस से मदद मांगी थी। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर सूचना दी कि उनके यहां से अगवा किशोरी को आयुष नामक युवक नोएडा के सेक्टर-15 में लेकर छिपा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना सेक्टर-20 पुलिस ने नोएडा के नयाबास गांव में छापा मारा। आयुष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस ने नागपुर पुलिस को सूचना दे दी है। वहां से पुलिस टीम नोएडा के लिए रवाना हो गई है।

**प्रियंका की किसान महापंचायत मेरठ में अब सात मार्च को**

**मेरठ।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की किसान महापंचायत मेरठ में अब सात मार्च को होगी, जो पहले छह मार्च को प्रस्तावित थी। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव चौधरी यशपालसिंह ने मंगलवार को बताया, प्रियंका गांधी वाड्रा का छह मार्च को यहां आने का कार्यक्रम था, लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में व्यस्तता के कारण अब महापंचायत की तिथि एक दिन आगे बढ़ा दी गई है। प्रियंका यहां नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों को संबोधित करेंगी। वहीं स्थानीय कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन के अनुसार किसान महापंचायत सरधना के कैली गांव में ही होगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के स्थल में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, सात मार्च को दोपहर 12 बजे कैली गांव में हनुमान मंदिर के पास किसान महापंचायत होगी।

**गाजीपुर बॉर्डर का एक छोर यातायात के लिए खोला गया**

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन के प्रदर्शन स्थल गाजीपुर बॉर्डर का एक छोर मंगलवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। पुलिस ने ये जानकारी दी। दिल्ली में गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा भड़कने के बाद से ही इस मार्ग को बंद कर दिया गया था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आज सुबह इस मार्ग का दिल्ली से गाजियाबाद जाने वाला एक हिस्सा खोल दिया गया। मार्ग का दूसरा छोर अभी भी बंद है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ बड़ी संख्या में किसान दिल्ली की विभिन्न सीमाओं पर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं।

**कॉलेज जाने के लिए घर से निकली तीन छात्राएं लापता**

**शाहजहांपुर (उप्र)।** शाहजहांपुर में कॉलेज जाने के लिए घर से निकली तीन नाबालिग छात्राएं कथित रूप से लापता हो गई हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस की तीन टीमें छात्राओं की तलाश में लगाई गई हैं और उन्हें जल्द ढूंढ लिया जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक (नगर) प्रवीण कुमार ने बताया कि शहर के सदर बाजार थाना अंतर्गत अलग-अलग मोहल्ले में रहने वाली तीन छात्राएं सोमवार को कॉलेज जाने के लिए निकलीं और रहस्यमय ढंग से लापता हो गई हैं। उन्होंने बताया कि दो छात्राएं 15 वर्ष की हैं जबकि एक 10 वर्ष की है और तीनों शहर के ही आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि तीनों सोमवार को सुबह घर से कॉलेज जाने को निकली। घर से एक छात्रा 2500 तथा दूसरी छात्रा 3700 रुपये लेकर गई है साथ ही अपने कपड़े भी ले गई।


# अमेरिकी सांसद ने बिडेन प्रशासन से भारत का साथ देने की अपील की

चीनी साइबर हमला

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक वरिष्ठ सांसद ने चीनी हैकरों द्वारा भारत की पावर ग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने संबंधी रिपोर्ट के मद्देनजर सोमवार को बिडेन प्रशासन से भारत का साथ देने का अनुरोध किया।

साइबर हमले जैसी गतिविधियों की निगरानी करने वाली एक अमेरिकी कंपनी की रिपोर्ट में भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाने की बात सामने आई है। सांसद फ्रैंक पैलोन ने सोमवार को ट्वीट किया, अमेरिका को निश्चित रूप से हमारे रणनीतिक साझेदारों के साथ खड़ा रहना चाहिए और भारत के पावर ग्रिड पर चीन के खतरनाक साइबर हमले की निंदा करनी चाहिए, जिसकी वजह से महामारी के दौरान अस्पतालों को जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा।



**जिसकी वजह से महामारी के दौरान अस्पतालों को जनरेटरों का सहारा लेना पड़ा**

पैलोन ने ट्वीट किया, हम चीन को बल प्रयोग और डर के माध्यम से क्षेत्र में प्रभुत्व कायम करने की अनुमति नहीं दे सकते। इससे एक दिन पहले ही अमेरिका में मैसाचुसेट्स की कंपनी रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपने हालिया अध्ययन में दावा किया कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जारी तनाव के दौरान चीन सरकार से जुड़े हैकरों के एक समूह ने मालवेयर के जरिए भारत की पावरग्रिड प्रणाली को निशाना बनाया। आशंका है कि पिछले साल मुंबई में बड़े स्तर पर बिजली आपूर्ति ठप होने के पीछे शायद यही मुख्य कारण था।

## पश्चिम बंगाल में 25 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, एक गिरफ्तार

एजेंसी। कोलकाता

**कोलकाता** पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्धमान जिले से पांच किलोग्राम से अधिक की हेरोइन जब्त की है और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 25.09 करोड़ रुपये बताई जाती है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को इस बारे में बताया।

अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ के अधिकारियों ने सोमवार रात मेमारी के स्क्रूलपुर बाजार में तलाश अभियान चलाया और एक मादक पदार्थ तस्कर के वाहन से प्रतिबंधित सामग्री जब्त की। उन्होंने बताया, हमें ऐसी सूचना मिली थी कि व्यक्ति एक एजेंट को मादक पदार्थ देने के लिए आने वाला है। हमने उसके पास से 5.08 किलोग्राम हेरोइन जब्त की और उसके वाहन को जब्त कर लिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ रोकथाम से संबद्ध एनडीपीएस कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोलकाता पुलिस में एक सूत्र ने बताया कि व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि हाल में मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार भाजपा के दो नेताओं से उसका कोई संबंध तो नहीं है। पुलिस ने भाजपा युवा शाखा की नेता पामेला गोस्वामी और उनके दो अन्य सहयोगियों को मादक पदार्थ बरामदगी के मामले में गिरफ्तार किया था।

# नकवी ने लगवाया कोरोना टीका, सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कोविड-19 से निपटने के लिए टीकाकरण मुहिम के दूसरे चरण की शुरुआत के एक दिन बाद मंगलवार को उत्तर प्रदेश के रामपुर में कोरोना वायरस के टीके की पहली खुराक ली।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नकवी ने रामपुर स्थित के डी डालमिया आई हॉस्पिटल में टीका लगवाया। मंत्री ने टीका लगवाने के बाद अस्पताल के चिकित्सकर्मियों को धन्यवाद दिया और उन सभी लोगों से टीका लगवाने की अपील की, जो इसके लिए पात्र हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू समेत कई शीर्ष नेताओं ने सोमवार को कोरोना वायरस के टीके की पहली खुराक ली थी। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, असम के स्वास्थ्य मंत्री हिमंत बिस्व सरमा और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने भी सोमवार को टीका लगवाया था। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और अन्य बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, एक मार्च से टीकाकरण आरंभ किया है।



**स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन और उनकी पत्नी ने लगवाया टीका**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन तथा उनकी पत्नी ने मंगलवार को दिल्ली हार्ट एंड लंग इंस्टीट्यूट में कोविड-19 टीके की पहली खुराक ली।

कोविड-19 टीकाकरण अभियान का दूसरा चरण सोमवार, एक मार्च से शुरू हुआ। हर्षवर्धन की पत्नी नूतन गोयल ने पहले टीका लगवाया। उनके बाद हर्षवर्धन ने टीका लगवाया। मंत्री ने सोमवार को 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों तथा अन्य बीमारियों से पीड़ित 45 और उससे अधिक आयु के लोग से तत्काल टीका लगवाएं।

# निकिता जैकब की याचिका पर दिल्ली पुलिस से एक सप्ताह में मांगा जवाब

टूलकिट मामला

एजेंसी। नई दिल्ली

**किसानों** के प्रदर्शन से संबंधित टूलकिट सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में दिशा रवि के साथ सह-आरोपी निकिता जैकब की अग्रिम जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए, यहां एक अदालत ने मंगलवार को दिल्ली पुलिस को एक सप्ताह का और समय दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र राणा ने अर्जी स्वीकार करते हुए नौ मार्च तक पुलिस को जवाब दाखिल करने की अनुमति दे दी। इससे पहले लोक अभियोजक ने कहा कि एजेंसी को जैकब की याचिका पर विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए समय चाहिए।



**पुलिस को जैकब की जमानत याचिका पर अपने जवाब की प्रति उनकी वकील को मुहैया कराने को कहा**

अदालत नौ मार्च को एक और सह आरोपी शांतनु मुलुक की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करेगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संक्षिप्त सुनवाई के दौरान जैकब की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रेबेका जॉन ने कहा कि वह मुलुक की याचिका के साथ नहीं बल्कि अलग मामले के तौर पर उनकी याचिका पर जिरह करना चाहती हैं। अदालत ने कहा कि वह नौ मार्च को दलीलें सुनेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस को जैकब की जमानत याचिका पर अपने जवाब की प्रति उनकी वकील को मुहैया कराने को कहा।

जैकब को तीन सप्ताह के लिए 17 फरवरी को बंबई उच्च न्यायालय से ट्रांजिट अग्रिम जमानत मिली थी ताकि आरोपी दिल्ली में संबंधित अदालत का रुख कर सके। अदालत ने 25 फरवरी को मुलुक को नौ मार्च तक गिरफ्तारी से राहत प्रदान की थी। महाराष्ट्र की औरंगाबाद पीठ ने 16 फरवरी को मुलुक को 10 दिनों के लिए ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। इसके बाद उन्होंने 23 फरवरी को दिल्ली की अदालत का रुख किया था। मुलुक, रवि और जैकब पर राजद्रोह और अन्य आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस की साइबर प्रकोष्ठ की टीम बेंगलुरु से रवि को गिरफ्तार कर दिल्ली लेकर आई थी। दिल्ली की अदालत ने 23 फरवरी को उन्हें जमानत दे दी।

## चर्चिल की पेंटिंग 1.15 करोड़ डॉलर में बिकी, बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी। लंदन

**विन्सटन** चर्चिल की मोरक्को के परिदृश्य की पेंटिंग एक नीलामी में रिकॉर्ड 1.15 करोड़ डॉलर से अधिक में बिकी है। यह पेंटिंग अदाकारा एंजेलिना जोली द्वारा बेची गई है।

लंदन के क्रिस्टी में टावर ऑफ द कोउटाउबिया मॉस्क 82,85,000 पाउंड (1,15,90,715 डॉलर) की बिकी है। बिक्री से पूर्व इसकी कीमत 15 लाख पाउंड से 25 लाख पाउंड लगाई गई थी। इससे पहले चर्चिल की सबसे महंगी पेंटिंग 18 लाख पाउंड से बिकी थी। इस पेंटिंग में एटलस पर्वत की पृष्ठभूमि में सूर्यास्त के समय मोरक्को की 12वीं शताब्दी की मस्जिद दिखाई गई है।अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकलिन डी. रूजवेल्ट ने 1945 में निधन के बाद उनके बेटे ने यह पेंटिंग बेच दी थी। इसके बाद इसे कई लोगों ने खरीदा। 2011 में इसे एंजेलिना और उनके प्रेमी एवं अभिनेता ब्रैड पिट ने खरीदा था। दम्पत्ति 2019 में अलग हो गए थे। इस पेंटिंग को जोली फैमली कलेक्शन ने यहां बेचा।

# एक्वा लाइन मेट्रो विस्तार पर फिर लगा विराम

## नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने तीसरी बार रद्द की निविदा


फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने नोएडा सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा सेक्टर-2 तक प्रस्तावित नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन के 9.605 किलोमीटर के एलिवेटेड विस्तार के लिए जारी सिविल टेंडरिंग प्रक्रिया को रद्द कर दिया। गत गुरुवार को इस बारे में आधिकारिक बयान सामने आया।

उत्तर प्रदेश सरकार ने दिसंबर, 2019 में इसके निर्माण के लिए मंजूरी दी थी। इसके मुताबिक कुल 29.7 किलोमीटर लम्बे एक्वा लाइन का विस्तार किया जाना था। इसके तहत पूरब में 14.95 किलोमीटर सेक्टर-51 से नॉलेज पार्क-5 के खंड में विस्तार प्रस्तावित है। मगर एनएमआरसी ने लगातार तीसरी बार इस प्रोजेक्ट के लिए लॉन्च टेंडर को निरस्त किया है। इसके साथ ही इस प्रस्तावित लाइन पर जल्द काम शुरू होने की उम्मीदें धूंधली हो गई हैं।

इस प्रोजेक्ट के लिए दूसरा टेंडर नवंबर, 2020 के आखिर में लॉन्च किया गया था। इसके निर्माण के लिए 491.99 करोड़ का अनुमानित बजट रखा गया था। दो साल में इसे पूरा करने की समय सीमा रखी गई। 18 दिसंबर, 2020 को इसका टेक्निकल बिड खोला गया जिसमें दो कंपनियों ने इसमें रूचि दिखाई थी। मगर आखिरी वक्त में इस टेंडर को रद्द कर दिया गया। इस संबंध में एनएमआरसी द्वारा दी हुई वजह हैरान करने वाली है। आधिकारिक बयान में एनएमआरसी की तरफ से कहा गया, कुछ प्रशासनिक वजहों के चलते इस निविदा को रद्द कर दिया गया है। पहले टेंडर को रद्द करते वक्त एनएमआरसी की तरफ से यही वजह दी गई थी।

### ये है पूरा प्रोजेक्ट

इस प्रस्तावित प्रोजेक्ट के मुताबिक विस्तार के रूट पर 5 एलिवेटेड स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके कुल अनुमानित बजट में इनके डिजाइन और निर्माण का खर्च शामिल है। पांच एलिवेटेड स्टेशन नोएडा-122, 123,4,.12 और 2 पर प्रस्तावित हैं। हालांकि कुल प्रोजेक्टेड बजट में इन स्टेशनों के आर्किटेक्चरल फिनिशिंग वर्क्स और पीईबी कार्य का खर्च शामिल नहीं है। पहले राउंड में मई, 2020 में निविदाएं आमंत्रित की थीं। तब तीन फर्म ने इसमें रूचि दिखाते हुए आवेदन दिया था। हालांकि इनमें से एक कंस्ट्रक्शन फर्म नहीं थी। परंतु इससे बेहतर की चाहत थी और जुलाई, 2020 में इस निविदा को रद्द कर दिया गया। दूसरे चरण में सितंबर, 2020 में फिर से निविदाएं आमंत्रित की। नवंबर के मध्य में आवेदन दिया। मगर नवंबर के आखिर में टेंडर रद्द कर दिया। अब चौथे राउंड का टेंडर जारी करने की तैयारी में है।

# जेवर एयरपोर्ट के पास प्राधिकरण ने शुरू किया प्लॉट स्कीम

- आवेदन के लिए देनी होगी दस फीसदी रकम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यीडा ने सोमवार को अपनी बहुप्रतीक्षित प्लॉट एलॉटमेंट की स्कीम जारी कर दी है। अथॉरिटी ने इस योजना के तहत कुल 440 प्लॉट के आवंटन की तैयारी की है। इनमें से 345 प्लॉट के लिए सामान्य नागरिक आवेदन कर सकते हैं। इनमें से 76 प्लॉट किसानों के लिए आरक्षित हैं। सभी स्कीम में आवेदन की अंतिम तिथि 30 मार्च है। स्कीम का ड्रॉ 5 मई को निकाला जाएगा। आवेदन के लिए 10 फीसदी रकम देनी होगी। ड्रॉ में नाम नहीं आने पर पैसे वापस कर दिए जाएंगे। हालांकि इसमें कुछ वक्त लगेगा। प्राधिकरण ने जिन 440 आवासीय भूखंडों की योजना लांच की है, उनमें 60 वर्गमीटर, 90, 120, 200, 300, 500, 1000, 2000 और 4000 वर्ग मीटर के भूखंड शामिल हैं। ड्रॉ में शामिल होने के इच्छुक लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड से आवेदन कर सकेंगे। प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे पर सेक्टर-18 और सेक्टर-22डी में योजना लांच करेगा। अधिकारियों के मुताबिक इस योजना के तहत फ्लैट 312 वर्ग फीट से 1100 वर्ग फीट के होंगे।

### इन साइज के प्लॉट हैं योजना में शामिल

60 वर्ग मीटर, 90 वर्ग मीटर, 120 वर्ग मीटर, 300 वर्ग मीटर, 500 वर्ग मीटर, 1000 वर्ग मीटर, 2000 वर्ग मीटर, 4000 वर्ग मीटर।

**प्लॉट्स के लिए आवेदन राशि**

60 वर्ग मीटर प्लॉट आरक्षित वर्ग के लिए 50,600 रुपये। अन्य के लिए 10,1200 रुपये।

# ब्रांडेड कपड़े चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश

- छह गिरफ्तार, 22 लाख का माल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।

जिले की सेक्टर-58 थाना पुलिस ने मंगलवार तड़के एक बड़े चोर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल के सामने मुख्य सड़क पर चेंकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को करण, सुभाष, अंकुर, अजय, चंद्र मोहन, समीर दिवेदी और दानिश नाम के संदिग्ध युवक दिखाई दिए। पुलिस ने इन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ की तो बड़ा खुलासा हुआ।

इनके कब्जे से एक कंपनी से चोरी किए 110 पैकेट कपड़े के सूट के बंडल मिले। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रूपये है। साथ ही पुलिस ने चोरी की एक बाइक और एक स्कूटी बरामद किया है। सभी आरोपी यूपी-बिहार के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-63 के बी-18 को जीएसटी विभाग ने सील कर दिया है। इनका एक साथी चंद्र मोहन दिन में इसकी बगल वाली कंपनी में गार्ड की नौकरी करता है और रात में फैक्ट्री में रैकी करता है। वह वहां होने वाली हर गतिविधि की सूचना अपने साथियों को देता था। गार्ड द्वारा दी जानकारी के मुताबिक यह गिरोह फैक्ट्री में चोरी करता था। वारदात के वक्त दानिश व उसका साथी समीर रैकी करते रहते थे। जैसी ही सड़क सुनसान होती थी, ये शातिर कंपनी से माल चुराकर अलग-अलग बाइक पर रखकर दानिश द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचा देते थे। इनका गिरोह पिछले 5-6 महीने से ऐसी वारदातों में शामिल है।

# पेंशन के लिए कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे लोकतंत्र सेनानी

- सीएम के सचिव ने डीएम से मांगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

लोकतंत्र सेनानी नेमचंद शर्मा अटल अपनी पेंशन को गलत ढंग से रोकने के मामले में सोमवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है, मेरी लोकतंत्र सम्मान पेंशन राशि बिना वजह बाबू ने बंद कर दी है। मैंने तमाम बार इसकी जानकारी जिला प्रशासन के अधिकारियों को दी, लेकिन अभी तक इंसाफ नहीं मिल पाया है।
जिसके बाद मैं आज कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गया हूं।

नेमचंद शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठते हुए दिवाकर सिंह को अपनी समस्याओं का पत्र दिया है। नेमचंद शर्मा अटल का कहना है कि जब इस मामले में बाबू से मिला तो उसने कहा, जब तक मैं सीट पर बैठा हूं, तब तक पेंशन नहीं मिलने दूंगा। दूसरी ओर इस मामले में जेवर से विधायक ठाकुर धीरेन्द्र सिंह ने दखल दी है।

उन्होंने बताया कि लोकतंत्र सेनानी नेमीचंद शर्मा अटल की पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री के सचिव को जानकारी दी है। इसके बाद डीएम से सचिव ने बात की। जिलाधिकारी ने पूरे प्रकरण पर संज्ञान ले लिया है। जल्दी ही नेमचंद शर्मा की पेंशन बहाल कर दी जाएगी। इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री के सचिव ने भी डीएम से रिपोर्ट मांगी है। दूसरी ओर इस मामले को लेकर जिलाधिकारी ने बताया है कि प्रकरण उनके संज्ञान में है।

# प्राधिकरण ने पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट में किया बदलाव

**नोएडा।** फिल्म सिटी से लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाने की योजना में यमुना प्राधिकरण ने बड़ा बदलाव किया है। अब ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाई जाएगी। इस योजना के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत के लाखों लोगों को बड़ा फायदा होगा।

यमुना प्राधिकरण की सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि पॉड टैक्सी पहले फिल्म सिटी से लेकर जेवर एयरपोर्ट पर प्रस्तावित की गई थी। लेकिन अब इस योजना में बदलाव करते हुए ग्रेटर नोएडा से यमुना सिटी के सेक्टरों को जोड़ते हुए जेवर एयरपोर्ट तक पॉड टैक्सी चलाने की योजना बनाई है। पहले यमुना प्राधिकरण ने प्रस्तावित किया था कि पॉड टैक्सी फिल्म सिटी और नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच पॉड टैक्सी चलाई जाएगी।

# बहनोई ने किया किशोर को अगवा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गांव में बहनोई ने किशोर का कथित अपहरण कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उधर, थाना सेक्टर 20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर 15 से बरामद किया है।

थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बरौला गांव निवासी श्यामसुंदर मोची ने अपने 14 वर्षीय बेटे को अगवा करने का आरोप लगाते हुए हुए दामाद अमरजीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, थाना सेक्टर 20 पुलिस ने महाराष्ट्र के नागपुर से अगवा एक किशोरी को नोएडा के सेक्टर 15 से बरामद किया है। नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर नोएडा पुलिस से मदद मांगी थी। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि नागपुर पुलिस ने उत्तर प्रदेश की महिला हेल्पलाइन पर सूचना दी कि उनके यहां से अगवा किशोरी को आयुष नामक युवक नोएडा के सेक्टर 15 में लेकर छिपा हुआ है।

सूचना पर थाना सेक्टर 20 पुलिस ने नोएडा के नयाबास गांव में छापा मारा तथा आयुष को हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया।

# कोरोना संक्रमण : ढिलाई ने बढ़ाई स्वास्थ्य विभाग की परेशानी

## बाजारों में बिना मास्क घूम रहे लोग, सार्वजनिक जगहों पर नहीं हो रहा शारीरिक दूरी का पालन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



फाइल फोटो

कोरोना वैक्सीन आने के साथ ही खूब लापरवाही बरती जा रही है। दवाई के साथ ढिलाई ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का तनाव बढ़ा दिया है।

बाजार में लोग खुले घूम रहे हैं। सैनिटाइजर तो दूर मास्क लगाना भी लोग भूल गए हैं। अस्पतालों में शारीरिक दूरी का पालन नहीं हो रहा है। सरकारी कार्यालयों के साथ ही बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों पर खूब भीड़ लग रही है। प्रशासनिक अफसरों की सख्ती खत्म हो गई है।

सौ लोगों की जगह एक हजार लोगों को समारोहों में दावत पर बुलाया जा रहा है। पांच राज्यों में संक्रमण के केस बढ़ने के बावजूद लोग लापरवाह हो चले हैं। बुखार होने पर जांच की जगह खुद ही मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर काम चला रहे हैं। फरवरी 2020 में कोरोना की आहट पर ट्रैवल हिस्ट्री के 177 लोगों को ट्रेस करने में स्वास्थ्य विभाग जुट गया था।

अब तक 26,740 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं। 26,576 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। 102 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक चालीस लाख की आबादी वाले जिले के सवा आठ लाख लोगों की कोरोना जांच हो चुकी है। एमएमजी अस्पताल, संयुक्त अस्पताल और महिला अस्पताल में मरीजों की रोज लंबी-लंबी लाइन लग रही है। शारीरिक दूरी का पालन न तो मरीज कर रहे हैं और न ही चिकित्सकों को इसकी परवाह है। मरीज भी मुंह पर मास्क लगाकर नहीं पहुंच रहे हैं। कोरोना जांच बूथों पर भी लापरवाही बरती जा रही है।

# साथी की मौत से नाराज चालकों ने नहीं उठाया कूड़ा

## पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा और नौकरी देने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वाहन चालक के परिजनों को दस लाख के मुआवजे एवं पीड़ित परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर निगम के तमाम चालकों ने वाहन खड़े कर दिए। शहर के किसी हिस्से से कूडा नहीं उठाया।

चालकों का आरोप था कि कमीशन के खेल में घटिया वाहन खरीद लिए गए हैं। सीएनजी आधारित इन वाहनों से कूडा खाली करने के दौरान चालकों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ती है। जो डंपिंग ग्राउंड स्थल तय किया गया है,वहां कूडा वाहन ले जाने के दौरान भी हादसे का खतरा रहता है।

बता दें कि सोमवार को निगम में तीन साल से कॉन्ट्रेक्ट वाहन चालक निखिल कौशिक कूड़ा वाहन को लेकर मेरठ रोड पर शाहपुर स्थित डंपिंग ग्राउंड गया था तथा वाहन से कूडा डंप कर रहा था। इस बीच वह 11 हजार केवी की लाइन की चपेट में आ गया। निखिल को मेरठ रोड के एक नर्सिंग होम ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वाहन चालक संघ के अध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह, महामंत्री सलीम एवं उपाध्यक्ष राजीव ने चालक के परिजनों को निगम से दस लाख की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग उठाई है। वाहन चालक संघ ने ये भी जोर दिया कि स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जो सीएनजी आधारित एवं दूसरे वाहन खरीदे गए हैं उनकी गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए।

यहां बता दे कि महापौर ने भी हाल में खरीदे गए वाहनों को लेकर गंभीर सवाल उठाए थे और पत्र के माध्यम से नगर आयुक्त से पूरे मामले की जांच कराने पर जोर दिया था।

# कई बदमाशों को गुंडा एक्ट में किया निरुद्ध

**गाजियाबाद।** शहर में बढ़ रहे बेतहाशा अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 7 शातिर बदमाशों को गैंगेस्टर एक्ट में निरुद्ध करने का फैसला किया है। ये सभी आरोपी लूट, हत्या और डकैती जैसी जघन्य वारदातों में संलिप्त रहे हैं।

एसएसपी कलानिधि नैथानी ने बताया कि जिन सात बदमाशों को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया है उनमें आफताब, खलील, राजू, शमशेर मोहम्मद, सुमन, खुर्शीद तथा ताहिर के नाम शामिल हैं।



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल योजनाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें साकार करने में अपना योगदान देते हुए मॉडर्न स्टेज इवेंट्स द्वारा गत दिनों दिल्ली के ऐरोसिटी में स्थित रॉसेट हॉउस में इंडिया डिजाइनर शो का आयोजन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ में पली-बड़ी और हाल में फरीदाबाद की रहने वाली जानी-मानी सुपर फैशन और सेलिब्रिटी मॉडल, गीता रायकवाड़ ने डिजाइनर, श्रीएस मित्तल के डिजाइनर ब्रांड कैलाश चंद सिल्वर एंड गोल्ड वर्क के लिए रैंप वॉक कर समारोह की शोभा बढ़ाई! रायकवाड़ बताती हैं कि 'इस अनूठे फैशन शो में रैंप वॉक करके न सिर्फ मेरा अपना, बल्कि मेरे पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है।'**

प्रस्तुति एवं फोटो सौजन्य: श्रीनाथ दीक्षित

## रोमांच के लिए शहरवासी हो जाएं तैयार

# गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में 300 घुड़सवार दिखाएंगे दम

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा एक बार फिर सजकर तैयार है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के घुड़सवार एक बार फिर अपनी प्रतिभा से दर्शकों को खास अनुभव देंगे। इसके लिए शहर के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) परिसर में स्थित स्टेडियम में तीन श्रेणियों, जिसमें राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और छात्रों के बीच प्रतियोगिताएं होंगी।

राष्ट्रीय टेंट पैगिंग टीम में चयन के लिए खिलाड़ी तीन से सात मार्च तक होने वाली चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाएंगे। वर्ल्ड चैंपियनशिप में क्वालिफाई करने के लिए 12.14 मार्च तक प्रतियोगिता होगी।

इसमें सात देशों भारत, अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, कतर, बेलारूस, बहरीन के खिलाड़ियों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी। इस संबंध में आयोजकों ने सोमवार को एक प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। इसमें भारतीय टेंट पेगिंग टीम के कोच अहमद अफसर, कमेंटेटर अथर और हाईटेक कॉलेज के चेयरमैन डॉ विहंग गर्ग ने सवालों के जवाब दिए। इस खेल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि टेंट पेगिंग में घोड़े पर बैठकर 6.4 सेकेंड में भाले से जमीन पर रखे सफेद प्लेट जैसे टुकड़े को उठाया जाता है।

कोच अहमद अफसर ने बताया कि इस खेल की शुरुआत साल 1965 में हुई थी। टेंट पेगिंग प्रतियोगिता में भारतीय घुड़सवारों का हमेशा दबदबा रहा है। ग्रेटर नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में पहले भी वर्ष 2015 में ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस बार अंतरराष्ट्रीय टेंट पेगिंग फेडरेशन, एक्वेस्टेरियन फेडरेशन ऑफ इंडिया और युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में दी पेंटा ग्रैंड-2021 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में तीन से सात मार्च तक राष्ट्रीय टेंट पैगिंग टीम के चयन के लिए प्रतियोगिता होगी। इसे कुबेर नेशनल एक्वेस्ट्रियन चैंपियनशिप का नाम दिया गया है।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

किसी पुराने मित्र से मुलाकात कर सकते हैं, जिससे मन हर्षित होगा। दूर संचार माध्यम से शुभ सूचना मिल सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ के कई अवसर हाथ लग सकते हैं। मेहनत का पूरा परिणाम मिलने वाला है। परिवार के लोगों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। आप अपने विरोधियों को परास्त करेंगे।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** गले में हरे रंग का धागा धारण करें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कामकाज के सिलसिले में अधिक भागदौड़ करनी पड़ेगी। परिवार के लोग पूरा सपोर्ट करेंगे। राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों को सफलता मिलने के योग हैं। महत्वपूर्ण काम में आपकी बुद्धिमानी काम आ सकती है। व्यापार में लाभदायक समझौते हो सकते हैं।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** साबुत मूंग की दाल का दान करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

आपके द्वारा किए गए प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी के क्षेत्र में कार्यों की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। मधुर वाणी से लोगों को प्रभावित करेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने की योजना बन सकती है। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ मिलने के प्रबल योग हैं। मेहनत का उचित फल मिलेगा। गुस्से पर थोड़ा काबू रखें अन्यथा वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** चांदी का कड़ा धारण करें।

### कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

भूमि-भवन से संबंधित बाधा दूर हो सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। संतान के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। सोच सकारात्मक रहेगी। कार्यों में मनचाही सफलता मिलने के योग नजर आ रहे हैं। व्यापार में नई तकनीकी का इस्तेमाल करेंगे, जिसका बेहतरीन लाभ मिलेगा। माता पिता के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। वाहन सुख की प्राप्ति हो सकती है।

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** सुबह कुछ देर नंगे पैर घास पर चले।

### सिंह
(मा, मी, मू, में, मो, टा, टी, टू, टे)

दोस्तों के साथ मौज-मस्ती के लिए घूमने का प्रोग्राम बन सकता है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है। नए कार्य की योजना बन सकती है। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। प्रेम जीवन में चल रही परेशानियां खत्म हो सकती हैं।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करें।

### कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो)

धर्म-कर्म के कामों में अधिक रूचि रहेगी। किसी सफल यात्रा पर जा सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग हैं। पूंजी निवेश करने की योजना बना सकते हैं, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा। सभी जरूरी काम समय पर पूरा करेंगे। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों की सहायता मिलेगी।

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** हरी इलायची का सेवन करें।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)

माता-पिता के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। भागदौड़ का अच्छा फल मिलेगा। अचानक शुभ समाचार मिल सकता है। व्यक्तित्व में निखार आएगा। रोजगार के क्षेत्र में किए गए प्रयास सफल रहेंगे। संपत्ति के मामलों में लाभ मिल सकता है। काम के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आपके द्वारा की गई यात्रा लाभदायक सिद्ध होगी।

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** गणेश जी की आराधना करें।

### वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,)

समय थोड़ा कठिन नजर आ रहा है। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें अन्यथा चोट लग सकती है। पुरानी बीमारी को लेकर आप काफी चिंतित रहेंगे। जोखिम लेने से बचना होगा। पारिवारिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के सभी लोग मिलजुलकर समय व्यतीत करेंगे। नौकरी के क्षेत्र में लोग आपके कार्यों पर निगाह रख सकते हैं, सतर्क रहें।

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** गाय को हरा चारा डालें।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

मानसिक तनाव का सामना करना पड़ेगा। वाद-विवाद को बढ़ावा मत दीजिए। काम जल्दीबाजी में न करें अन्यथा काम बिगड़ सकता है। नई योजनाओं पर सोच-विचार करने की आवश्यकता है। भविष्य के लिए धन संचय करने का पूरा प्रयास करेंगे। सरकारी क्षेत्र में कार्यरत लोगों का समय मिलाजुला रहेगा। कानूनी मामलों से दूर रहें।

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** बुध के मंत्रों का जाप करें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

उधार दिया पैसा वापस मिल सकता है। व्यापार के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं, यात्रा सुखद रहेगी। भाई-बहनों के साथ चल रहे मनमुटाव खत्म होंगे। विवाह योग्य लोगों को शादी का अच्छा प्रस्ताव मिल सकता है। आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। मौसम परिवर्तन होने के कारण स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** देवी भगवती की आराधना करें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

व्यापार में भारी मुनाफा मिलने की संभावना है। रोजगार की प्राप्ति होगी। अप्रत्याशित लाभ मिल सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पुराना वाद-विवाद खत्म होगा। प्रेम संबंधों में मजबूती आएगी। प्रेम विवाह होने के योग नजर आ रहे हैं। नौकरी के क्षेत्र में पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, बाहर के खानपान से परहेज करें।

**भाग्यांक:** 7
**विशेष:** मंदिर में भगवान गणेश के सम्मुख देसी घी का दिया जलाएं।

### मीन
(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

फालतू के खर्चों पर लगाम रखें अन्यथा आर्थिक संकट उत्पन्न हो सकता है। कीमती चीजों को संभाल कर रखने की जरूरत है। वाद-विवाद न करें। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता बनी रहेगी। नए लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिसका आपको अच्छा लाभ मिलेगा। अचानक आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। दिन खुशनुमा रहेगा।

**भाग्यांक:** 5
**विशेष:** रात के समय मुंह भिगोकर रखें और सुबह अपने पक्षियों को डाल दें।

# 'एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों का ख्याल रखें अधिकारी'

नोएडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह और जिलाधिकारी सुहास एलवाई को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को लखनऊ में स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान खास जोर देकर दोनों अफसरों को जेवर ग्रीन फील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम आगे बढ़ाने के लिए कहा है। इसमें विशेष रूप से एयरपोर्ट के लिए जमीन देने वाले किसानों के हितों का ख्याल रखने के आदेश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी को कहूंगा कि एयरपोर्ट के लिए जिन किसानों ने जमीन दी है, उनके व्यवस्थित पुनर्वास का इंतजाम करें।

# माता-पिता पूछते थे कि मुक्केबाजी से क्या हासिल होगा?

पूनम मेहरा। नई दिल्ली

## दीपक ने अपने प्रदर्शन से दिया जवाब



**हाल** ही में 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में कुछ बड़े खिलाड़ियों को धूल चटाने के बाद रजत पदक जीतने वाले दीपक कुमार ने अपने दमदार प्रदर्शन से माता-पिता और दादी के उन सवालों का जवाब दे दिया, जो उनसे 2008 में कॅरियर शुरू करने के समय पूछा गया था। दीपक को आज भी याद है कि उनके अभिभावक कहते थे कि पढ़ाई में ध्यान दो, मुक्केबाजी से कुछ नहीं मिलेगा। दीपक ने हालांकि 10 साल के बाद 2018 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप और 2019 में पहली बार एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेते हुए रजत पदक और फिर अभी बुल्गारिया में पिछले दिनों रजत पदक जीत कर अपने अभिभावकों को इस सवाल का जवाद दे दिया।

दीपक ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कहा, वह मेरे चाचाजी थे जिन्होंने महसूस किया कि मैं एक मुक्केबाज बन सकता हूं। उन्होंने ऐसा क्यों महसूस किया यह मुझे भी नहीं पता। हो सकता है कि वह भी मुक्केबाज बनना चाहते हो लेकिन उनका मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं था। हरियाणा के हिसार के 23 साल के इस खिलाड़ी ने इस खेल से खुद के जुड़ाव का श्रेय अपने चाचा को दिया। उन्होंने कहा, चाचा जी (रवींदर कुमार) के दोस्तों की टोली मुक्केबाजी से जुड़ी हुई थी और उन्होंने ही मुझे इस खेल से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया और मुझे यह अच्छा लगा। अपने परिवार में मैं पहला खिलाड़ी हूं और यह काफी गर्व करने वाली बात है। इसके साथ ही चाचा जी मेरे जरिए अपने सपने को पूरा कर रहे है। भारतीय सेना में नायब सूबेदार के पद पर काबिज दीपक ने इस मौके पर अपने होमगार्ड पिता और मां की बातों को याद किया जो मुक्केबाजी को अधिक समय देने के कारण दीपक से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, वे चाहते थे कि मैं पढ़ाई में ध्यान दूं। वे दोनों कहते थे कि इससे तुम्हें क्या हासिल होगा? मेरी दादी भी ऐसे सवाल करती थी लेकिन चाचा ने इसके लिए जोर दिया और फिर मुझे सबका साथ मिला।

उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि मेरी परवरिश मुश्किल परिस्थितियों में हुई, लेकिन मैं हमेशा से आत्मनिर्भर होकर अपने माता-पिता की मदद करना चहता था। इसलिए अपने शुरुआती वर्षों में मैं एक दोस्त की अखबार की वेंडिंग एजेंसी के लिए संग्रह का काम करता था। मैं खुद विक्रेता नहीं था, मैं कभी-कभी भुगतानों का संग्रह करने जाता था। उन्होंने कहा, यह कुछ पॉकेट खर्च कमाने के साथ-साथ आहार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए था।

### मेरे अनुभव के लिए काफी अच्छा रहा स्ट्रांजा

पहली बार स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भाग लेते हुए उन्होंने कुछ बड़े खिलाड़ियों को मात दी, जिसमें सबसे बड़ा नाम ओलंपिक और विश्व चैंपियन शखोबिदिन जोइरोव का था। भारतीय खिलाड़ी ने उज्बेकिस्तान के इस मुक्केबाज को सेमीफाइनल में हराया था। उन्होंने कहा, यह बड़ी जीत थी और मैं कह सकता हूं कि मेरे अब तक के कॅरियर का यह सबसे बड़ा पदक है। यह मेरे लिए एशियाई चैंपियनशिप से बड़ा पदक है क्योंकि वहां मैंने 49 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश की थी, इस भार वर्ग में मैं अधिक सहज नहीं रहता हूं। मैं 52 क्रिग्रा भार वर्ग में ज्यादा सहज महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, स्ट्रांजा मेरे अनुभव के लिए काफी अच्छा रहा। मुझे पता चला कि बड़े खिलाड़ियों के खिलाफ भी मैं बेखौफ होकर खेल सकता हूं। टूर्नामेंट के फाइनल में स्थानीय मुक्केबाज डेनियल असेनोव के खिलाफ दो दौर में दबदबा बनाने के बाद भी जजों का फैसला दीपक के पक्ष में नहीं गया। अपने पसंदीदा भार वर्ग में विश्व के नंबर एक मुक्केबाज अमित पंघाल के साथ प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अपनी जगह खुद बनाएंगे। पंघाल एशियाई खेल और एशियाई चैंपियन है। उन्होंने पहले ही टोक्यो ओलंपिक का टिकट कटा लिया है। दीपक ने कहा, इसे मुझे ज्यादा असर नहीं पड़ता, आने वाले समय में मैं अपनी जगह खुद बनाऊंगा। मुझे मिलेगा पर देर से मिलेगा। मुझे पता है कि मैं लंबी रेस का घोड़ा हूं।

# कोहली इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर वाले पहले क्रिकेटर बने



**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एक और शतक बनाया लेकिन इस बार क्रिकेट की पिच से दूर जब वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 100 मिलियन (10 करोड़) फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बने। कोहली एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले व्यक्ति हैं। आईसीसी ने ट्वीट किया, विराट कोहली, इंस्टाग्राम पर 10 करोड़ फॉलोअर का आंकड़ा छूने वाले पहले क्रिकेट स्टार। कोहली इंस्टाग्राम में सर्वाधिक फॉलोअर वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर हैं। पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो 26 करोड़ 50 लाख फॉलोअर के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अर्जेंटीना के फुटबॉल कप्तान और एफसी बार्सीलोना के दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी और ब्राजील के नेमार का नंबर आता है जो क्रमशः 18 करोड़ 60 लाख और 14 करोड़ 70 लाख फॉलोअर के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

## स्पेनिश मुक्केबाजी टूर्नामेंट का ड्रॉ घोषित

# मेरीकोम-पंघाल सहित 12 भारतीय क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। नई दिल्ली

**छह** बार की विश्व चैंपियन एमसी मेरीकोम और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल उन 12 भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं जो स्पेन के केस्टोलोन में बॉक्सेम इंटरनेशल टूर्नामेंट में पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर हैं। इन सभी को ड्रॉ में क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है। टूर्नामेंट में भारत के टोक्यो ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले सभी नौ मुक्केबाजों के अलावा पांच अन्य मुक्केबाज भी हिस्सा ले रहे हैं।

पिछले साल ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के बाद पहली बार चुनौती पेश कर रही मेरीकोम (51 किग्रा) बुधवार को अपने पहले मुकाबले में इटली की गियोर्डाना सोरेनटिनो से भिड़ेंगी। पिछले साल दिसंबर में जर्मनी में कोलोन विश्वकप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पंघाल (52 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिली है और वह क्वार्टर फाइनल में स्थानीय दावेदार गैब्रियल एस्कोबार से भिड़ेंगे। टोक्यो ओलंपिक में पदक के दावेदारों में शामिल विकास कृष्ण (69 किग्रा) को भी पहले दौर में बाई मिली है और वह क्वार्टर फाइनल में इटली के विन्सेंजो मेंगियाकापरे से भिड़ेंगे। ड्रॉ में कम खिलाड़ियों के कारण एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष कुमार (75 किग्रा) और सुमित सांगवान (81 किग्रा) को भी सीधे क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है। सांगवान डोपिंग निलंबन के बाद प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में वापसी कर रहे हैं क्योंकि बाद में उन्हें पाक साफ करार देकर निलंबन हटा दिया गया।





### आशीष-सतीश टोक्यो के लिए कर चुके हैं क्वालीफाई

आशीष और सतीश कुमार (91 किग्रा से अधिक) टोक्यो के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। सतीश ओलंपिक में जगह बनाने वाले देश के पहले सुपर हैवीवेट मुक्केबाज हैं। सतीश भी क्वार्टर फाइनल से अपना अभियान शुरू करेंगे। संजीत (91 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में जास्मीन और मनीषा (57 किग्रा) भी बाई मिलने से क्वार्टर फाइनल से अपना अभियान शुरू करेंगी। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं सिमरमनजीत कौर (60 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और पूजा रानी (75 किग्रा) बुधवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उतरेंगी। चोट के बाद वापसी करने वाले और टोक्यो के लिए क्वालीफाई कर चुके मनीष कौशिक (63 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए मंगलवार को स्पेन के अब्देलाउई रादोआने से भिड़ेंगे। मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा) स्थानीय दावेदार जोआन मैनुअल टोरेस के खिलाफ उतरेंगे।

## कोच रवि शास्त्री ने अहमदाबाद में कोविड का टीका लगवाया



**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री ने मंगलवार को यहां एक अस्पताल में कोविड-19 का टीका लगवाया। शास्त्री ने सहयोग और समर्थन के लिए अपोलो अस्पताल के स्टाफ को धन्यवाद दिया। वह 58 बरस के हैं। इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने ट्वीट किया, कोविड-19 टीके की पहली डोज लग गई। चिकित्सा पेशेवरों और वैज्ञानिकों को धन्यवाद जिन्होंने महामारी के खिलाफ भारतीय झंडा बुलंद किया।

भारत में सोमवार से दूसरे चरण के टीकाकरण अभियान की शुरुआत हुई जिसमें इसके दायरे को बढ़ाते हुए वरिष्ठ नागरिकों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को भी टीके लगाए जा रहे हैं। शास्त्री ने लिखा, कांताबेन और उनकी टीम ने अहमदाबाद के अपोलो अस्पताल में कोविड-19 टीकाकरण के दौरान जो पेशेवरपन दिखाया उससे काफी प्रभावित हूं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ के किसी अन्य सदस्य को टीका नहीं लगाया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम यहां इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में खेल रही है। चौथा और अंतिम टेस्ट अहमदाबाद में गुरुवार से खेला जाएगा।

## स्टिमाक ने ओमान-यूएई के खिलाफ

# मुकाबलों के लिए 35 संभावित खिलाड़ी चुने

एजेंसी। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** फुटबॉल कोच इगोर स्टिमाक ने ओमान और यूएई के खिलाफ दुबई में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए मंगलवार को 35 संभावित खिलाड़ियों का चयन किया जिसमें 10 नए चेहरे शामिल हैं। भारतीय पुरुष टीम को ओमान के खिलाफ 25 मार्च जबकि यूएई के खिलाफ 29 मार्च को खेलना है।

इंडियन सुपर लीग के 13 मार्च को होने वाले फाइनल के बाद 28 खिलाड़ियों की अंतिम सूची की घोषणा की जाएगी। खिलाड़ी इसके बाद 15 मार्च से दुबई में तैयारी शिविर के लिए जुटेंगे। स्टिमाक ने विज्ञप्ति में कहा, हम सूची में 35 खिलाड़ियों को जगह दी है जिससे कि अगर आईएसएल प्ले आफ के दौरान कोई खिलाड़ी चोटिल हो जाए तो उसकी भरपाई हो सके। नए चेहरों के संदर्भ में उन्होंने कहा, यह हम सभी के लिए मुश्किल साल रहा और अंततः हम सब एक साथ आ रहे हैं। कुछ नए खिलाड़ियों से मिलना शानदार होगा। क्रोएशिया के लिए विश्वकप खेल चुके स्टिमाक ने कहा कि ओमान और यूएई के खिलाफ होने वाले मुकाबले टीम के लिए महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि उन्होंने एक साल से अधिक समय से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। स्टिमाक ने कहा कि ब्रेंडन फर्नांडिज, राहुल भेके, सहल अब्दुल समद और आशीष राय को सूची में जगह नहीं मिली हैं क्योंकि ये सभी अभी चोटिल हैं। भारत ने अपना पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच नवंबर 2019 में ताजिकिस्तान में अफगानिस्तान और मस्कट में ओमान के खिलाफ 2022 फीफा विश्वकप क्वालीफायर के रूप में खेला था। ओमान और यूएई के खिलाफ होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले 2022 फीफा विश्वकप और 2023 एशियाई कप क्वालीफायर की भारत की तैयारी का हिस्सा है। भारत 2022 विश्वकप की दौड़ से बाहर हो चुका है लेकिन अब भी 2023 एशियाई कप के क्वालीफिकेशन की दौड़ में बना हुआ है।

### संभावित खिलाड़ी

**गोलकीपरः** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, सुभाशीष रॉय चौधरी, धीरज सिंह और विशाल कैथ।

**डिफेंडर्सः** सेरिटोन फर्नांडिस, आशुतोष मेहता, आकाश मिश्रा, प्रीतम कोटाल, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, सार्थक गोलूई, आदिल खान, मंदार राव देसाई, प्रबीर दास और मशूर शरीफ।

**मिडफील्डर्सः** उदांता सिंह, रोलिन बोरगेस, लालेंगमाविया, जैकसन सिंह, रेनियर फर्नांडिस, अनिरुद्ध थापा, बिपिन सिंह, यासिर मोहम्मद, सुरेश सिंह, लिस्टन कोलासो, हालीचरण नारजरी, लालियानजुआला चांगटे, आशिक कुरुनियन, राहुल केपी, हितेश शर्मा और फारूख चौधरी।

**फारवर्डः** मनवीर सिंह, सुनील छेत्री और इशान पंडिता।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने बार्सीलोना के पूर्व अध्यक्ष को हिरासत में लिया

**मैड्रिड।** स्पेन की पुलिस ने बार्सीलोना स्टेडियम में छापे की कार्रवाई के बाद इस फुटबॉल कलब के पूर्व अध्यक्ष जोसेप मारिया बोर्टोम्यु सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब क्लब के अध्यक्ष पद के चुनावों में एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है। यह कार्रवाई पिछले साल के बार्सागेट प्रकरण के संदर्भ में की गई, जिसमें क्लब के अधिकारियों पर आरोप लगा था कि उन्होंने उन मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों को बदनाम करने का अभियान चलाया जो क्लब और तत्कालीन अध्यक्ष बोर्टोम्यु के आलोचक थे। पुलिस ने हिरासत में लिए गए लोगों का नाम नहीं बताया लेकिन अध्यक्ष पद के दावेदार जोआन लापोर्टा ने स्पेन की मीडिया की खबरों में पुष्टि की है कि बार्टोम्यु हिरासत में लिए गए लोगों में शामिल हैं।

### मियामी ओपन में नहीं खेलेंगे फेडरर

**मियामी।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रोजर फेडरर ने इस महीने होने वाले मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया है जिससे कि टूर में वापसी की अपनी तैयारी को अधिक समय दे सकें। फेडरर के एजेंट ने यह जानकारी दी। पिछले सत्र में दाएं घुटने के दो आपरेशन के बाद 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फेडरर एक साल से अधिक समय से प्रतिस्पर्धी टेनिस नहीं खेले हैं। अगस्त में 40 बरस के होने वाले फेडर की अगले महीने कतर के दोहा में 14 मार्च से शुरू हो रहे हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट के साथ टूर पर वापसी की योजना है। फेडरर को 24 मार्च से मियामी में शुरू हो रहे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में भी हिस्सा लेना था, लेकिन उनके एजेंट टोनी गॉडसिक ने सोमवार को बताया कि वह वहां नहीं खेलेंगे। गॉडसिक ने ईमेल पर एपी को बताया, दोहा और शायद दुबई के बाद, (फेडरर) वापस जाएगा और ट्रेनिंग करेगा।

### एवर्टन ने साउथम्पटन को हराया

**लीवरपूल।** एवर्टन ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में साउथम्पटन को 1-0 से हराकर घरेलू सरजमीं पर 1958 से सबसे खराब प्रदर्शन का अंत किया और चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को भी जीवंत रखा। रिचार्लिसन ने सोमवार को शुरुआती 10 मिनट में ही गोल दागा, जिससे एवर्टन ने जीत दर्ज की। रिचार्लिसन लगातार तीसरे मैच में गोल करने में सफल रहे। एवर्टन की टीम अब चौथे स्थान पर चल रहे वेस्टहैम से सिर्फ दो अंक पीछे है, जबकि उसने एक मैच कम खेला है। साउथम्पटन का खराब प्रदर्शन हालांकि जारी रहा। एवर्टन की पिछले तीन घरेलू मैचों में हार के बाद साउथम्पटन को जीत की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सकता। साउथम्पटन के नाम पिछले नौ लीग मैचों आठ हार और एक ड्रॉ दर्ज है।

### रीयाल मैड्रिड को सोसीदाद ने बराबरी पर रोका


**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड को ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को घरेलू मैदान पर रीयाल सोसीदाद ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। कोच जिनेदिन जिदान ने मैच के बीच में फोरमेशन बदला और टीम को इसका नुकसान उठाना पड़ा। मध्यांतर के बाद टीम बदले हुए फोरमेशन के साथ उतरी और पोर्तु ने डिफेंस में कम खिलाड़ियों का फायदा उठाकर 55वें मिनट में रीयाल सोसीदाद को बढ़त दिला दी। रीयाल मैड्रिड की टीम हार की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन विनिसियस जूनियर ने 89वें मिनट में गोल दागकर टीम को बराबरी दिला दी। इस ड्रॉ से रीयाल मैड्रिड के बार्सीलोना के समान 25 मैचों में 53 अंक हैं लेकिन खराब गोल अंतर के कारण टीम तीसरे स्थान पर है। एटलेटिको मैड्रिड की टीम 58 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि उसने एक मैच कम खेला है।

### आईपीएल में क्रिकेट से ज्यादा पैसे का महत्वः स्टेन

**कराची।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में क्रिकेट को कम तव्वजों देने का दावा करते हुए कहा कि इस आकर्षक टी-20 टूर्नामेंट में पैसे को खेल से ज्यादा महत्व दिया जाता है। पिछले सत्र में रॉयल चैलेंजर बेंगलोर का हिस्सा रहे स्टेन ने आईपीएल में लगातार नहीं खेलने को सही ठहराते हुए कहा, मुझे लगता है कि जब आप आईपीएल में जाते हैं, तो वहां आपके पास बड़ी टीम होती है और कुछ बड़े खिलाड़ी होते हैं। वहां खिलाड़ियों की कमाई पर ज्यादा ध्यान रहता है ऐसे में कई बार खेल पीछे छूट जाता है। स्टेन ने इस साल जनवरी में कहा था कि वह आईपीएल 2021 का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन दुनिया की दूसरी लीगों में खेलना जारी रखेंगे। दक्षिण अफ्रीका के इस गेंदबाज ने आईपीएल के 95 मैचों में 97 विकेट लिए है जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आठ रन देकर तीन विकेट है। पिछले कुछ वर्षों में चोट से परेशानी के कारण वह बीते तीन सत्र में सिर्फ 12 मैच (आईपीएल) खेल सके है।

# दोहा में जीत के साथ सानिया की डब्ल्यूटीए सर्किट पर वापसी

एजेंसी। दोहा



**सानिया** मिर्जा ने डब्ल्यूटीए सर्किट में जीत के साथ वापसी की जब उन्होंने और स्लोवाकिया की उनकी जोड़ीदार आंद्रेजा क्लेपैक ने नादिया किचेनोक और ल्युडमाइला किचेनोक की युक्रेन की जोड़ी को हराकर यहां कतर टोटल ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। भारत और स्लोवेनिया की जोड़ी ने सोमवार रात डब्ल्यूटीए 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में नादिया और ल्युडमाइला की जोड़ी को 6-4, 6-7, 10-5 से हराया।

सानिया का 12 महीने में यह पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला था। वह पिछली बार फरवरी 2020 में दोहा ओपन में ही खेली थी जिसके बाद कोविड-19 महामारी के कारण दुनिया भर में टेनिस प्रतियोगिताएं ठप पड़ गईं थी। सानिया स्वयं भी इस साल जनवरी में कोरोना वायरस संक्रमण से उबरी हैं। सानिया मातृत्व अवकाश के बाद जब प्रतिस्पर्धी टेनिस में लौटी थी तो उन्होंने नादिया के साथ ही जोड़ी बनाई थी और पिछले साल जनवरी में होबार्ट ओपन का खिताब जीता था। सानिया और आंद्रेजा ने हालांकि पहले सेट के शुरू में ही अपनी सर्विस गंवाई जिससे यह जोड़ी 0-3 से पिछड़ गई। चौथे गेम में भी यह जोड़ी अपनी सर्विस गंवाने के कगार पर थी लेकिन स्कोर 1-3 करने में सफल रही। भारत और स्लोवेनिया की जोड़ी ने सातवें गेम में किचेनोक बहनों की सर्विस तोड़कर वापसी की और स्कोर 4-4 किया।

## आईपीएल आयोजन स्थलों में मोहाली शामिल हो : अमरिंदर

**चंडीगढ़।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी टूर्नामेंट के आयोजन स्थलों में मोहाली को जगह नहीं देने पर हैरानी जताते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से अपने फैसले पर पुनर्विचार की अपील की। मुख्यमंत्री ने साथ ही आश्वासन दिया कि कोविड-19 महामारी के बीच उनकी सरकार खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम करेगी। अमरिंदर ने ट्वीट किया, आईपीएल के आगामी सत्र के स्थलों में मोहाली क्रिकेट स्टेडियम को जगह नहीं मिलने से हैरान हूं। मैं बीसीसीआई और आईपीएल से अपील करता हूं कि अपने फैसले पर पुनर्विचार करें। ऐसा कोई कारण नहीं कि मोहाली आईपीएल की मेजबानी नहीं कर सकता और कोविड-19 के खिलाफ सुरक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम करेगी।

# आईपीएल की शुरुआत में दर्शकों से बचा जा सकता है : नेस वाडिया

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के शुरुआती मुकाबलों को दर्शकों के बिना खेले जाने की वकालत करते हुए पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से यह जानना चाहते हैं कि कोविड-19 के कम मामलों के बाद भी उनकी टीम के घरेलू मैदान मोहाली को टूर्नामेंट के संभावित स्थलों में क्यों नहीं चुना गया है? बीसीसीआई ने इसके लिए दिल्ली, अहमदाबाद, कोलकाता, बेंगलुरु और चेन्नई को संभावित स्थलों के रूप में चुना है। बोर्ड ने हालांकि इस मामले पर अंतिम फैसला नहीं किया है। इस सूची में मुंबई का नाम भी था, लेकिन वहां कोरोना वायरस के मामलों के बढ़ने के बाद इसके आयोजन की संभावना कम है।



वाडिया ने एजेंसी से कहा, हमने स्थल चयन के मानदंडों का पता लगाने के लिए बीसीसीआई को लिखा है। हम जानना चाहते है कि उन्होंने हमें क्यों नहीं चुना है। हम पंजाब में खेल होने की उम्मीद कर रहे थे। पंजाब में कोविड-19 से प्रभावितों की संख्या अपेक्षाकृत कम है और मंगलवार को वहां 635 नए मामले दर्ज किए गए। वहां सक्रिय मामलों की संख्या 4853 है। उन्होंने चंडीगढ़ में कोविड-19 के 69 नए मामले का हवाला देते हुए कहा, कुछ टीमों को घरेलू मैदान का फायदा नहीं मिलेगा, यह चिंता की बात है। चंडीगढ़ और मोहली में ज्यादा मामले नहीं है, मुझे नहीं पता उन्होंने किस आधार पर स्थलों का चयन किया है। आईपीएल के पिछले सत्र का आयोजन दुबई में दर्शकों की गैरमौजूदगी में हुआ था, लेकिन अब स्थिति में सुधार होने के बाद उम्मीद है कि आगामी सत्र में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच जारी मौजूदा श्रृंखला को भी दर्शकों की सीमित संख्या में खेला जा रहा है। वाडिया ने हालांकि कहा कि द्विपक्षीय श्रृंखला की तुलना में आईपीएल काफी बड़ा आयोजन है और कम से कम टूर्नामेंट की शुरुआत में सुरक्षा की दृष्टि से दर्शकों से बचा जा सकता है।

# अश्विन लगातार अपने अंदर नयापन ला रहा है : लक्ष्मण

एजेंसी। मुंबई



**भारत** के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि रविचंद्रन अश्विन काफी सोच-विचार करने वाले क्रिकेटर हैं जो लगातार अपने अंदर नयापन लाते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस अनुभवी आफ स्पिनर की सफलता में तैयारी की अहम भूमिका है। अश्विन अहमदाबाद में दिन-रात्रि टेस्ट के दौरान जोफ्रा आर्चर को आउट करके टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट के आंकड़े को छूने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बने। भारत ने यह टेस्ट दो दिन के भीतर 10 विकेट से जीता।

34 साल के अश्विन ने श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद सबसे कम मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। भारत के लिए 134 टेस्ट खेलने वाले लक्ष्मण ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट कनेक्टेड पर कहा, मुझे लगता है कि वह (अश्विन) काफी समझदार व्यक्ति है। जब आप शीर्ष स्पर पर खेल रहे होते हैं, तो सिर्फ आपका कौशल मायने नहीं रखता, आपकी तैयारी, योजना और इसे अमलीजामा पहनाना भी काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, वह पता करता है कि बल्लेबाज की कमजोरियां क्या हैं। वह उसे आउट करने की योजना बनाता है और मुझे लगता है कि यही कारण है कि वह अपने आप में नयापन ला रहा है। अपनी बात को साबित करने के लिए लक्ष्मण ने भारत के हाल के आस्ट्रेलिया दौरे पर अश्विन के खिलाफ स्टीव स्मिथ के परेशान होने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा, हमने हाल में आस्ट्रेलिया श्रृंखला में देखा कि उसने (अश्विन ने) स्टीव स्मिथ जैसे दिग्गज को भी कैसे परेशान किया और यह चीज अश्विन या किसी अन्य चैंपियन खिलाड़ी को विशेष बनाती है, यह कि वह सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता है और सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना चाहता है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी अश्विन की तारीफ करते हुए कि वह देश के सबसे बड़े मैच विजेता खिलाड़ियों में से एक हैं। चोपड़ा ने कहा, 400 टेस्ट विकेट के लिए 78 टेस्ट मैच। उसने अब तक शानदार कौशल दिखाया है और एक गेंदबाज के रूप में प्रगति कर रहा है, वह काफी विकेट हासिल कर रहा है। मुझे लगता है कि वह रॉकस्टार है। वह भारत के अब तक के सबसे बड़े मैच विजेता में शामिल है, बेशक अनिल कुंबले नंबर एक रहेंगे।

### लीच चौथे टेस्ट में अश्विन और अक्षर से स्पिन गेंदबाजी की बारीकियां सीखने के लिए उत्सुक

**लंदन।** गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय स्पिनरों रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल की गेंदबाजी से प्रभावित इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर जैक लीच ने कहा कि वह गुरुवार से अहमदाबाद में शुरू हो रहे चौथे और अंतिम मैच में इस भारतीय जोड़ी से स्पिन गेंदबाजी की बारीकियां सीखने के लिए उत्सुक हैं। भारतीय टीम ने दिन रात्रि टेस्ट मैच को दो दिनों के अंदर 10 विकेट से जीतकर चार मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त कायम की है। मोटेरा की स्पिनरों की मददगार पिच में अश्विन और अक्षर ने इंग्लैंड के 20 में से 18 विकेट झटके थे। लीच ने स्काई स्पोर्ट्स के कॉलम में लिखा, जब आप खिलाड़ियों को इतनी सफलता पाते हुए देखते हैं जैसे कि रविचंद्रन अश्विन, जिन्होंने टेस्ट में अभी-अभी 400 विकेट पूरे किए है और भारत में उन्हें काफी अनुभव है। अक्षर पटेल ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार शुरुआत की है ऐसे में आप निश्चित रूप से उनसे सीखने की कोशिश करते हैं। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने कहा, यह जरूरी है कि आप इसे भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखें और न ही ऐसा सोचे कि मैं उनकी तरह ही गेंदबाजी करना चाहता हूं। अश्विन दाएं हाथ के गेंदबाज हैं, ऐसे में मैं उनकी तरह गेंदबाजी नहीं करना चाहता हूं।


## पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले

# संदीप प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले गायब

एजेंसी। नई दिल्ली

**विश्व** चैंपियन और टोक्यो पैरालंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुके भाला फेंक के खिलाड़ी संदीप चौधरी कथित रूप से यहां ट्रेनिंग केंद्र पर प्रतियोगिता के इतर डोप परीक्षण से पहले लापता हो गए। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

टारगेट ओलंपिक पोडिया योजना (टॉप्स) में शामिल चौधरी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर से भागने से कोविड-19 महामारी को देखते हुए लागू नियमों को लेकर गंभीर चिंताएं खड़ी हो गई हैं। पीसीआई अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, जब हाल में विदेश से डोप परीक्षण करने वाले अधिकारियों की टीम संदीप द्वारा दी रहने के स्थान संबंधी जानकारी के आधार पर नमूने लेने पहुंची तो वह लापता हो गया। हो सकता है कि वह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम परिसर से भाग गया है जहां वह ट्रेनिंग कर रहा था। इंडोनेशिया में 2018 एशियाई पैरा खेलों में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले 24 साल के चौधरी से प्रतिक्रिया के लिए संपर्क नहीं हो पाया है। चौधरी उन तीन भारतीय पैरा एथलीटों में शामिल हैं जो अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) के पंजीकृत परीक्षण पूल का हिस्सा हैं।




# एक्सरसाइज से ब्रेक भी है फायदेमंद

**डायबिटीज,** हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, जैसी गंभीर बीमारियों के साथ-साथ वजन घटाने और सेहतमंद रहने के लिए चिकित्सा विशेषज्ञ नियमित व्यायाम करने की सलाह देते हैं। योग, मॉर्निंग वॉक, जिमिंग तथा प्राणायाम आदि व्यायाम के ही प्रकार हैं जिन्हें हम अपनी सुविधा के अनुसार करने का प्रयास करते हैं। नियमित व्यायाम से होने वाले सकारात्मक सोच, मजबूत, लचीला, और स्वस्थ शरीर जैसे लाभों से हम सभी भली-भांति परिचित हैं, लेकिन हाल ही में अमेरिकी फिटनेस फर्म 'एल आई टी मेथड' के द्वारा की गई रिसर्च के मुताबिक शरीर को सप्ताह में कम से कम एक दिन व्यायाम से ब्रेक अवश्य दिया जाना चाहिए। रिसर्च के अनुसार सप्ताह में एक दिन ब्रेक देकर हम व्यायाम से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। व्यायाम से एक दिन के ब्रेक की हमें इसलिए आवश्यकता होती है।

### सेल्स रिपेयर होते हैं

मुख्य शोधकर्ता टेलर नॉरिस के अनुसार व्यायाम करने के दौरान हमारे शरीर की हड्डियों और मांसपेशियों पर बहुत दबाब पड़ता है, जिससे उनके टूटने-फटने की संभावना बढ़ जाती है, लेकिन जब हम एक दिन का ब्रेक लेते हैं, तो उन्हें आराम तो मिलता ही है साथ ही शरीर उनकी मरम्मत के लिए वक्त भी निकाल पाता है। ब्रेक न मिल पाने की स्थिति में लगातार थकावट होने से हड्डियों और मांसपेशियों में क्षरण की शिकायत उत्पन्न हो सकती है।

### मांसपेशियां मजबूत होती हैं

नॉरिस के अनुसार बिना ब्रेक दिए व्यायाम करने से मांसपेशियों और हड्डियों में थकावट होती है, जिससे इंसान मांसपेशियों में खिंचाव और जोड़ों में दर्द की समस्या से जूझता है और कई बार ध्यान न देने पर यह समस्या काफी गंभीर रूप ले लेती है। वे कहते हैं एक या दो दिन के ब्रेक से मांसपेशियों को आराम मिलता है और वे पुन: मेहनत करने के लिए तैयार हो जातीं हैं।

### मस्तिष्क को आराम मिलता है

रिसर्च के अनुसार एक्सरसाइज करते समय शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कार्टिसोल का स्राव तीव्र हो जाता है, जिससे दिमाग को संदेश जाता है कि इस समय शरीर कठिन स्थिति से गुजर रहा है और दिमाग तुरंत ग्लूकोज को भावी इस्तेमाल के लिए सहेजना प्रारंभ कर देता है परिणामस्वरूप फैट और कार्बोहाइड्रेट के ऊर्जा में तब्दील होने की गति बहुत धीमी पड़ जाती है और दिमाग आराम की अवस्था में आ जाता है।

### नवीन ऊर्जा संचय कर पाता है

शोधकर्ताओं के अनुसार एक्सरसाइज से ब्रेक मांसपेशियों का घनत्व बढ़ाने में असरदार है। इससे शरीर नवीन ऊर्जा के साथ कसरत करने के लिए तैयार होता है उनके अनुसार ब्रेक के दिन अच्छी नींद लेने के साथ साथ मनपसंद फिल्म या कार्य करना चाहिए जिससे शरीर में फील गुड हार्मोन का स्राव तेजी से हो और शरीर तेजी से अपनी मरम्मत का कार्य कर सके।

### ऊबन दूर करने के लिए

लगातार एक जैसा कार्य करने से मन ऊब जाता है। एक दिन का ब्रेक आपको नया सोचने का समय देता है और अपनी इच्छानुसार व्यायाम को और अधिक रोचक बनाने का अवसर भी देता है जिससे आप अधिक मन लगाकर कार्य कर पाते हैं।

# आलस्य को भगाना है दूर तो जरूर करें ये योगासन

**योगा एक्सपर्ट बताते हैं कि यह आसन सुस्ती या आलस्य को दूर भगाने के लिए बेहद ही लाभकारी साबित होता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक आरामदायक मुद्रा में बैठें। अब अपनी आंखें बंद करो। अपने बाएं हाथ को अपने घुटने पर रखें।**



**आलस्य** के कारण अक्सर लोग अपना काम कल पर टाल देते हैं। खासतौर से, सुबह के समय जब बिस्तर छोड़ने का समय होता है, तो उस समय बहुत अधिक आलस्य आता है और मन करता है कि कुछ देर और सो लिया जाए। हो सकता है कि आपके साथ भी हर दिन कुछ ऐसा ही होता हो। ऐसे में आप कुछ बेहद आसान योगासनों का नियमित अभ्यास करके अपनी सुस्ती को दूर भगा सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इन योगासनों के बारे में।

### सूर्य भेदी प्राणायाम

योगा एक्सपर्ट बताते हैं कि यह आसन सुस्ती या आलस्य को दूर भगाने के लिए बेहद ही लाभकारी साबित होता है। इसके लिए आप सबसे पहले एक आरामदायक मुद्रा में बैठें। अब अपनी आंखें बंद करो। अपने बाएं हाथ को अपने घुटने पर रखें। वहीं दाहिने हाथ की दो अंगुलियों की मदद से दाहिने नथुने पर दबाव डालें। अब बाएं नथुने के माध्यम से श्वास लें, एक पल के लिए सांस को बनाए रखें, अपने दाहिने नथुने से अपना हाथ हटाएं, अपने बाएं नथुने को कवर करें और दाएं से श्वास छोड़ें। अब इसी प्रक्रिया को दोहराएं। बाएं नथुने के माध्यम से सांस लेना और दाईं ओर से सांस छोड़ना। ऐसा दो मिनट तक करें।

### वज्रासन

यह ध्यानात्मक आसन हैं। मन की चंचलता को दूर करता है। भोजन के बाद किया जानेवाला यह एक मात्र आसन हैं। इसकी मदद से न सिर्फ भोजन का पाचन सही तरह से होता है, बल्कि इससे सुस्ती भी दूर होती है। वज्रासन करने के लिए आप अपने दोनों पैरों को पीछे की तरफ मोड़ते हुए घुटनों के बल बैठ जाएं। कमर, पीठ और कंधे सीधे रखें। गर्दन को सीधा रखते हुए मुंह सामने की तरफ रखें। दोनों हाथों को घुटनों के ऊपर या ध्यान मुद्रा में गोद में रखें। आंखें बंद कर मन को शांत करने का प्रयास करें और गहरी सांसे लें।

### पश्चिमोत्तानासन

योगा एक्सपर्ट के साथ यह आसन न सिर्फ आपकी सुस्ती दूर करता है, बल्कि यह हाई ब्लड प्रेशर की समस्या में भी लाभकारी है। साथ ही इस आसन के अभ्यास से पीठ और पेट के निचले अंगों का व्यायाम हो जाता है। इस आसन का अभ्यास करने के लिए मैट पर बैठ जाएं और अपने पैरों को सामने की तरफ फैलाएं। अब अपनी बाहों को ऊपर की ओर उठाएं। इस समय आपकी पीठ एकदम सीधी होनी चाहिए। अब अपने निचले शरीर पर अपने ऊपरी शरीर को रखने के लिए सांस छोड़ते हुए कूल्हे को आगे की ओर झुकाएं। अपनी हाथ अंगुलियों से अपने बड़े पैर की अंगुलियों को पकड़ने की कोशिश करें। कुछ देर इसी अवस्था में रुकें। इसके बाद आप पुन: सामान्य स्थिति में लौट आएं।

# ऐसे रहेंगे खुश

**माना कि आज के समय में खुद के लिए समय निकालना, डिप्रेशन और तनाव से दूर रहना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन बिलकुल नहीं। इसलिए उदास होना और अकेले में सोचना छोड़ दीजिए।**



क्या आप चुपचुप रहने लगी हैं? लोग आप से शिकायत करने लगे हैं कि आप ज्यादा बात नहीं करतीं और खुद में ही खोई रहती हैं? आप का मन बेचैन रहता है और आप अकेलापन महसूस करती हैं? आप को लगता है कि अब आप खुश नहीं रह सकतीं? माना कि आज के समय में खुद के लिए समय निकालना, डिप्रेशन और तनाव से दूर रहना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन बिलकुल नहीं। इसलिए उदास होना और अकेले में सोचना छोड़ दीजिए। साइकोलोजिस्ट के इन टिप्स पर गौर करने से यकीनन आपको फायदा मिलेगा।

### खुद को स्वीकार करें

आप जो भी हैं, जैसी भी हैं बहुत अच्छी हैं। कोई भी अपने आप में पूर्ण नहीं होता। इसलिए खुद को हमेशा सर्वश्रेष्ठ समझने की कोशिश छोड़ दें।

### सुख और दुख जीवन के दो पहलू

कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है, जिसके जीवन में दुख नहीं आता। इसलिए खुद को दुनिया की सबसे दुखी महिला न समझें। सुख और दुख ही जीवन जीने के तरीकों को बताते हैं। जिसने सुख के समय में खुद पर नियंत्रण रखा और दुख के समय संयमित रहना समझिए खुश रहने की कुंजी उसी के पास है।

### खुशी आसपास ही है

आप जब भी परेशान या दुखी हों तो थोड़ा मुसकराएं। खुशी हमारे आसपास ही होती है। बस उसे स्वीकार करने की जरूरत है। जिस तरह दिन के बाद रात होती है और रात में अंधेरा होने की वजह से हम सो जाते हैं, ताकि अंधेरे की वजह से कोई काम गलत न हो, ठीक उसी तरह जब कभी आप परेशान या किसी मुसीबत में हों तो यह मान कर चलें कि अभी रात है। आपको किसी भी चीज को इधर-उधर नहीं करना है, बल्कि शांत रहना है, साथ ही यह यकीन रखना है कि जल्द ही सुबह होगी और आप फिर से अपनी नियमित दिनचर्या शुरू करेंगी। रात कभी हमेशा के लिए नहीं रहती, बल्कि वह तो सुबह का संदेश ले कर आती है।

### दूसरों की खुशी में खुश

खुद को खुश रखने की सबसे अच्छी दवा है दूसरों की खुशी में खुश होना। ऐसा करने से जल्द ही आपकी जिंदगी में भी खुशियां आ जाएंगी। अकसर महिलाएं छोटी-छोटी बातों को दिल से लगा लेती हैं और फिर घंटों सोचती रहती हैं, लेकिन जिस बात को लेकर किसी अपने के प्रति मन में कड़वाहट लेकर अंदर ही अंदर आप घुटती रहती हैं, उससे आप की हेल्थ पर तो असर पड़ता ही है, साथ ही आप का किसी काम में मन भी नहीं लगता। इसलिए चाहे कितनी ही छोटी या बड़ी घटना क्यों न हो, उसे ले कर दुखी होने के बजाय उससे सबक लेकर आगे बढ़ें और उस का दुख मनाना छोड़ कर जीवन की खुशियों को ऐंजॉय करें।

### दर्द की दवा है जरूरी

जब भी खुद को परेशान महसूस कर रही हों या बहुत दुखी हों तब यह मान कर चलें कि जब दर्द होता है तभी दवा ली जाती है। जब ऐसी स्थिति से गुजरें तो अपने किसी करीबी से दर्द की दवा लें यानी अपनी परेशानी साझा करें। कोई करीबी नहीं है तो इन बातों का पालन करें।

### बचपन में लौट जाएं

सच ही कहा गया है कि बचपन का जमाना सबसे सुहाना। घर में छोटा बच्चा हो तो कहने ही क्या। बच्चे के साथ उस की टैंशन फ्री दुनिया का हिस्सा बन जाएं। यकीन मानिए अपनी सारी परेशानियां भूल जाएंगी या फिर अपने बचपन को याद करें जब आप अकेली या बोर होती थीं तो क्या करती थीं। पेंटिंग बनाएं, कुकिंग करें या घर की साफ-सफाई में मन लगाएं। इस बहाने आपके कई अधूरे काम भी पूरे हो जाएंगे और अकेलापन भी महसूस नहीं होगा। इसके साथ-साथ अपनी मनपसंद किताब पढ़ें, कहीं घूमने जाएं।

### गुनगुनाएं

यदि आप के पास एफएम है तो उसे ऑन कर लें, क्योंकि इससे आप खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगी, बल्कि लगेगा साथ में कोई और भी है। एफएम नहीं है तो खुद कुछ गुनगुना लें। कई शोधों में भी म्यूजिक को बेस्ट हीलर माना गया है। ऐंग्जाइटी से राहत दिलाने में गीतसंगीत का कोई तोड़ नहीं।

### अकेली बिलकुल न रहें

किसी अपने से बात करें, लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि आप दुखी हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि सामने वाले को भी दुखी कर दें। उससे पॉजिटिव बात करने की कोशिश करें।

### नकारात्मक विचारों का सकारात्मक ट्रांसलेशन

अपने मन में आने वाले हर नकारात्मक विचार को सकारात्मक विचार में बदल कर बोलें। बिलकुल वैसे ही जैसे बचपन में हिंदी और इंगलिश में वाक्य परिवर्तन के प्रश्न करती थीं। सबसे जरूरी बात यह कि अपने दुखी होने का कारण ढूंढ़ें। यदि न ढूंढ़ पाएं तो किसी साइकोलॉजिस्ट से काउंसलिंग लें, क्योंकि कारण पता लगने पर समाधान आसपास ही होता है।

# फैटी लिवर के मरीजों को क्या खाना चाहिए और क्या नहीं

**ओट्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड और डाइटरी फाइबर मौजूद होता है। इसे अपने आहार में शामिल कर आप लिवर में जमे फैट को कम कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ऐसे लोग जो रोजाना ओटमील का सेवन करते हैं उनके शरीर से एक्स्ट्रा चर्बी कम होती है।**

**आधुनिक** खराब जीवनशैली से सबसे ज्यादा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। इससे कई लोग ब्लड प्रेशर, थायराइड, हृदय रोग, मधुमेह (डायबिटीज) और लिवर संबंधित बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। लिवर से जुड़ी समस्याओं में सबसे घातक बीमारी फैटी लिवर की मानी जाती है, जो समय के साथ-साथ लिवर में फैट बढ़ाती है। इससे ग्रस्त मरीजों में पेट फूलना, सांसो में बदबू, वजन का कम होना, अपच जैसी कई अन्य समस्या होने लगती है। आइए आपको फैटी लिवर की जानकारी देने के साथ रोगियों को अपनी डाइट में क्या शामिल करना चाहिए और क्या नहीं इन सबके बारे में विस्तार से बताते हैं।

### दो प्रकार के होते हैं फैटी लिवर

कुछ लोगों का ऐसा मानना है कि फैटी लिवर की समस्या सिर्फ शराब या मादक चीजों का सेवन करने से होती है। इसका इलाज घरेलू तौर पर करना संभव नहीं है। तो आपको बता दें कि फैटी लिवर दो प्रकार के होते हैं, पहला एल्कोहॉलिक फैटी लिवर है जो शराब के अधिक सेवन करने से होता है। दूसरा नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लिवर है, जो मोटापे और खाने की अनुचित आदतों वाले लोगों में देखा जाता है। चिकित्सकों के अनुसार फैटी लिवर की समस्या में लिवर में सूजन या सिकुड़न आ जाती है। ऐसे में खाने को पचाने में काफी मुश्किल होती है। उल्दी या घबराहट जैसी समस्या भी होने लगती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि अपने जीवनशैली में बदलाव और आहार में कुछ चीजों को शामिल कर फैटी लिवर की समस्या को दूर किया जा सकता है, साथ ही इससे लिवर भी मजबूत होता है।




**ओट्स :** ओट्स में ओमेगा 3 फैटी एसिड और डाइटरी फाइबर मौजूद होता है। इसे अपने आहार में शामिल कर आप लिवर में जमे फैट को कम कर सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि ऐसे लोग जो रोजाना ओटमील का सेवन करते हैं उनके शरीर से एक्स्ट्रा चर्बी कम होती है। ऐसे में नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की बीमारी होने से भी बचा जा सकता है।

**अखरोट :** अखरोट को अपने आहार में शामिल करके आप लिवरी संबंधित समस्या से बच सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट लिवर को सेहतमंद बनाएं रखने में मदद करता है। इसके अलावा लिवर की हिपेटिक ट्राइग्लिसराइड और सूजन को भी अखरोट के सेवन से कम किया जा सकता है। अगर आप रोजाना अपने नाश्ते में ओट्स के साथ अखरोट का सेवन करेंगे तो आपके लिवर के लिए ये काफी फायदेमंद रहेगा।

**ब्रोकली :** फैटी लिवर की समस्या में ब्रोकली का सेवन करना अच्छा माना जाता है। इससे लिवर मजबूत और सेहतमंद बना रहता है। ब्रोकली में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होता है। ऐसे में इसका सेवन करने से शरीर के टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकलते है। इसके अलावा शरीर में जमा फैट भी कम होता है। ब्रोकली का सेवन करने से ट्राइग्लिसराइड और हिपेटिक मैक्रोफेज को भी कम किया जा सकता है।

**ग्रीन-टी :** ग्रीन-टी का सेवन करने से भी फैटी लिवर की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इससे लिवर मजबूत और हिपेटिक इंफ्लेमेशन कम होता है। ग्रीन-टी में भी एंटीऑक्सीडेंट मौजूद है जो लिवर के फैट को कम करता है। रोजान कम से 3 बार ग्रीन टी का सेवन करना आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

**सब्जियां और फल :** फैटी लिवर के रोग से ग्रसित रोगियों के लिए फल और सब्जियों का सेवन करना काफी फायदेमंद माना जाता है। इन्हें अपने डाइट में भरपूर मात्रा में फल और सब्जियां शामिल करनी चाहिए। आपके लिए ज्यादा से ज्यादा फल और सब्जियों का सेवन करना अच्छा माना जाता है। इससे लिवर का फैट कम होने के साथ लिवर हेल्दी होता है।

### फैटी लिवर में न खाएं ये चीजें

**शराब :** फैटी लिवर के मरीजों को शराब का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके सेवन से लिवर का फैट कम होने की बजाए बढ़ जाता है। इसके अलावा आपको कई अन्य तरह की बीमारियां अपना शिकार बना सकती हैं।

**नमक :** फैटी लिवर के मरीजों के लिए नमक का सेवन करना भी हानिकारक साबित हो सकता है। दरअसल, नमक का ज्यादा सेवन करने वाले लोगों के शरीर में अतिरिक्त पानी जमा हो जाता है जो फैटी लिवर के मरीजों के लिए सही नहीं है। इसलिए आपको कम से कम नमक का सेवन करना चाहिए।

**शुगर :** फैटी लिवर के मरीजों को मीठी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। टॉफी, चॉकलेट, फ्रूट जूस, सोडा और कूकीज में चीनी की मात्रा ज्यादा होती है। इसलिए इन चीजों का सेवन करने से भी बचें।

**व्हाइट ब्रेड :** फैटी लिवर के मरीजों को व्हाइट ब्रेड का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे ब्लड में शुगर की मात्रा बढ़ने की संभावना रहती है। ऐसे में रोगियों के लिए समस्या बढ़ सकती है।

**रेड मीट :** अगर आप फैटी लिवर की समस्या से परेशान हैं तो आपको रेड मीट और बीफ का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें उच्च मात्रा में सैचुरेटेड फैट मौजूद होता है और ये फैटी लिवर के रोगियों के लिए समस्या बढ़ा सकता है।

**फ्राइड और जंक फूड :** फैटी लिवर के मरीजों को ऑयली, फ्राइड और जंक फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। क्योंकि इनमें अधिक फैट और कैलोरी मौजूद होता है, इससे लिवर में फैट बढ़ता है।